Email ID : pmcpd2020@gmail.com, pmcpd2003@gmail.com

सफलतम 276वाँ अंक

# अन्तर्राष्ट्रीय क्रॉनोलोजी

वर्ष : 23 अंक : 12 जुलाई, 2023

**भारतीय पुरुष कबड्डी टीम** ने 30 जून, 2023 को **एशियाई कबड्डी चैम्पियनशिप 2023** के फ़ाइनल में ईरान को 42-32 से हराकर अपना 8वाँ ख़िताब हासिल किया।



इस चैम्पियनशिप का आयोजन 27-30 जून, 2023 को रिपब्लिक ऑफ़ कोरिया के बुसान में 'डोंग-यूई इंस्टीट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी सेओकडांग सांस्कृतिक केन्द्र' में किया गया था।

इस टूर्नामेंट में 6 देशों (भारत, ईरान, दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपे और हांगकांग) ने भाग लिया। यह चैम्पियनशिप सिंगल-लेग राउंड-रॉबिन फ़ॉर्मेट में खेली गई। भारत ने लीग स्टेज के सभी 5 मैचों में जीत हासिल की और अंक तालिका में शीर्ष पर काबिज़ रहा।

भारतीय कबड्डी टीम के कप्तान **पवन सहरावत** और ईरान कबड्डी टीम के कप्तान **मोहम्मदरेज़ा शादलू चियानेह** थे।

यह भारतीय पुरुष कबड्डी टीम का 8वाँ एशियाई कबड्डी चैम्पियनशिप ख़िताब था, इससे पहले भारत ने 1980, 1988, 2000, 2001, 2002, 2005 और 2017 में यह खिताब जीता था। ईरान ने 2003 संस्करण जीता था।

पिछला संस्करण 2017 में ईरान के गोरगन में आयोजित किया गया था, जहाँ भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को 36-22 से हराकर चैम्पियनशिप जीती थी।

## आपके इस अंक में


| | |
|---|---|
| मासिक घटनाओं का सार संग्रह : स्मरणीय तथ्य | 5 |
| अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य | 6 |
| राष्ट्रीय परिदृश्य (वन-लाइनर सहित) | 12 |
| अन्तरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी | 18 |
| आर्थिक परिदृश्य (वन-लाइनर सहित) | 19 |
| प्रादेशिक परिदृश्य (वन-लाइनर सहित) | 22 |
| पुरस्कार एवं सम्मान (वन-लाइनर सहित) | 31 |
| खेल परिदृश्य (वन-लाइनर सहित) | 36 |
| अद्यतन सामान्य ज्ञान (वन-लाइनर सहित) | 41 |
| सम-सामयिक घटनाओं पर आधारित : नवीनतम वस्तुनिष्ठ प्रश्न | 50 |


राजस्थान में कौन, क्या है? के लिए **Scan** करें

भारत में कौन, क्या है? के लिए **Scan** करें


सम्पादक
**एल.सी. गुप्ता**

**सम्पादकीय कार्यालय**
पीएमसी पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स
गंगा मन्दिर, भरतपुर (राज.)
Mob. 8104919720

**इस अंक का मूल्य** : 20/-
**वार्षिक सदस्यता शुल्क** : 240/-
**सदस्यता शुल्क** : पत्रिका के सदस्यता शुल्क हेतु (केवल) इलेक्ट्रॉनिक मनीऑर्डर या इंस्टेंट मनीऑर्डर या पेटीएम द्वारा 'अन्तर्राष्ट्रीय क्रॉनोलोजी' (Antarrashtriya Chronology) के नाम **'पीएमसी पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, गंगा मन्दिर, भरतपुर (राज.) 321001'** के पते पर भेजें।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक एल. सी. गुप्ता के लिए विकास ऑफ़सेट, एफ-74, हीरावाला इण्डस्ट्रीज एरिया, कानोता, जयपुर से मुद्रित तथा पीएमसी पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, गंगा मन्दिर से प्रकाशित।
**सम्पादक : एल.सी. गुप्ता**


अन्तर्राष्ट्रीय क्रॉनोलोजी में प्रकाशित किसी भी सामग्री अथवा चित्र के लिए सम्पादक की सहमति होना आवश्यक नहीं है। इस पत्रिका में प्रकाशित सूचनाएँ, समाचार, ज्ञान एवं तथ्य पूरी तरह से सत्यापित किए गए हैं। यदि कोई जानकारी या तथ्य गलत प्रकाशित हो गया है तो प्रकाशक, सम्पादक या मुद्रक, उससे किसी व्यक्ति-विशेष को पहुँची क्षति के लिए जिम्मेदार नहीं है।

# स्व चिंतन ...

**"Dreams are not those you have while sleeping, but those that don't let you sleep."**

**Sri APJ Abdul Kalam**

"अर्थात् सपने वे नहीं होते जिन्हें आप नींद में देखते हैं, बल्कि सपने वे हैं जो आपको सोने नहीं देते।"

पढ़ने और सुनने में यह पंक्ति जितनी साधारण प्रतीत होती है, इसमें छिपा मन्तव्य उतना ही प्रभावकारी है। वस्तुतः हम सभी के अपने-अपने सपने हैं और हम उन्हें पूरा होते हुए देखना चाहते हैं, किन्तु हममें से कितने लोग ऐसे हैं जो अपने सपनों को पूरा कर पाते हैं? ऐसा इसलिए होता है क्योंकि हम सपनों की सुखानुभूति में जीने लगते हैं, उनको पूरा करने के प्रयास में स्वयं को झोंकते नहीं हैं।

भारतीय इतिहास में चोल साम्राज्य अपने स्थापत्य कला के चरम उत्कर्ष के लिए प्रसिद्ध है। इस काल में विजियाचल-चोलेश्वर मन्दिर, कोरंगनाथ मन्दिर, ऐरावतेश्वर मन्दिर, कम्पहरेश्वर मन्दिर और राजराजेश्वर मन्दिर जैसे अनेक इतिहास प्रसिद्ध मन्दिरों का निर्माण हुआ। चोल स्थापत्य के बारे में फर्ग्युसन ने लिखा है कि "चोल कलाकार अपनी रचनाओं के लिए दानवों के समान कल्पना करते थे और उनकी पूर्ति जौहरियों के समान करते थे।" आशय यह है कि व्यक्ति को बड़े सपने अवश्य देखने चाहिए और साथ ही पूरे सामर्थ्य व युक्तियों से उन्हें पूरा करने के लिए धैर्यपूर्वक प्रयास भी करने चाहिए।

सुखद कल्पना में न जिओ बल्कि सार्थक सपनों को बुनो, ऐसे सपने जो आपके जीवन को आगे बढ़ाएँ, वे सपने जो आपके भविष्य का निर्माण करें, वे सपने जो आपकी महत्वाकांक्षा के पर्याय हों, क्योंकि यदि सपने नहीं देखोगे तो न तो कुछ बन सकोगे, न ही किसी मंजिल पर पहुँच सकोगे केवल एक कटी पतंग की भाँति इधर-उधर यादृच्छ भटकते रहोगे। जब आप सपने देखोगे तो वे आपके विचारों में बदलाव लाएँगे और आपके विचार ही अंततः आपके एक्शन में रूपांतरित होते हैं। इस संदर्भ में किसी ने कहा है यदि आप सितारों को पाने का सपना देखते हो तो चाँद पर अवश्य पहुँच ही जाओगे और यदि पेड़ से फल पाने की इच्छा करोगे तो सम्भव है कि जमीन पर पड़े फल ही उठाने पड़ें। ऐसा इसलिए क्योंकि सपने देखने की पूरी प्रक्रिया हमारे मस्तिष्क को अत्यंत सक्रिय करती हैं और उसे झकझोरती हैं। इस सम्बन्ध में अंग्रेजी में एक कहावत है "You must dream big dreams for only big dreams have the power to move the minds of men." बड़ा हासिल करने के लिए बड़े सपने देखें - यह कोई साधारण वाक्य नहीं है। इसमें नियति बदलने की ताकत है, बशर्ते हम इसकी ताकत को पहचानें और इसे क्रियान्वित करने का साहस रखें। हर इंसान सपने देखने वाला होता है लेकिन जो लोग अपने सपनों का ईमानदारी से पालन करते हैं वे उन्हें हासिल भी करते हैं।

जब आप कुछ बड़ा सोचते हैं तो आपका स्वयं के प्रति सम्मान जागता है, आपके आत्मविश्वास और सकारात्मकता का स्वाभाविक संचार होने लगता है, आप परिस्थितियों को उसी परिपेक्ष्य में देखने लगते हैं और आप आने वाली समस्याओं का निदान भी सकारात्मक रूप से ढूँढ़ना शुरू कर देते हैं। ये सब वे गुण हैं जो व्यक्ति को सदैव ऊर्जावान बनाए रखते हैं, उसे अपने कर्मपथ से विमुख नहीं होने देते, और सपनों के पूरा होने तक व्यक्ति को जुझारू, परिश्रमी और कभी हार न मानने के लिए प्रेरित करते हैं।

यह सत्य है कि सौ में से केवल एक-प्रतिशत ही अपने सपनों को साकार करते हैं और महान चीजों को पूरा करने के लिए आवश्यक ऊँचाइयों तक पहुँचते हैं। अतः हमें न केवल बड़े सपने देखने चाहिए, बल्कि उन सपनों को हासिल करने के लिए कठिन परिश्रम भी करना चाहिए और स्मरण रखिए कि "रात में सपने देखने के लिए केवल सहज नींद की जरूरत होती है, जबकि सपनों को साकार करने के लिए बिना नींद के प्रयासों की जरूरत होती है।"

**"Dreams Big ! There are no limitations to how good you become or how high you can rise except the limits you put on yourself."**

**Brian Tracy**

## आगामी प्रतियोगी परीक्षाएँ (सम्भावित तिथियाँ)

### राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित आगामी परीक्षाओं का कलेंडर

- **9 सितम्बर, 2023** : सूचना सहायक सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **17 सितम्बर, 2023** : कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकर संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **24 सितम्बर, 2023** : संविदा महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (ANM) सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **24 सितम्बर, 2023** : संविदा नर्स (GNM) सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **14 अक्टूबर, 2023** : संगणक सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **14 अक्टूबर, 2023** : पर्यवेक्षक (महिला आँगनवाड़ी कार्यकर्ता) भर्ती परीक्षा-2023
- **21 अक्टूबर, 2023** : सुपरवाइजर (महिला अधिकारिता) भर्ती परीक्षा-2023
- **21 अक्टूबर, 2023** : कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **दिसम्बर 2023** : उपकारापाल सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **दिसम्बर 2023** : छात्रावास अधीक्षक ग्रेड-II सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **दिसम्बर 2023** : पर्यवेक्षक महिला सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **जनवरी 2024** : कनिष्ठ अभियंता संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **जनवरी 2024** : प्लाटून कमाण्डर सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **फरवरी 2024** : छात्रावास अधीक्षक ग्रेड-III सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **फरवरी 2024** : कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **फरवरी 2024** : पटवारी सीधी भर्ती परीक्षा-2023
- **फरवरी 2024** : जिलेदार (सिंचाई) सीधी भर्ती परीक्षा-2023

# मासिक घटनाओं का सार-संग्रह

- विश्व आर्थिक मंच द्वारा 28 जून, 2023 को जारी 'ऊर्जा संक्रमण सूचकांक' में भारत को 67वें स्थान पर रखा है। सूचकांक में शीर्षस्थ देश कौनसा है? **स्वीडन**
- नई दिल्ली के प्रगति मैदान में 1-2 जुलाई, 2023 को आयोजित होने वाले 17वें भारतीय सहकारिता कांग्रेस का विषय क्या है? **अमृतकाल : सशक्त भारत के लिए सहकारिता से खुशहाली**
- ऑस्ट्रेलिया के वह ऑफ स्पिनर जो 28 जून, 2023 को लगातार 100 टेस्ट मैच खेलने वाले विश्व के पहले गेंदबाज बन गए हैं? **नाथन लियोन**
- भारत के किस जहाज ने 29 जून, 2023 को सेशेल्स राष्ट्रीय दिवस समारोह में भाग लिया? **आईएनएस त्रिशूल**
- 2023 को 'अन्तर्राष्ट्रीय श्रीअन्न' वर्ष के रूप में मनाए जाने के संदर्भ में श्रीअन्न गान- 'एबंडांस इन मिलेट्स' (Abundance in Millets) का वीडियो भारतीय मूल की किस अमरिकी गायिका द्वारा तैयार किया गया है? **फाल्गुनी शाह**
- न्यूयॉर्क के कानेगी कॉर्पोरेशन द्वारा 28 जून, 2023 को जारी वर्ष 2023 की 'महान अप्रवासियों' की सूची में किसे नामित किया गया है? **अजय बंगा (अध्यक्ष, विश्व बैंक)**
- भारतीय मूल की किस उपग्रह उद्योग विशेषज्ञ को वियना में बाहरी अंतरिक्ष कार्यों के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय निदेशक के रूप में 27 जून, 2023 को नियुक्त किया गया है? **आरती होला-मैनी**
- विश्व संसाधन संस्थान द्वारा 27 जून, 2023 को जारी किए गए वार्षिक सर्वेक्षण के अनुसार विगत् वर्ष एक करोड़ दो लाख एकड़ क्षेत्र में प्राथमिक वर्षा वन काटे गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में कितने प्रतिशत अधिक हैं? **10 प्रतिशत**
- वुक्सी (चीन) में आयोजित (जून 2023) एशियाई तलवारबाजी चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली पहली भारतीय तलवारबाज कौन बनी हैं? **सी.ए. भवानी देवी**
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिस्र के किस सर्वोच्च सम्मान से 25 जून, 2023 को सम्मानित किया गया? **ऑर्डर ऑफ द नाइल**
- जून 2023 में जारी 'वैश्विक शांति सूचकांक 2023' में आइसलैण्ड शीर्ष स्थान पर रहा है। इस सूचकांक में भारत की रैंक क्या है? **126वीं**
- 21-24 जून, 2023 को अमेरिका यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को फेबर एण्ड फेबर लि. द्वारा प्रकाशित किस पुस्तक के प्रथम संस्करण की प्रति भेंट की थी? **द टेन प्रिंसिपल ऑफ उपनिषद्**
- डेनिस फ्रांसिस किस देश के वरिष्ठ राजनयिक हैं, जिन्हें संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र का अध्यक्ष 1 जून, 2023 को चुना गया है? **त्रिनिदाद और टोबैगो**
- आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के दूसरे संस्करण का खिताब ऑस्ट्रेलिया ने भारत को कितने रनों से हराकर जून 2023 में जीता? **209 रन**
- भारतीय वायु सेना द्वारा कौनसा अभ्यास यूबी हिल्स और सेंट्रल एयर कमांड एरिया ऑफ रिस्पॉन्सिबिलिटी में 16-23 जून, 2023 को आयोजित किया गया था? **रणविजय अभ्यास**
- 'अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति' ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस घेब्रेयेसस को किस पुरस्कार से 20 जून, 2023 को सम्मानित किया है? **ओलम्पिक ऑर्डर**
- सिपरी' द्वारा 12 जून, 2023 को जारी 'ईयरबुक 2023' के अनुसार वर्ष 2022 में परमाणु हथियारों की संख्या में सर्वाधिक वृद्धि किस देश ने की है? **चीन**
- सेन्ट्रल बैंकिंग अवॉर्ड्स-2023 में किसे 'गवर्नर ऑफ द ईयर अवॉर्ड' से 12 जून, 2023 को सम्मानित किया गया है? **शक्तिकांत दास (गवर्नर, आरबीआई)**
- 7 जून, 2023 को जारी 5वें राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक (एसएफएसआई) में बड़े राज्यों की श्रेणी में कौनसा राज्य शीर्ष स्थान पर रहा है? **केरल**
- किस भारतीय जोड़ी ने इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब 18 जून, 2023 को जीता है? **सात्विकसाईराज रैंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी**
- 'द ग्रैंड ऑर्डर ऑफ द चेन ऑफ द येलो स्टार' किस देश का सर्वोच्च सम्मान है, जिससे भारतीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को 5 जून, 2023 को सम्मानित किया गया? **सूरीनाम**
- आईएमएफ द्वारा जून 2023 में जारी 'लैंगिक अंतराल रिपोर्ट 2023' में शीर्ष स्थान किस देश को दिया गया है? **आइसलैण्ड**
- एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम लिमिटेड (एनवीवीएन) ने अपना पहला रूफटॉप सोलर पीवी प्रोजेक्ट 14 जून 2023 को कहाँ शुरू किया है? **आईआईटी जोधपुर**
- किस राज्य ने वर्ष 2022-23 के दौरान उच्चतम पवन क्षमता वृद्धि दर्ज की है? **राजस्थान**
- भारतीय सेना और मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल के किस संयुक्त सैन्य अभ्यास का 12वाँ संस्करण 11-24 जून, 2023 को चौबटिया, उत्तराखण्ड में सम्पन्न हुआ? **एक्स एकुवेरिन**
- नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् ने लुटियंस दिल्ली में औरंगजेब लेन का नाम बदलकर क्या रखे जाने का निर्णय लिया है? **डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम रोड**
- 28-29 जून, 2023 को मनाया गया 'हेमिस महोत्सव' किस क्षेत्र का एक प्रसिद्ध धार्मिक उत्सव है? **लद्दाख**
- 9वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून, 2023) की थीम क्या थी? **वसुधैव कुटुम्बकम्**



# अन्तर्राष्ट्रीय परिदृश्य


- ग्लोबल पीस इंडेक्स (2023) : 163 देशों में भारत का 126वाँ स्थान
- ग्लोबल पीस इंडेक्स (2023) : 163 देशों में भारत का 126वाँ स्थान
- ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट-2023
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका और मिस्र यात्रा
- खुले समुद्र में समुद्री जीवों की सुरक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र संधि पर सहमति
- परमाणु ऊर्जा संयन्त्र स्थापित करने के लिए पाकिस्तान का चीन के साथ समझौता
- यूनेस्को में फिर से शामिल होगा अमेरिका
- अमेरिका और ब्रिटेन ने अटलांटिक घोषणा को अपनाया
- सुरक्षा परिषद् के पाँच नए अस्थायी सदस्य निर्वाचित
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का सूरीनाम और सर्बिया का दौरा
- ग्लोबल लिवेबिलिटी इंडेक्स 2023


## ग्लोबल पीस इंडेक्स (2023) : 163 देशों में भारत का 126वाँ स्थान

- सिडनी स्थित इंस्टीट्यूट फॉर इकोनॉमिक्स एण्ड पीस (Institute for Economics and Peace) की वर्ष 2023 की ताजा **ग्लोबल पीस रैंकिंग में 163 देशों में 126वाँ स्थान भारत को** दिया गया है, जो पिछले वर्ष 2022 की रिपोर्ट की तुलना में 9 पायदान का सुधार दर्शाता है।
- सिडनी स्थित इस संस्थान की वर्ष 2023 की यह रिपोर्ट जून 2023 में जारी की गई।
- रिपोर्ट में भारत सहित कुल 163 देशों के लिए शान्ति सूचकांक आकलित किए गए हैं।
- ग्लोबल पीस इंडेक्स 2023 के अनुसार विश्व का सर्वाधिक शान्ति वाला देश आइसलैण्ड है, जिसके पश्चात् क्रमशः डेनमार्क, आयरलैण्ड, न्यूजीलैण्ड, ऑस्ट्रिया, सिंगापुर, पुर्तगाल, स्लोवेनिया, जापान और स्विट्जरलैण्ड का स्थान है।
- पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष की भी इस रिपोर्ट में सर्वाधिक अशान्ति वाला देश अफगानिस्तान को बताया गया है, जिसके एक पायदान ऊपर 162वाँ स्थान पर यमन तथा 161वें स्थान पर सीरिया है। पिछले वर्ष 2022 की रिपोर्ट में भी सबसे निचली रैंक इन्हीं तीनों देशों की थी।

### भारत एवं उसके पड़ोसी देश

- भारत का इस वर्ष की रिपोर्ट में 163 देशों की सूची में जहाँ 126वाँ स्थान है, उसके पड़ोसी देशों में पाकिस्तान 146वें स्थान पर है, जबकि अफगानिस्तान का सबसे निचला 163वाँ स्थान है।
- भूटान का 17वें उच्च स्थान पर है। अन्य पड़ोसी देशों में नेपाल 79वें स्थान पर, बांग्लादेश 88वें स्थान पर, श्रीलंका 107वें स्थान पर, चीन 80वें स्थान पर, म्यांमार 145वें स्थान पर हैं।
  - ✓ *इनमें म्यांमार, पाकिस्तान और अफगानिस्तान को छोड़कर शेष सभी भारत से बेहतर स्थिति में हैं।*

## ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट-2023

- ✶ **रिपोर्ट का शीर्षक-** लैंगिक अंतराल रिपोर्ट, 2023 (Global Gender Gap Report 2023)
- ✶ **जारी करने वाली संस्था-** विश्व आर्थिक मंच (World Economic Forum-WEF)
- ✶ **शीर्षस्थ राष्ट्र-** आइसलैण्ड
- ✶ **जारी करने की तिथि-** जून, 2023

- लैंगिक अंतराल रिपोर्ट का यह 17वाँ संस्करण है जिसमें 146 देशों में लैंगिक समानता की स्थिति का मूल्यांकन किया गया है।
- यह निम्न चार प्रमुख आयामों में लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति पर देशों का मूल्यांकन करता है-
  - ✓ *आर्थिक भागीदारी और अवसर, शिक्षा का अवसर, स्वास्थ्य एवं उत्तरजीविता और राजनीतिक सशक्तीकरण।*
- इस संस्करण में शामिल सभी 146 देशों के लिए 2023 में वैश्विक लिंग अंतर स्कोर 68.4% रहा, जो वर्ष 2022 में 68.1% था। अर्थात् इसमें पिछले वर्ष की तुलना में 0.3% का मामूली सुधार हुआ है।
- 91.2% के लैंगिक अंतर/जेंडर गैप स्कोर के साथ आइसलैण्ड ने लगातार 14वें वर्ष सबसे अधिक लैंगिक समता वाले देश के रूप में अपनी स्थिति बरकरार रखी है।

**वैश्विक रैंक : शीर्षस्थ 5 राष्ट्र**

| रैंक | राष्ट्र | स्कोर | रैंक परिवर्तन 2022 से |
|---|---|---|---|
| 1 | आइसलैण्ड | 0.912 | – |
| 2 | नॉर्वे | 0.879 | +1 |
| 3 | फिनलैण्ड | 0.863 | –1 |
| 4 | न्यूजीलैण्ड | 0.856 | – |
| 5 | स्वीडन | 0.815 | – |

### वैश्विक रैंक में निम्नस्थ 5 राष्ट्र (रैंक व स्कोर सहित)

- अफगानिस्तान (रैंक : 146, स्कोर : 0.405), चाड (रैंक : 145, स्कोर : 0.570), अल्जीरिया (रैंक : 144, स्कोर : 0.573), ईरान (रैंक : 143, स्कोर : 0.575) तथा पाकिस्तान (रैंक : 142, स्कोर : 0.575)।

Mother's Education Hub®

Your Success Chance is maximum if you are @ **Mother's**

0141- 2711689

www.motherseudcationhub.org

अब चौंमू में भी

## क्या आप 2023-24 में सरकारी नौकरी पाना चाहते हैं ?
## तो सलेक्शन के लिए अभी से करें दमदार तैयारी

# SSC

(Pre+Mains)

**FOUNDATION BATCH**

• नियमित कक्षायें • नियमित टेस्ट सीरिज

**Courses Covered : SSC CGL (P+M), CPO(P-I & P-II), CHSL (P+M), Stenographer, MTS, SSC GD, Delhi Police, CDS, Railway & Others State Exams**

Combined Graduate Level Examination, 2023
- Advt Date : 01/Apr/2023 (Saturday)
- Exam Date : Jun-Jul, 2023

Tentative

CHSL (10+2) Level Examination, 2023
- Advt Date : 09/May/2023 (Tuesday)
- Exam Date : Jul-Aug, 2023

Best Faculty • Books & Print Notes • Quiz & Offline/Online Test • Problem Solving Section

**BANK** PO/CLERK
SBI I IBPS I RRB
PRE + MAINS

**RAILWAY**
FOUNDATION BATCH
New Batch Starts from

SSC GD/दिल्ली पुलिस
कांस्टेबल

**DEFENCE**
FOUNDATION BATCH STARTS
EVERY MONDAY
More Information 7300051116

NDA | CDS
NAVY | AIRFORCE (X & Y GROUP)
+ SSB INTERVIEW
Mock Interview + Psychological + GD

राजस्थान की सर्वश्रेष्ठ टीम के साथ अब

T&C Apply

Mother's Education Hub®

Head Office : 201, Himmat Nagar, Gopalpura Mode, Tonk Road, Jaipur
0141-2711689 | 7073909991 | www.motherseducationhub.org

Lalkothi: 9414748428 | Jhotwara : 7073909992 | Ambabari: 7073909996
Chomu : 9116151416 | Alwar (I) : 7073909994, Alwar (II) : 7300051114

## वैश्विक रैंक में भारत की स्थिति

- लैंगिक अंतराल रिपोर्ट के इस 17वें संस्करण में भारत 0.643 के स्कोर के साथ 127वें स्थान पर पहुँच गया है।
- वर्ष 2022 के इस सूचकांक में भारत की रैंक 135वीं थी। इस प्रकार भारत की रैंक में इस बार 8 स्थान का तथा स्कोर में +0.014 का सुधार हुआ है।

**विभिन्न सूचकों में भारत की स्थिति**

| सूचक | रैंक | स्कोर |
|---|---|---|
| आर्थिक भागीदारी और अवसर | 142 | 0.367 |
| शिक्षा का अवसर | 26 | 1.000 |
| स्वास्थ्य एवं उत्तरजीविता | 142 | 0.950 |
| राजनीतिक सशक्तीकरण | 59 | 0.253 |

**वैश्विक रैंक में भारत के पड़ोसी देशों की स्थिति**

| रैंक | राष्ट्र | स्कोर | रैंक | राष्ट्र | स्कोर |
|---|---|---|---|---|---|
| 103 | भूटान | 0.682 | 116 | नेपाल | 0.659 |
| 107 | चीन | 0.678 | 123 | म्यांमार | 0.650 |
| 115 | श्रीलंका | 0.663 | 142 | पाकिस्तान | 0.575 |

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका और मिस्र यात्रा

- भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21-25 जून, 2023 को पाँच दिवसीय विदेश प्रवास पर रहे, जिसमें उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका और मिस्र का दौरा किया।
- प्रधानमंत्री मोदी की संयुक्त राज्य **अमेरिका की यह पहली राजकीय यात्रा** (21-24 जून) थी, यद्यपि इससे पहले वह लगभग छह बार अमेरिका का द्विपक्षीय और आधिकारिक दौरा कर चुके हैं।
- प्रधानमंत्री मोदी की इस राजकीय यात्रा के दौरान राष्ट्रपति जो बाइडन ने वाशिंगटन डीसी स्थित व्हाइट हाउस में उनका 'रेड-कार्पेट' पर भव्य स्वागत किया।

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का  नेतृत्व

- प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका की यात्रा न्यूयॉर्क से शुरू हुई, जहाँ उन्होंने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) के समारोह का नेतृत्व किया।

## शिखर सम्मेलन

- दोनों देशों के नेताओं (राष्ट्रपति जो बाइडेन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी) ने 22 जून, 2023 को **ऐतिहासिक शिखर सम्मेलन** में भाग लिया।
- इस वार्ता के में दोनों नेताओं के बीच रक्षा, अंतरिक्ष, स्वच्छ ऊर्जा, जलवायु पहल पर सहयोग जैसे क्षेत्रों में बढ़ते भारत-अमेरिका रणनीतिक सम्बन्धों को और मजबूती देने समेत कई अन्य मुद्दों पर द्विपक्षीय बातचीत भी हुई।

## अमेरिकी कांग्रेस में अभिभाषण

- शिखर वार्ता बाद प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को सम्बोधित किया, जिसमें उन्होंने वसुधैव कुटुम्बकम, 'वन सन, वन वर्ल्ड, वन ग्रिड'और कट्टरपंथ व आतंकवाद सहित कई मुद्दों को रेखांकित किया।
  - ✓ *नरेन्द्र मोदी अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को दो बार सम्बोधित करने वाले पहले भारतीय नेता हैं।*
  - ✓ *उन्होंने इससे पहले सितम्बर 2016 में संयुक्त राज्य अमेरिका की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान अमेरिकी कांग्रेस को सम्बोाधित किया था।*
- बाइडेन द्वारा उनके सम्मान में व्हाइट हाउस में एक राजकीय रात्रिभोज का आयोजन भी किया गया।

## समझौते/निर्णय

- इस यात्रा के दौरान रक्षा, अंतरिक्ष और व्यापार जैसे प्रमुख क्षेत्रों में भारत और अमेरिका के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए भारत में सेमीकंडक्टर प्लांट, रेलवे, तकनीक, ड्रोन, जेट इंजन और स्पेस सेक्टर में करार जैसे कई समझौते किए गए, इनमें से कुछ प्रमुख निम्नवत हैं-
  - ✓ *अमेरिकी सेमीकंडक्टर कम्पनी माइक्रॉन (Micron) गुजरात में अपना प्लांट लगाएगी।*
  - ✓ *भारतीय रेलवे ने यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट/इंडिया (यूएसएआईडी/इंडिया) के साथ एमओयू किया है।*
  - ✓ *आर्टेमिस एकॉर्ड्स समझौते के तहत् नासा और इसरो 2024 में अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए एक संयुक्त मिशन पर सहमत हुए हैं।*
  - ✓ *दोनों देश मिलकर* '**यूएस-इंडिया डिफेंस एक्सीलेरेशन इकोसिस्टम '(INDUS-X)** *शुरू करने पर सहमत हुए हैं। इस नेटवर्क में दोनों देशों की यूनिवर्सिटी, स्टार्टइंडस्ट्री और थिंक टैंक्स शामिल होंगे।*
  - ✓ *'इनिशिएटिव ऑन क्रिटिकल एण्ड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी' (iCET) की शुरुआत की गई है।*
  - ✓ *प्रीडेटर ड्रोन (एमक्यू-9 रीपर) खरीद पर समझौता।*
- अमेरिका ने भारत से चोरी हुई 100 से अधिक मूर्तियों को लौटाने का निर्णय भी किया है।
- अमेरिका भारत में बेंगलुरू और अहमदाबाद में दो नए वाणिज्य दूतावास खोलेगा, इसके अलावा भारतीयों के बीच सम्बन्धों को बढ़ावा देने के लिए सिएटल में एक मिशन स्थापित किया जाएगा।

## कार्यक्रम, जिनमें प्रधानमंत्री मोदी ने भाग लिया

- वाशिंगटन डीसी में 'इंडिया-यूएसए : स्किलिंग फोर द फ्यूचर' (India-USA : Skilling for the Future) विषय पर आयोजित कार्यक्रम।

- 'भारत और यूएसए: भविष्य के लिए कौशल विकास' विषय पर केन्द्रित एक कार्यक्रम।
- भारत-अमेरिका हाई-टेक हैंडशेक कार्यक्रम। इसका विषयगत् फोकस 'सभी के लिए एआई' और 'मानव जाति के लिए विनिर्माण' था।
- इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 23 जून, 2023 को वाशिंगटन डी.सी. के रोनाल्ड रीगन सेंटर में भारतीय समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत भी की।
- उपर्युक्त कार्यक्रमों में भाग लेने के साथ ही प्रधानमंत्री ने बोइंग के अध्यक्ष और सीईओ डेविड एल कैलहॉन, अमेजन के अध्यक्ष और सीईओ एंड्रयू आर. जेस्सी, अल्फाबेट इंक और गूगल के सीईओ श्री सुंदर पिचाई जैसे अनेक प्रमुख व्यक्तियों से भी मुलाकात की।

## प्रधानमंत्री मोदी की मिस्र की यात्रा

- अमेरिका की अपनी राजकीय यात्रा के पश्चात् प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24-25 जून, 2023 को मिस्र की आधिकारिक यात्रा पर रहे। वह यहाँ मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी के निमंत्रण पर गए थे।
  - ✓ *प्रधानमंत्री मोदी की उत्तरी अफ्रीकी राष्ट्र मिस्र की यह पहली राजकीय यात्रा थी।*
- **भारत इकाई के साथ बैठक**: राजकीय यात्रा पर काहिरा पहुँचने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी ने 24 जून, 2023 को मिस्र के मंत्रिमंडल की '**भारत इकाई**' के साथ एक बैठक की।
  - ✓ *इस 'भारत इकाई' की स्थापना इस वर्ष की शुरुआत में मिस्र के राष्ट्रपति महामहिम अब्देल फतह अल-सिसी की गणतंत्र दिवस 2023 के मुख्य अतिथि के रूप में भारत की राजकीय यात्रा के बाद की गई थी।*
  - ✓ *इस 'भारत इकाई' की अध्यक्षता मिस्र के प्रधानमंत्री महामहिम मुस्तफा मैडबौली करते हैं तथा इसमें कई मंत्री एवं वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।*
- **द्विपक्षीय वार्ता**- दोनों राष्ट्राध्यक्षों के मध्य मिस्र के अल-इत्तिहादिया पैलेस में द्विपक्षीय वार्ता आयोजित की गई।
  - ✓ *इस वार्ता के दौरान भारत और मिस्र के बीच विशेष रूप से व्यापार और निवेश, सूचना प्रौद्योगिकी, रक्षा और सुरक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, संस्कृति और लोगों के बीच पारस्परिक सम्बन्धों जैसे क्षेत्रों में साझेदारी को और प्रगाढ़ बनाने के तरीकों के बारे में चर्चा की*
- **सम्मान**- इस यात्रा प्रवास पर मिस्र के राष्ट्रपति महामहिम अब्देल फतह अल-सिसी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 25 जून, 2023 को मिस्र के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार '**ऑर्डर ऑफ द नाइल**' (**Order of the Nile**) से सम्मानित किया।
- **द्विपक्षीय समझौते**- दोनों नेताओं द्वारा द्विपक्षीय सम्बन्धों को 'रणनीतिक साझेदारी' तक बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इसके साथ ही कृषि, पुरातत्व एवं पुरावशेष और प्रतिस्पर्धा कानून के क्षेत्र में तीन समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किए गए।

**सम्बन्धित महत्वपूर्ण तथ्य**

- मिस्र के यात्रा प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री वहाँ की ऐतिहासिक अल-हकीम मस्जिद (Al-Hakim Mosque) भी गए।
  - ✓ *काहिरा स्थित इस ऐतिहासिक मस्जिद का नाम 16वें फातिमिद खलीफा अल-हकीम द्वि-अम्र अल्लाह (985-1021 ई.) के नाम पर रखा गया है।*
  - ✓ *अल-हकीम बी-अम्र अल्लाह की मस्जिद काहिरा में दाऊदी बोहरा समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक स्थल है।*
- उन्होंने काहिरा में **हेलियोपोलिस कॉमनवेल्थ वॉर ग्रेव सेमेटरी** का दौरा कर वहाँ प्रथम विश्व युद्ध के दौरान मिस्र और अदन में अपनी जान न्यौछावर करने वाले 4300 से अधिक बहादुर भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।
- भारत मिस्र के सामाजिक न्याय मंत्रालय के अधीन दार-अल-इफ्ता में आईटी से सम्बन्धित एक उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित करेगा।

# खुले समुद्र में समुद्री जीवों की सुरक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र संधि पर सहमति

- संयुक्त राष्ट्र के सदस्यों ने खुले समुद्र में समुद्री जीवन की रक्षा के लिए पहली संधि (first-ever treaty to protect marine life in the high seas) को अपनाया है।
- संयुक्त राष्ट्र के 193 सदस्य देशों ने बिना किसी आपत्ति के इसके लिए 19 जून, 2023 को मंजूरी प्रदान की।
- खुले समुद्र में जैव-विविधता की रक्षा के लिए 20 वर्षों से अधिक समय से इस संधि के लिए बातचीत चल रही थी।
- नई संधि 20 सितम्बर, 2023 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में विश्व नेताओं की वार्षिक बैठक के दौरान हस्ताक्षर के लिए प्रस्तुत की जाएगी।
  - ✓ *60 देशों द्वारा इसकी पुष्टि करने के बाद यह नई संधि प्रभाव में आ जाएगी।*
- इस संधि के तहत् वर्ष 2030 तक विश्व के 30 प्रतिशत महासागरों को संरक्षित किया जाएगा।
- संधि के तहत् समुद्री जीवन के संरक्षण के प्रबंधन और उच्च समुद्रों में समुद्री संरक्षित क्षेत्रों के निर्माण के लिए जिम्मेदार एक नए शासी निकाय की स्थापना की जाएगी।
  - ✓ *इसके अतिरिक्त, संधि समुद्री क्षेत्रों में आयोजित वाणिज्यिक गतिविधियों के लिए पर्यावरणीय प्रभाव आकलन करने के लिए दिशा-निर्देश निर्धारित करेगी।*

**न्यूज फैक्ट**

- ➢ राष्ट्रीय सीमाओं के बाहर के समुद्र को खुला समुद्र कहा जाता है। सामान्यतया यह क्षेत्र देश के तट से 200 नॉटिकल मील तक होता है। खुला समुद्र पृथ्वी का लगभग आधा हिस्सा है।
- ➢ आईयूसीएन द्वारा जारी रेड लिस्ट के अनुसार 5,652 समुद्री प्रजातियों के अस्तित्व पर गहरा संकट मंडरा रहा है।

## परमाणु ऊर्जा संयन्त्र स्थापित करने के लिए पाकिस्तान का चीन के साथ समझौता

- चीन ने आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान के साथ 1,200 मेगावॉट का परमाणु ऊर्जा संयन्त्र स्थापित करने के लिए 4.8 अरब डॉलर का समझौता 20 जून, 2023 को किया है।
- **परमाणु संयन्त्र का नाम व अवस्थिति** : इस परमाणु संयन्त्र का नाम '**चश्मा 5**'(सी-5) होगा और इसे **पंजाब प्रांत के मियांवाली जिले** में बनाया जाएगा।

**सम्बन्धित महत्वपूर्ण तथ्य**

- चीन इसके पहले भी पाकिस्तान के लिए 4 परमाणु बिजली घर बना चुका है। चीन परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह (एनएसजी) का सदस्य देश है और बिना उसकी मंजूरी के ही पाकिस्तान के साथ 5वाँ परमाणु बिजली प्लांट बनवा रहा है।
- पाकिस्तान परमाणु ऊर्जा आयोग के मुताबिक चश्मा में पूर्व में स्थापित चार परमाणु संयन्त्रों की बिजली उत्पादन क्षमता 1330 मेगावाट है।
- पाकिस्तान में दो अन्य परमाणु ऊर्जा संयन्त्र भी चालू हैं। कराची परमाणु ऊर्जा संयन्त्र (KANUPP 2 और 3) की क्षमता 2,290 मेगावॉट है।

**न्यूज फैक्ट**

- ➢ पाकिस्तान के पास फिलहाल 6 ऑपरेशनल परमाणु ऊर्जा परि-योजनाएँ हैं। इनमें से दो के-2 और के-3 कराची के पास मौजूद हैं। इनके विकास में पाकिस्तान को फ्रांस का सहयोग मिला था।
- ➢ शेष चार सी-1, सी-2, सी-3 और सी-4 पंजाब के मियांवाली जिले के चश्मा नामक क्षेत्र में स्थित हैं। ये सभी चीन के सहयोग से ही बने हैं। इस तरह सी-5 पाकिस्तान का सातवाँ परमाणु ऊर्जा प्रोजेक्ट है।

## यूनेस्को में फिर से शामिल होगा अमेरिका

- अमेरिका 'संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन' (यूनेस्को) में एक बार फिर शामिल होने की तैयारी कर रहा है।
- इस आशय की घोषणा यूनेस्को (United Nations Educational, Scientific and Cultural Organization -UNESCO) द्वारा 12 जून, 2023 को की गई।

**पृष्ठभूमि**

- संयुक्त राज्य अमेरिका ने, फिलस्तीन को यूनेस्को की सदस्यता दिए जाने के बाद, वर्ष 2011 में राष्ट्रपति बराक ओबामा द्वारा यूनेस्को के लिए अपना वित्तीय योगदान बन्द कर दिया गया था। उस समय यूनेस्को के कुल बजट का लगभग 22 प्रतिशत हिस्सा अमेरिका से मिलता था।
- इसके बाद यूनेस्को पर इजराइल विरोधी रवैया अपनाने और प्रबंध समस्याओं के आरोप लगाते हुए ट्रम्प प्रशासन ने वर्ष 2017 में स्वयं को इस संस्था से पूरी तरह से अलग कर लिया था।
- यूनेस्को का एक संस्थापक सदस्य अमेरिका पहले भी वर्ष 1984 (राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के कार्यकाल) में यूनेस्को से बाहर निकल गया था तथा वर्ष 2003 में पुनः यूनेस्को में शामिल हुआ था।

## अमेरिका और ब्रिटेन ने अटलांटिक घोषणा को अपनाया

- 8 जून को, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूनाइटेड किंग्डम ने गंभीर वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए एक नया रणनीतिक समझौता किया।
- 'अटलांटिक घोषणा' (Atlantic Declaration) के नाम से जाना जाने वाला यह समझौता अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक द्वारा व्हाइट हाउस शिखर सम्मेलन के दौरान 8 जून, 2023 को अपनाया गया।

**समझौते के बारे में**

- यह समझौता महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों में नेतृत्व (कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कंप्यूटिंग, जैव प्रौद्योगिकी आदि), आर्थिक सुरक्षा और प्रौद्योगिकी संरक्षण पर सहयोग (यथा साइबर सुरक्षा), समावेशी और जिम्मेदार डिजिटल परिवर्तन पर साझेदारी, भविष्य की स्वच्छ ऊर्जा अर्थव्यवस्था का निर्माण तथा रक्षा, स्वास्थ्य सुरक्षा और अंतरिक्ष में गठबंधन को मजबूत करने पर आधारित है।
- इस समझौते का उद्देश्य चीन के बढ़ते प्रभाव, रूस की आक्रामक कार्रवाइयों और दोनों देशों के लिए खतरा पैदा करने वाली आर्थिक अस्थिरता से निपटना है।
- अटलांटिक घोषणा में अमेरिका और यूनाइटेड किंग्डम के बीच एक नागरिक परमाणु साझेदारी का शुभारम्भ शामिल है। इसका प्राथमिक उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा सहयोग को बढ़ावा देना और रूसी ईंधन स्रोतों पर निर्भरता को कम करना है।
- यह घोषणा वर्ष 2023 के अंत में ब्रिटेन में विश्व का पहला एआई शिखर सम्मेलन आयोजित करने की ऋषि सुनक की योजना का समर्थन करती है।

**न्यूज फैक्ट**

- ➢ अटलांटिक घोषणा-पत्र 1941 के अटलांटिक चार्टर का स्मरण दिलाता है, जब तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति फैंकलिन डी. रुजवेल्ट और तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अपने लक्ष्यों के लिए एक रूपरेखा तय की थी।

## सुरक्षा परिषद् के पाँच नए अस्थायी सदस्य निर्वाचित

- संयुक्त राष्ट्र के 6 प्रमुख अंगों में से एक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में दो वर्षीय कार्यकाल के लिए पाँच नए अस्थायी सदस्यों का चुनाव 6 जून, 2023 को किया गया।

- **नवनिर्वाचित अस्थायी सदस्य** : अल्जीरिया, गुयाना, कोरिया गणराज्य, सिएरा लियोन और स्लोवेनिया।
- **पदस्थापित सदस्य** : नवनिर्वाचित सदस्य वर्तमान में अल्बानिया, ब्राजील, गैबॉन, घाना और संयुक्त अरब अमीरात का स्थान लेंगे। इन देशों का दो वर्ष का कार्यकाल 31 दिसम्बर, 2023 को समाप्त होगा।
- **कार्यकाल** : नवनिर्वाचित सदस्य 1 जनवरी, 2024 को अपना कार्यभार सँभालेंगे और 31 दिसम्बर, 2025 तक अपनी सेवा देंगे।

### सम्बन्धित महत्वपूर्ण तथ्य

- सभी 5 नवनिर्वाचित सदस्य पहले सुरक्षा परिषद् में अस्थायी सदस्य रह चुके हैं।
- अल्जीरिया अब से पहले तीन बार, गुयाना और कोरिया गणराज्य दो बार, सिएरा लियोन और स्लोवेनिया एक बार सुरक्षा परिषद में अस्थायी सदस्य रह चुके हैं।
- **यूएनएससी के अन्य पाँच अस्थायी सदस्य** : इक्वाडोर, जापान, माल्टा, मोजाम्बिक और स्विट्जरलैण्ड।
- **यूएनएससी के 5 स्थायी सदस्य** : चीन, फ्रांस, रूस, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका।

**क्या आप जानते हैं?**

- संयुक्त राष्ट्र संघ के निर्माण के समय, सुरक्षा परिषद् में 11 सदस्य शामिल थे- 5 स्थायी और 6 निर्वाचित।
- निर्वाचित सदस्यों के लिए 4 नई सीटें जोड़ने के लिए वर्ष 1963 में संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद-23 में संशोधन किया गया था। यह सुधार 1965 में लागू हुआ।
- भारत अब तक वर्ष 1950-1951, 1967-1968, 1972-1973, 1977-1978, 1984-1985, 1991-1992, 2011-2012, 2021-2022 में यूएनएससी का सदस्य रह चुका है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का सूरीनाम और सर्बिया का दौरा

- भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 4-9 जून, 2023 को दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र सूरीनाम और दक्षिण-पूर्वी यूरोपीय देश सर्बिया की यात्रा पर रहीं।
  - ✓ *राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की जुलाई 2022 में पद ग्रहण करने के बाद यह पहली विदेश यात्रा थी।*
- वह सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी के निमंत्रण पर 4-6 जून, 2023 को इस देश की राजकीय यात्रा पर रहीं।
- सूरीनाम प्रवास के दौरान वह सूरीनाम में भारतीय लोगों के आगमन के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पारामारिबो में 5 जून, 2023 को आयोजित सांस्कृतिक समारोह में शामिल हुईं।
  - ✓ *5 जून, 1873 को भारतीय लोगों का पहला समूह लल्ला रूख नाम के जहाज पर सवार होकर सूरीनाम के तट पर पहुँचा था।*
  - ✓ *राष्ट्रपति मुर्मू ने 'बाबा' और 'माई' स्मारक पर श्रद्धांजलि भी अर्पित की, जो सूरीनाम में कदम रखने वाले पहले भारतीय पुरुष और महिला को दर्शाता है।*
- **सम्मान** : इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी ने सूरीनाम का सर्वोच्च सम्मान, **'द ग्रैंड ऑर्डर ऑफ द चेन ऑफ द येलो स्टार'** (Grand Order of the Chain of the Yellow Star) 5 जून, 2023 को प्रदान किया।

### सर्बिया प्रवास

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सूरीनाम और सर्बिया की अपनी आधिकारिक यात्रा के अंतिम चरण में 7-9 जून, 2023 को सर्बिया में रहीं।
  - ✓ *यह भारत के किसी भी राष्ट्रपति की सर्बिया की पहली यात्रा है।*
- इस अवसर पर भारत और सर्बिया ने इस दशक के अंत तक द्विपक्षीय व्यापार के लिए मौजूदा 32 करोड़ यूरो से एक अरब यूरो का लक्ष्य निर्धारित करने पर सहमति व्यक्त की।
- दोनों देशों के मध्य उक्त सहमति भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उनके सर्बियाई समकक्ष अलेक्जेंडर वूसिक (Aleksandar Vucic) के साथ सम्पन्न द्विपक्षीय वार्ता के बाद बनी है।
- उल्लेखनीय है कि सर्बिया यूरोप और यूरेशिया में व्यापक बाजारों तक पहुँचने के लिए भारतीय कम्पनियों के लिए एक प्रभावी प्रवेश द्वार बन सकता है। इसलिए दोनों देशों के बीच सम्बन्धों को मजबूत बनाने पर विशेष बल दिया जा रहा है।

## ग्लोबल लिवेबिलिटी इंडेक्स 2023

- इकोनॉमिस्ट इंटेलीजेंस यूनिट (ईआईयू) द्वारा 'दुनिया के सबसे अधिक रहने योग्य शहरों 2023' (Global Liveability Index-2023) सूची का अनावरण जून 2023 में किया।
- यह सूचकांक स्वास्थ्य देखभाल, संस्कृति, पर्यावरण, शिक्षा और स्थिरता सहित पाँच मेट्रिक्स पर मूल्यांकन कर विश्व के विभिन्न शहरों को रैंकिंग प्रदान करता है।
- वर्ष 2023 के सूचकांक में 173 शहरों को शामिल किया गया, जिसमें ऑस्ट्रिया के वियना (लगातार दूसरे वर्ष) को दुनिया में रहने के लिए सबसे अच्छा शहर नामित किया गया है।
- **सर्वश्रेष्ठ 10 शहर** : (1) वियना, ऑस्ट्रिया; (2) कोपेनहेगन, डेनमार्क; (3) मेलबोर्न, ऑस्ट्रेलिया; (4) सिडनी, ऑस्ट्रेलिया; (5) बैंकूवर, कनाडा; (6) ज्यूरिख, स्विट्जरलैण्ड; (7) कैलगरी, कनाडा; (8) जिनेवा, स्विट्जरलैण्ड; (9) टोरंटो, कनाडा तथा (10) ओसाका, जापान और ऑकलैण्ड, न्यूजीलैण्ड (दोनों)
- **सूचकांक में भारत के शहरों की रैंक** : नई दिल्ली और मुम्बई (141वाँ स्थान), चेन्नई (144वाँ स्थान), अहमदाबाद (147वाँ स्थान) तथा बेंगलुरू (148वाँ स्थान)।
- **रहने के मामले में सबसे खराब शहर** : सूची में निम्नतम 173वाँ स्थान दमिश्क (सीरिया की राजधानी) को दिया गया है, जबकि त्रिपोली (लीबिया की राजधानी) को 172वाँ स्थान प्राप्त हुआ है।



# राष्ट्रीय परिदृश्य

- समेकित सिमुलेटर परिसर 'ध्रुव' का उद्घाटन
- भारत निर्वाचन आयोग ने प्रकाशित किया असम के लिए परिसीमन प्रस्ताव का मसौदा
- भारत वियतनाम को देगा आईएनएस कृपाण
- 5वें राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक जारी
- एनआईआरएफ रैंकिंग : आईआईटी मद्रास को शीर्ष स्थान
- प्रधानमंत्री ने देश की पाँच नई वंदे भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी
- भारत में जेट इंजन बनाने हेतु जीई एयरोस्पेस और एचएएल के मध्य समझौता

## समेकित सिमुलेटर परिसर 'ध्रुव' का उद्घाटन

- भारतीय नौसेना कार्मिकों के व्यावहारिक प्रशिक्षण को बढ़ाने के लिए कोच्चि के दक्षिणी नौसेना कमान में समेकित सिमुलेटर परिसर (Integrated Simulator Complex-ISC) **'ध्रुव' (Dhruv)** का उद्घाटन रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने 21 जून, 2023 को किया।

### आईएससी 'ध्रुव' के बारे में

- आईएससी 'ध्रुव' में आधुनिक और अत्याधुनिक स्वदेशी तरीके से निर्मित सिमुलेटर स्थित हैं जो भारतीय नौसेना में व्यावहारिक प्रशिक्षण को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाएँगे।
- इन सिमुलेटरों की परिकल्पना नेविगेशन, बेड़ा प्रचालनों और नौसेना के युद्ध कौशलों पर वास्तविक समय अनुभव प्रदान करने को लेकर की गई है।
- इन सिमुलेटरों का उपयोग मित्र देशों के कार्मिकों के प्रशिक्षण के लिए भी किया जाएगा।

## भारत निर्वाचन आयोग ने प्रकाशित किया असम के लिए परिसीमन प्रस्ताव का मसौदा

- भारत निर्वाचन आयोग (Election Commission of India-ECI) द्वारा जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 8-ए के प्रावधान के अनुसार असम के विधानसभा और संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के लिए मसौदा प्रस्ताव 20 जून, 2023 को प्रकाशित किया गया।
  - ✓ *असम में पिछली बार परिसीमन का कार्य 1976 में किया गया था।*
  - ✓ *असम राज्य में पिछले परिसीमन (1976) के बाद से जिलों की संख्या 10 से बढ़कर 31 हो गई है।*
  - ✓ *मसौदा प्रस्ताव पर सुझाव एवं आपत्तियाँ 11 जुलाई, 2023 तक आमंत्रित की गई हैं।*

### परिसीमन के लिए मसौदा प्रस्ताव : महत्वपूर्ण बिन्दु

- विधानसभा सीटों की संख्या 126 और लोकसभा सीटों की संख्या 14 पर बरकरार रखी गईं हैं।
  - ✓ *अनुसूचित जाति की विधानसभा सीटें 8 से बढ़कर 9 हो गई हैं।*
  - ✓ *अनुसूचित जनजाति विधानसभा की सीटें 16 से बढ़कर 19 हो गई हैं।*
  - ✓ *पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिले में स्वायत्त जिलों में 1 विधानसभा सीट की वृद्धि।*
  - ✓ *बोडोलैण्ड जिलों में विधानसभा क्षेत्रों (एसी) की संख्या 16 से बढ़ाकर 19 की गईं हैं।*
- अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित दीफू और कोकराझार संसदीय सीटों को बरकरार रखा गया है।
- 01 संसदीय सीट - 'दिफू' अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित है जिसमें 03 स्वायत्त जिलों के 06 विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं।
- बराक घाटी जिलों यानी कछार, हैलाकांडी और करीमगंज जिलों को 2 संसदीय सीटें दी गई हैं।
- 1 संसदीय सीट का नाम काजीरंगा रखा गया है।

**प्रस्तावित विधानसभा/संसदीय क्षेत्र**

| | विधानसभा क्षेत्र | संसदीय क्षेत्र |
|---|---|---|
| सामान्य | 98 | 11 |
| अनुसूचित जाति | 09 | 01 |
| अनुसूचित जनजाति | 19 | 02 |
| **कुल सीट** | **126** | **14** |

**न्यूज फैक्ट**

- भारत निर्वाचन आयोग द्वारा परिसीमन की प्रक्रिया के लिए, भारतीय संविधान के परिसीमन अधिनियम, 2002 (2002 का 33) की धारा 9 (1) (C) और (D), अनुच्छेद 82, 170, 330 और 332 में उल्लिखित जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 8ए के प्रासंगिक प्रावधानों का अनुसरण किया गया है।
- अनुच्छेद-170 और 82 में निर्धारित किया गया है कि प्रत्येक राज्य की विधानसभा में सीटों की संख्या और राज्यों को लोगों के सदन में सीटों का आवंटन तब तक नहीं बदला जाएगा जब तक कि वर्ष 2026 के बाद ली गई पहली जनगणना के प्रासंगिक आँकड़े प्रकाशित नहीं किए जाएँगे।


Since 2002
VIPM ACADEMY
Go Ahead
Powered by Class24
SSC
PRE + MAINS
All Sub. Foundation (CGL/CHSL/CPO/MTS)
3 Days Free Trial
English Special Batches
(By Ajit Sir)
(SSC/BANK/RAS 4th/ RJS/IAS/
Spoken/General English Improvement )
New Batch Starts Every Tuesday (Offline + Online)
Updated Study Material (Hindi+English)
Weekly Test Series (Offline/Online)
Problem Solving Session upto Selection
Daily Free Newspaper Distribution with Analysis
PYQ Practice
Download VIPM APP
Scan this QR Code
Call us : 9649686020, 8955232362
Application - "VIPM Academy"
Google Play
AJITSIRVIPM
www. vipm. in
VIPM ENGLISH WITH AJIT KUMAR RAI
AJITKUMARRAIVIPM
vipmdigimain@gmail.com
H.O.:- K-81, Ashok Vihar Extn. Behind Govt. School, Near Triveni Crossing, Gopalpura Bypass, Jaipur (Raj.)
B-1 :- Ground Floor, Krishna Tower, Near Big Bazaar, Gopalpura Mode, Jaipur, (Raj.)
B-2 :- 30, 1st Floor, Gopalpura Mode, Tonk Road, Near Cake World, Basant Vihar Colony, Jaipur (Raj.)
B-3 :- Shop No. 65B, Anand Vihar, Gopalpura Bypass, Near Mangal Chai Ghar, Ridhi Sidhi, Jaipur (Raj.)

## भारत वियतनाम को देगा आईएनएस कृपाण

- चीन के आक्रामक रवैये पर लगाम लगाने के मद्देनजर भारत ने वियतनाम पीपुल्स नेवी को एक स्वदेशी इन-सर्विस मिसाइल कार्वेट, 'आईएनएस कृपाण' उपहार में देने की घोषणा की।
- उक्त घोषणा भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आए वियतनाम के रक्षा मंत्री जनरल फान वान गैंग (Phan Van Gang) से बातचीत के बाद भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा 19 जून, 2023 को की गई।
- दोनों देशों के रक्षामंत्रियों के मध्य वार्ता के दौरान, विभिन्न द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पहलों की प्रगति की समीक्षा की गई। दोनों मंत्रियों ने विशेष रूप से रक्षा उद्योग सहयोग, समुद्री सुरक्षा और बहुराष्ट्रीय सहयोग के क्षेत्र में सहयोग के मौजूदा क्षेत्रों को बढ़ाने के साधनों की पहचान की।

**आईएनएस कृपाण के बारे में**

- आईएनएस कृपाण 1,350 टन वजन उठाने वाली खुकरी श्रेणी की मिसाइल कार्वेट है, जिसे 12 जनवरी, 1991 को नौसेना में शामिल किया गया था।
- क्षमता करीब 1,400 टन है, इसकी लम्बाई 91 मीटर, बीम 11 मीटर है।
- तेज गति से चलने में सक्षम 'कृपाण' की गति क्षमता 25 नॉट से अधिक है।
- इस जहाज में मध्यम दूरी की बंदूक, 30 मिमी नजदीकी दूरी की बंदुकें, लॉन्चर और सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें लगी हुई हैं, जो इसे तटीय और अपतटीय गश्त, तटीय सुरक्षा, सतह युद्ध, समुद्री डकैती रोधी सहित विभिन्न प्रकार की भूमिकाएँ निभाने में सक्षम बनाती हैं।
- उल्लेखनीय है कि वियतनाम भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भागीदार भी है।

## 5वें राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक जारी

- केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा 5वाँ राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक (एसएफएसआई) का अनावरण विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस के अवसर पर 7 जून, 2023 को किया गया।
- भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण द्वारा जारी 'एसएफएसआई' (State Food Safety Index-SFSI) खाद्य सुरक्षा के छह अलग-अलग पहलुओं में राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करता है।
- इस सूचकांक में बड़े राज्य (20), छोटे राज्य (8) और केन्द्र शासित प्रदेश (8) को सूचीबद्ध कर रैंकिंग प्रदान की गई है।

**रैंकिंग**

- बड़े राज्यों में, केरल ने शीर्ष रैंकिंग हासिल की, उसके बाद पंजाब और तमिलनाडु का स्थान है।

**श्रेणी : बड़े राज्य**

| रैंक | राज्य | स्कोर | रैंक | राज्य | स्कोर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केरल | 63 | 6 | गुजरात | 48.5 |
| 2 | पंजाब | 57.5 | 7 | पश्चिम बंगाल | 48.0 |
| 3 | तमिलनाडु | 56.5 | 8 | राजस्थान | 45.0 |
| 4 | मध्य प्रदेश | 56.0 | 9 | महाराष्ट्र | 45.0 |
| 5 | उत्तर प्रदेश | 52.5 | 10 | हिमाचल प्रदेश | 41 |

**श्रेणी : छोटे राज्य**

- (1) गोवा (स्कोर-51), (2) मणिपुर (स्कोर-40) तथा (3) सिक्किम (स्कोर-39.5)

**श्रेणी : केन्द्रशासित प्रदेश**

- (1) जम्मू और कश्मीर(स्कोर-59.5), (2) दिल्ली (स्कोर-49.5) और (3) चंडीगढ़ (स्कोर-45)

**अन्य महत्वपूर्ण तथ्य**

- केरल विगत वर्ष के सूचकांक में 6वें स्थान पर तथा पंजाब 11वें स्थान पर था, जबकि मध्य प्रदेश 5वें स्थान पर था।
- राजस्थान दो स्थान के सुधार के साथ विगत वर्ष के 10वें स्थान से 8वें स्थान पर आया है।
- छोटे राज्यों में गोवा लगातार चौथी बार शीर्ष स्थान पर आया है।
- केन्द्रशासित प्रदेशों में जम्मू-कश्मीर लगातार तीसरे वर्ष शीर्ष स्थान पर बना हुआ है।

**Know The Facts** : पहला खाद्य सुरक्षा सूचकांक (एसएफएसआई) 7 जून, 2019 को जारी किया गया था।

## एनआईआरएफ रैंकिंग : आईआईटी मद्रास को शीर्ष स्थान

- शिक्षा एवं विदेश राज्यमंत्री डॉ. राजकुमार रंजन सिंह द्वारा 5 जून, 2023 को राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क 'एनआईआरएफ' (National Institutional Ranking Framework–NIRF) इंडिया रैंकिंग 2023 जारी की गई।
- यह देश के उच्च शिक्षा संस्थानों (एचईआई) की इंडिया रैंकिंग का लगातार आठवाँ संस्करण है।
- इस बार नई श्रेणी (नवाचार) एवं नए विषय (कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र) और 'वास्तुकला' से 'वास्तुकला एवं नियोजन' के विस्तार के साथ, इंडिया रैंकिंग का मौजूदा पोर्टफोलियो 13 श्रेणियों एवं विषयों तक बढ़ गया है जिन्हें इंडिया रैंकिंग 2023 में रैंक प्रदान किया गया है।
- एनआईआरएफ इंडिया रैंकिंग 2023 में आईआईटी मद्रास लगातार पाँचवें वर्ष (2019 से 2023 तक) देशभर के उच्च शिक्षण संस्थानों में शीर्ष पर रहा है, जबकि बेंगलुरू का आईआईएससी दूसरे स्थान पर रहा है।

## प्रधानमंत्री ने देश की पाँच नई वंदे भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से देश की पाँच नई वंदे भारत ट्रेनों को 27 जून, 2023 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- उक्त कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले '**रांची-पटना**', '**धारवाड़-केएसआर बेंगलुरू**' और '**गोवा (मडगांव)-मुम्बई**' वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- मध्य प्रदेश के लिए दो वंदे भारत ट्रेन- प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश की दो वंदे भारत ट्रेनों '**खजुराहो-भोपाल-इंदौर**' और '**भोपाल-जबलपुर**' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये दोनों ट्रेनें रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से एक साथ रवाना हुईं।

**महत्वपूर्ण तथ्य**

- मडगाँव-मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस के रूप में गोवा को अपनी पहली वंदे भारत ट्रेन मिली है।
- धारवाड़-बेंगलुरू वंदे भारत एक्सप्रेस भारतीय रेलवे की कर्नाटक की दूसरी वंदे भारत ट्रेन है। यहाँ चेन्नई-मैसूर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन पहले से ही चलाई जा रही है।
- रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस के रूप में बिहार और झारखण्ड को संयुक्त रूप से पहली ट्रेन मिली।
- रेलवे के अनुसार इन 5 ट्रेनों की शुरुआत के साथ ही अब विद्युतीकृत रेल मार्गों वाले सभी राज्यों में वंदे भारत एक्सप्रेस पहुँच जाएँगी।

## भारत में जेट इंजन बनाने हेतु जीई एयरोस्पेस और एचएएल के मध्य समझौता

- अमेरिकी एयरोस्पेस की प्रमुख कम्पनी 'जीई एयरोस्पेस' (GE Aerospace) ने भारतीय वायु सेना के लिए लड़ाकू जेट इंजन बनाने के लिए भारतीय एयरोस्पेस कम्पनी 'हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड' (Hindustan Aeronautics Limited-HAL) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए जाने की घोषणा 22 जून, 2023 को की।
- जीई एयरोस्पेस और एचएएल के मध्य उक्त समझौता विशेष रूप से भारतीय वायु सेना के LCA-Mk-II तेजस के लिए डिजाइन किए गए लड़ाकू जेट इंजनों के संयुक्त उत्पादन पर केन्द्रित है।
- इसके लिए जीई एयरोस्पेस के F-414 इंजन का भारत में सह-उत्पादन किया जाएगा।
  - ✓ *जीई एयरोस्पेस के अनुसार, एलसीए एमके-2 के लिए चल रहे विकास कार्यक्रम के हिस्से के रूप में आठ एफ-414 इंजन वितरित किए गए हैं।*
  - ✓ *जीई एयरोस्पेस ने इस कार्यक्रम के लिए कुल 99 इंजन बनाने की प्रतिबद्धता जताई है।*
- इसके अलावा, जीई उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान एमके-2 इंजन कार्यक्रम पर भारत सरकार के साथ सहयोग करना जारी रखेगा।
- उल्लेखनीय है कि जीई एयरोस्पेस के F-414 इंजन अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और कुवैत जैसे देशों द्वारा संचालित F/A-18 और F/A-18F सुपर हॉर्नेट सहित विभिन्न विमानों को शक्ति प्रदान करते हैं।

**न्यूज फैक्ट**

➢ जीई ने वर्ष 1986 में F-404 इंजन के साथ भारत के हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) के विकास का समर्थन करने के लिए एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी और एचएएल के साथ काम करना शुरू किया था।

# National News InShort

### ओशियन रिंग ऑफ योगा

- भारतीय नौसेना द्वारा 'समुद्र में योग' (Ocean Ring of Yoga) कार्यक्रम का आयोजन अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस-2023 के अवसर पर 21 जून, 2023 को किया गया।
- 'वसुधैव कुटुम्बकम्' थीम के तहत् 'ओशियन रिंग ऑफ योगा' के अन्तर्गत हिंद महासागर में तैनात भारतीय नौसेना के जहाजों ने मित्र देशों के विभिन्न बंदरगाहों का दौरा किया।
- 'ओशियन रिंग ऑफ योगा' के हिस्से के रूप में 19 भारतीय नौसेना जहाजों पर लगभग 3500 नौसैनिकों ने राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय जल सीमाओं में योग के प्रचार-प्रसार की दिशा में 35,000 किमी. से अधिक की यात्रा की।
- **कार्यक्रम में शामिल प्रमुख भारतीय जहाज**- किल्टन, चेन्नई, शिवालिक, सुनयना, त्रिशूल, तरकश, वागिर, सुमित्रा और ब्रह्मपुत्र।
- **बंदरगाह जहाँ जहाजों ने पोर्ट कॉल किया**- चट्टोग्राम (बांग्लादेश), सफागा (मिस्र), जकार्ता (इंडोनेशिया), मोम्बासा (केन्या), टोमासिना (मेडागास्कर), मस्कट (ओमान), कोलंबो (श्रीलंका), फुकेत (थाईलैण्ड) और दुबई (संयुक्त अरब अमीरात) बंदरगाह पर।

### साजिद मीर

- पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा का वरिष्ठ सदस्य साजिद मीर भारत के सर्वाधिक वांछित आतंकवादियों में से एक है और अमेरिका ने 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों में उसकी भूमिका के लिए उसके सिर पर 50 लाख डॉलर का इनाम रखा है।
- इस आतंकवादी को वैश्विक आतंकवादी घोषित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् की 1267 अल कायदा प्रतिबंध समिति के तहत् साजिद मीर को काली सूची में डालने का प्रस्ताव भारत और अमेरिका द्वारा जून 2023 में रखा गया था, जिसे चीन ने वीटो कर रोक दिया।

## वाई ब्रेक

- केन्द्र सरकार ने सभी कर्मचारियों को अपने काम से थोड़ा सा समय निकालकर योग करने की सलाह दी है। सरकार ने इस योग विराम को 'Y ब्रेक' का नाम दिया है।
- कार्मिक मंत्रालय की ओर से इस बारे में सभी मंत्रालयों और विभागों को 12 जून, 2023 को दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।
- केन्द्र सरकार के उक्त निर्णय से अब सरकारी कर्मचारी योग ब्रेक (Y-Break) की मदद से आसन, प्राणायाम और ध्यान आदि के द्वारा स्वयं को स्वस्थ रख सकेंगे, साथ ही काम की प्रोडक्टिविटी को भी बढ़ा सकेंगे।

## नंदी

- 'नंदी' नई दवा और टीकाकरण प्रणाली के लिए एनओसी मंजूरी पोर्टल है जिसे केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला द्वारा 26 जून, 2023 को लॉन्च किया गया।
- **'नंदी' का पूर्ण रूप**- NOC Approval for New Drug and Inoculation System- Nandi/ (नई दवा और टीकाकरण प्रणाली के लिए एनओसी मंजूरी)।
- यह पोर्टल, डीएएचडी केन्द्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन के सुगम पोर्टल के साथ बिना किसी रोक-टोक अधिक सुव्यवस्थित तरीके से पशु चिकित्सा उत्पाद प्रस्तावों का मूल्यांकन और जाँच करने के लिए पारदर्शिता के साथ नियामक अनुमोदन प्रक्रिया को सरल बनाएगा।

## आभा आईडी

- आई आर डी एआई (Insurance Regulatory and Development Authority of India–IRDAI) ने देश में काम करने वाली सभी बीमा कम्पनियों को भारत के भीतर रहने वाले सभी व्यक्तियों के लिए 'आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता' (एबीएचए) आईडी (Ayushman Bharat Health Account -ABHA ID) बनाने के निर्देश जारी किए हैं।
  - ✓ *यह नया नियम नए बीमा आवेदकों और स्थापित पॉलिसीधारकों दोनों पर लागू होगा।*
- 14 अंकों की इस यूनिक 'आभा' आईडी के तहत् नागरिक अपने स्वास्थ्य से जुड़ी सभी जानकारियों को एक्सेस कर सकते हैं।
- उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 27 सितम्बर, 2021 को 'आयुष्मान भारत डिजिटल स्वास्थ्य मिशन' लॉन्च किया था। इस मिशन का लक्ष्य भारत के सभी नागरिकों को डिजिटल स्वास्थ्य आईडी प्रदान करना है।

## बालासोर

- भारत के पूर्वी राज्य ओडिशा में 2 जून, 2023 को एक मालगाड़ी, 12841 कोरोमंडल एक्सप्रेस और 12864 बेंगलुरू-हावड़ा एसएफ एक्सप्रेस सहित तीन ट्रेनों की टक्कर हुई।
- भारत में अब तक की सबसे घातक रेल दुर्घटनाओं में से एक इस ट्रेन हादसे में 200 से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई।
- उक्त ट्रिपल ट्रेन दुर्घटना ओडिशा के **बालासोर जिले में बाहंगा बाजार स्टेशन** के पास हुई थी।


## गैबॉन की पहली कृषि-एसईजेड परियोजना

- केन्द्रीय शिक्षा और कौशल विकास तथा उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई दिल्ली से गैबॉन की पहली कृषि-एसईजेड (विशेष आर्थिक क्षेत्र) परियोजना को 14 जून, 2023 को हरी झंडी दिखाई।
- परियोजना तकनीकी और ज्ञान भागीदार के रूप में सेंचुरियन विश्वविद्यालय के साथ एओएम समूह द्वारा कार्यान्वित की जाएगी।
- कार्यक्रम के प्रथम चरण में 30 किसान एवं ओडिशा के गजपति जिले के 20 बी.एससी./एम.एससी. एग्री और बी.टेक/एम.टेक इंजीनियरिंग के छात्र इस परियोजना के तहत् विकसित किए जा रहे कृषि एसईजेड के लिए कृषि-तकनीकी और तकनीकी सलाहकार के रूप में एक साथ यात्रा करेंगे।

### राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू : वन लाइनर

- पुनर्वास महानिदेशालय (Directorate General of Resettlement) ने पूर्व सैनिकों के रोजगार सृजन के लिए निजी क्षेत्र की किस संस्था के साथ 21 जून, 2023 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं? **मैसर्स एडेको इंडिया प्राइवेट लिमिटेड**
- भारत की जी-20 की अध्यक्षता के तहत् शिक्षा कार्य समूह की चौथी बैठक और मंत्रिस्तरीय बैठक 19-22 जून, 2023 को कहाँ सम्पन्न हुई? **पुणे**
- दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (डीएवाई-एनयूएलएम) ने उद्यमिता के क्षेत्र में सुविज्ञ कॅरियर विकल्प बनाने में महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से किस संस्था के साथ एक सहयोग साझेदारी की है? **संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी)**
- भारत की जी-20 की अध्यक्षता के तहत् एल-20 (Labour-20 summit) 19-22 जून, 2023 को कहाँ सम्पन्न हुई? **पटना (बिहार)**
- भारत की जी-20 की अध्यक्षता के तहत् पर्यटन कार्य समूह की चौथी बैठक और मंत्रिस्तरीय बैठक 19-22 जून, 2023 को कहाँ सम्पन्न हुई? **गोवा**

- केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने CREDAI गार्डन-पीपुल्स पार्क का उद्घाटन 20 जून, 2023 को कहाँ किया? **अहमदाबाद (गुजरात)**
- सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने मई 2021 से लेकर अब तक 'भारत-विरोधी' कंटेट बनाने के लिए 150 से अधिक वेबसाइटों और यूट्यूब न्यूज चैनलों पर किस अधिनियम के उल्लंघन के तहत् रोक लगाई है? **सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम की धारा 69 ए**
- विश्व का सबसे बड़ा मन्दिर विराट रामायण मंदिर कहाँ बनाया जा रहा है, जिसका निर्माण कार्य 20 जून, 2023 को शुरू हुआ? **कैथवलिया, (पूर्वी चंपारण, बिहार)**
- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने श्रीनगर के मध्य में स्थित प्रताप पार्क में किस स्मारक की आधारशिला 24 जून, 2023 को रखी, जिसका निर्माण श्रीनगर स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत् किया जाएगा? **बलिदान स्तम्भ (शहीद स्मारक)**
- मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने असम में पानी के नीचे पहली सुरंग (ब्रह्मपुत्र नदी पर) बनाए जाने की घोषणा 24 जून, 2023 को की। यह सुरंग किन स्थनों को जोड़ेगी? **गोहपुर और नुमालीगढ़**
- विश्व बैंक ने देश-भर में सरकार द्वारा संचालित संस्थानों में तकनीकी शिक्षा को बढ़ाने का समर्थन करने के लिए कितनी राशि के ऋण को मंजूरी दी है? **255.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर**
- भारत का कौनसा शहर 7-8 जुलाई, 2023 को अर्बन-20 (यू-20) मेयर शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा? **अहमदाबाद**
- कर्नाटक सरकार द्वारा राज्य के गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को किफायती आवास प्रदान कराने के उद्देश्य से कौनसी योजना शुरू की गई है? **गृह ज्योति योजना**
- रॉयटर्स इंस्टीट्यूट की डिजिटल न्यूज रिपोर्ट-2023 के अनुसार देश का सबसे भरोसेमंद इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संगठन किसे चुना गया है? **डीडी इंडिया और ऑल इण्डिया रेडियो**
- केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण केन्द्र का उद्घाटन 31 मई, 2023 को कहाँ किया? **गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश)**
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने शहीद हुए शांति सैनिकों के सम्मान में भारत द्वारा लाए गए किस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है? **एक नई स्मारक दीवार स्थापित करने सम्बन्धी प्रस्ताव**
- कर्नाटक की वर्तमान सरकार ने पूर्ववर्ती भाजपा सरकार द्वारा पारित किस कानून को रद्द करने का निर्णय लिया है? **धर्मांतरण विरोधी कानून**
- किस संस्था के शोधकर्ताओं द्वारा मानसून की भविष्यवाणी करने के लिए स्टेट आर्ट मशीन लर्निंग मॉडल तैयार किया है, जो मानसून की स्थिति के बारे में महीनों पहले सही जानकारी दे देगा? **आईआईटी दिल्ली**
- भारत की अध्यक्षता में जी 20 कृषि मंत्रियों की तीन दिवसीय बैठक 15-17 जून, 2023 को कहाँ आयोजित की गई? **हैदराबाद**
- असम और अरुणाचल प्रदेश के सहयोग से चीन की सीमा के समीप बनाए जा रहे 'सुबनसिरी लोअर हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट' की सभी आठ इकाईयाँ वर्ष 2024 के अंत तक शुरू हो जाएँगी। इससे कितना बिजली उत्पादन किया जा सकेगा? **दो (2) गीगावाट**
- एयर इंडिया द्वारा भारत की पहली महिला हज उड़ान (चालक दल सहित सभी महिला यात्री) शुरू की गई है। यह विशेष उड़ान कहाँ से किस गंतव्य के लिए 8 जून, 2023 को शुरू की गई? **कोझिकोड से जेद्दा**
- जी-20 के अन्तर्राष्ट्रीय फाइनेंशियल वर्किंग ग्रुप की दो दिवसीय बैठक 6-7 जून, 2023 को कहाँ आयोजित की गई? **गोवा**
- छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक समारोह रायगढ़ किले में 6 जून, 2023 को आयोजित किया गया। यह शिवाजी का कौनसा राज्याभिषेक समारोह था? **350वाँ**
- महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अहमदनगर का नाम परिवर्तित कर इसे किस नाम से बुलाए जाने की घोषणा 31 मई, 2023 को की? **अहिल्यादेवी होल्कर नगर**
- देश में पहली बार शेरों की कैप्टिव ब्रीडिंग कहाँ की जाएगी? **वन विहार, भोपाल**
- केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 24 जून को 'बलिदान स्तंभ' के निर्माण का उद्घाटन कहाँ किया? **श्रीनगर**
- टाइम मैगजीन की 100 सर्वाधिक प्रभावशाली कम्पनियों की सूची में भारत की कौनसी कम्पनी शामिल है? **NPCI और फैशन प्रोडक्ट से जुड़ी कंपनी 'मीशो**
- जून 2023 में भारत और किस देश ने आपराधिक मामलों में पारस्परिक कानूनी सहायता संधि (Mutual Legal Assistance Treaties –MLATs) पर हस्ताक्षर किए? **बेल्जियम**
- भारत ने हाल ही में संयुक्त राज्य अमेरिका के नेतृत्व वाले आर्टेमिस अकॉर्ड (Artemis Accord) में शामिल होने का निर्णय लिया है। आर्टेमिस अकॉर्ड का सम्बन्ध किससे है? **अन्तरिक्ष अन्वेषण**
- देश की सबसे बड़ी निजी रेल कोच फैक्ट्री का उद्घाटन रंगारेड्डी जिले के शंकरपल्ली मंडल के कोंडाकल में किया गया। यह किस राज्य में स्थित है? **तेलंगाना**



# अन्तरिक्ष एवं रक्षा प्रौद्योगिकी

## अन्तरिक्ष प्रौद्योगिकी

### चीन ने बनाई विश्व की सबसे शक्तिशाली हाइपरसोनिक विंड टनल

- चीन द्वारा उत्तरी बीजिंग के पहाड़ी जिले हुआरौ में स्थित विश्व की सबसे शक्तिशाली हाइपरसोनिक विंड टनल (Hypersonic Wind Tunnel) का निर्माण पूरा कर अनावरण जून 2023 में किया गया।
- विश्व की सबसे शक्तिशाली हाइपरसोनिक विंड टनल को 'जेएफ-22' (JF-22) नाम दिया गया है।
- इस सुरंग का व्यास 4 मीटर (13 फीट) है और यह प्रति सेकण्ड 10 किलोमीटर (6.2 मील) तक की अविश्वसनीय रूप से उच्च वायु प्रवाह गति उत्पन्न कर सकती है।

#### अन्य प्रमुख तथ्य

- इस विंड टनल में मैक-30 की गति से हाइपरसोनिक उड़ान स्थितियों का अनुकरण करने की क्षमता है।
- 'जेएफ-22' में एयरफ्लो उत्पन्न करने के लिए पारम्परिक विस्तार विधियों के बजाय, एक शॉक वेब जनरेटर का उपयोग किया गया है जिसे 'रिफ्लेक्टेड डायरेक्ट शॉक वेब ड्राइवर' कहा जाता है।
- उल्लेखनीय है कि चीनी सरकार ने वर्ष 2035 तक हाइपरसोनिक विमानों के एक बेड़े को तैनात करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह बेड़ा यात्रियों को अंतरिक्ष में ले जाने और एक घंटे के भीतर पृथ्वी के किसी भी बिन्दु तक पहुँचने में सक्षम होगा।

## रक्षा प्रौद्योगिकी

### डीआरडीओ ने किया 'अग्नि प्राइम' का सफल परीक्षण

- 'रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन' (डीआरडीओ) द्वारा नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि प्राइम' (Agni Prime) का सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप (ओडिशा) से 7 जून, 2023 को किया गया।
- अग्नि प्राइम के तीन सफल परीक्षण के बाद इस मिसाइल को सशस्त्र बलों में शामिल किए जाने से पूर्व इसका पहला रात्रि परीक्षण था, जिसमें सिस्टम की सटीकता और विश्वसनीयता की परख की गई।

#### अग्नि प्राइम की विशेषताएँ

- 34.5 फीट लम्बी इस मिसाइल की रेंज 2,000 किमी. तक है।
- इस पर एक या मल्टीपल इंडेपेंडेण्टली टारगेटेबल रीएंट्री व्हीकल (multiple independently targetable reentry vehicle -MIRV) वॉरहेड लगा सकते हैं।
  - ✓ *एमआईआरवी द्वारा एक ही मिसाइल से कई टारगेट्स पर हमला किया जा सकता है।*
- यह मिसाइल उच्च तीव्रता वाले विस्फोटक, थर्मोबेरिक या परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है।
- 11 हजार किग्रा भार वाली यह मिसाइल अपने साथ परमाणु हथियार ले जाने में भी सक्षम है।

### भारत ने किया स्वदेशी हैवीवेट टॉरपीडो का सफल परीक्षण

- भारतीय नौसेना ने स्वदेशी रूप से विकसित भारी वजन वाहक टॉरपीडो (indigenously developed heavy weight Torpedo) का 6 जून, 2023 को कोच्चि में सफलतापूर्वक परीक्षण किया।
- इस अत्याधुनिक हथियार को पानी के नीचे के खतरों का मुकाबला करने के लिए डिजाइन किया गया है।
- **नामकरण** : इस टॉरपीडो का नाम महासागरों के भारतीय देवता वरुण के नाम पर '**वरुणास्त्र**' (Varunastra) रखा गया है।
- **विकास** : इसका विकास 'रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन' (डीआरडीओ) की नौसेना विज्ञान और तकनीकी प्रयोगशाला (Naval Science & Technological Laboratory-NSTL) द्वारा विकसित किया गया है।

#### टॉरपीडो की विशेषताएँ

- टॉरपीडो विद्युत चालित है और उथले पानी में भी पनडुब्बियों को निशाना बना सकता है।
- 7-8 मीटर लम्बे जीपीएस बेस्ड इस टॉरपीडो का वजन 1500 किग्रा. है जिसकी अधिकतम स्ट्राइक स्पीड 74 किमी. प्रति घंटा है, जिससे यह लक्ष्य को प्रभावी ढंग से भेद सकता है।
- यह 600 मीटर की गहराई तक संचालित होता है।
- 'वरुणास्त्र' भारतीय नौसेना में वर्तमान मौजूद अमेरिकी मार्क 46 टॉरपीडो की जगह लेगा।



# आर्थिक परिदृश्य

- ▶ वर्ष 2023 के लिए फोर्ब्स ग्लोबल-2000 सूची जारी
- ▶ ग्लोबल स्टार्ट-अप इकोसिस्टम रिपोर्ट-2023
- ▶ वर्ल्ड कॉम्पटीटिवनेस रैंकिंग 2023
- ▶ बागवानी फसलों के क्षेत्र व उत्पादन के 2021-22 के अंतिम आँकड़े जारी

## वर्ष 2023 के लिए फोर्ब्स ग्लोबल-2000 सूची जारी

★ **शीर्षक** : 2023 ग्लोबल-2000 (2023 The Global-2000)
★ **जारीकर्ता** : फोर्ब्स (Forbes)
★ **जारी करने की तिथि :** 8 जून, 2023
★ **संस्करण :** 20वाँ
★ **शीर्षस्थ कम्पनी :** जेपी मॉर्गन

- प्रसिद्ध अमेरिकी पत्रिका 'फोर्ब्स' (Forbes) ने वार्षिक आधार पर जारी की जाने वाली 'फोर्ब्स ग्लोबल-2000' सूची में विश्व की सबसे बड़ी 2000 कम्पनियों को सूचीबद्ध किया है।
- फोर्ब्स द्वारा यह सूची कम्पनियों की कुल बिक्री, लाभ, सम्पत्ति और बाजार मूल्यांकन के आधार पर तैयार की जाती है।
- वर्ष 2023 ग्लोबल-2000 में शामिल कम्पनियों का राजस्व 50.8 ट्रिलियन डॉलर, लाभ 4.4 ट्रिलियन डॉलर, सम्पत्ति 231 ट्रिलियन डॉलर और मार्केट कैप 74 ट्रिलियन डॉलर है।
- सूचकांक के वर्तमान संस्करण में अमेरिका का सबसे बड़ा बैंक जेपी मॉर्गन (कुल संपत्ति 3,700 अरब डॉलर) को वर्ष 2011 के बाद पहली बार इस सूची में शीर्ष पर रखा गया है।

| रैंक | कम्पनी | रैंक | कम्पनी |
|---|---|---|---|
| 1 | जेपी मोर्गन, अमेरिका | 6 | बैंक ऑफ अमेरिका, अमेरिका |
| 2 | सऊदी अमेरिको, सऊदी अरब | 7 | अल्फाबेट, अमेरिका |
| 3 | आईसीबीसी, चीन | 8 | एक्सोन मोबाइल, अमेरिका |
| 4 | चाइना कंस्ट्रक्शन बैंक, चीन | 9 | माइक्रोसॉफ्ट, अमेरिका |
| 5 | एग्रीकल्चरल बैंक ऑफ चाइना, चीन | 10 | एप्पल, अमेरिका |

### सूची में भारतीय कम्पनियाँ

- 'फोर्ब्स ग्लोबल-2000' के 20वें संस्करण में कुल 55 भारतीय कम्पनियों को शामिल किया गया है।
- फोर्ब्स की इस सूची में **रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड देश की सबसे बड़ी कम्पनी** बनी हुई है, जिसे सूची में 45वें स्थान पर रखा गया है।
- **सूची में शामिल अन्य प्रमुख भारतीय कम्पनियाँ**- स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (77वाँ स्थान), एचडीएफसी बैंक (128वाँ स्थान) और आईसीआईसीआई (163वाँ स्थान)।

## ग्लोबल स्टार्ट-अप इकोसिस्टम रिपोर्ट-2023

★ **शीर्षक** : ग्लोबल स्टार्ट-अप इकोसिस्टम रिपोर्ट-2023 (जीएस-ईआर 2023)
★ **जारीकर्ता** : स्टार्ट-अप जीनोम (Startup Genome)
★ **जारी करने की तिथि** : जून 2023
★ **शीर्ष स्थान** : सिलिकॉन वेली, अमेरिका

- जीएसईआर-2023 (Global Startup Ecosystems Report (GSER)-2023) रिपोर्ट विश्वभर में स्टार्ट-अप पारिस्थितिक तंत्र का व्यापक विश्लेषण प्रदान करती है।
- यह अग्रणी पारिस्थितिकी प्रणालियों, उभरते रुझानों और उद्यमियों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में अंतर्दृष्टि प्रदान करता है।
- रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका और चीन के बाद भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप इकोसिस्टम बन गया है।
- जीएसईआर-2023 में बेंगलुरू 2 स्थान ऊपर चढ़कर 20वें स्थान पर आ गया।
  - ✓ *उभरते इकोसिस्टम में पुणे 2023 में 31-40 रेंज में है, इससे पहले यह वर्ष 2022 में 51-60 रेंज में था।*
- **वैश्विक स्तर पर शीर्ष 10 रैंक वाले स्टार्ट-अप इकोसिस्टम**
  - ✓ *(1) सिलिकन वेली, (2) लंदन व न्यूयार्क सिटी, (4) लॉस एंजेल्स, (5) तेल अवीव, (6) बोस्टन, (7) बीजिंग, (8) सिंगापुर, (9) शंघाई और (10) सिएटल।*

## वर्ल्ड कॉम्पटीटिवनेस रैंकिंग 2023

★ **शीर्षक** : वर्ल्ड कॉम्पटीटिवनेस रैंकिंग-2023
★ **जारीकर्ता** : इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट (आईएमडी)
★ **जारी करने की तिथि** : जून 2023
★ **शीर्ष स्थान** : डेनमार्क

- आईएमडी द्वारा वर्ष 2023 के लिए जारी वर्ल्ड कॉम्पटीटिवनेस रैंकिंग (World Competitiveness Ranking) में विश्व की प्रमुख 64 अर्थव्यवस्थाओं का विश्लेषण किया गया है।
- रिपोर्ट में प्रतिस्पर्धात्मकता प्राप्त करने के लिए इन देशों द्वारा अपनाए गए अद्वितीय दृष्टिकोणों पर प्रकाश डाला गया है और दीर्घकालिक मूल्य निर्माण के महत्व पर जोर दिया गया है।

- **रैंकिंग में शीर्ष स्थान पाने वाली 10 अर्थव्यवस्थाएँ**- (1) डेनमार्क, (2) आयरलैण्ड, (3) स्विट्जरलैण्ड, (4) सिंगापुर, (5) नीदरलैण्ड, (6) ताइवान, (7) हांगकांग, (8) स्वीडन, (9) अमेरिका और (10) यूएई।
  - ✓ *चीन का इस रैंकिंग में 21वाँ स्थान है।*
- **रैंकिंग में भारत का स्थान** -भारत वर्ष 2023 के वैश्विक प्रतिस्पर्धा सूचकांक में 64.63 के स्कोर के साथ 40वें स्थान पर रहा है।
  - ✓ *वर्ष 2022 की इस रैंकिंग में भारत को 37वाँ स्थान दिया गया था। इस प्रकार भारत की रैंकिंग में तीन स्थानों की गिरावट आई है।*

## बागवानी फसलों के क्षेत्र व उत्पादन के 2021-22 के अंतिम आँकड़े जारी

- कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय/विभाग द्वारा बागवानी फसलों के क्षेत्र व उत्पादन के सम्बन्ध में वर्ष 2021-22 के अंतिम आँकड़े और वर्ष 2022-23 के प्रथम अग्रिम अनुमान जून 2023 में जारी किए गए हैं।
- जारी किए गए आँकड़ों के अनुसार वर्ष 2021-22 में कुल बागवानी उत्पादन रिकॉर्ड 347.18 मिलियन टन हुआ है, जो वर्ष 2020-21 के उत्पादन से 12.58 मिलियन टन (3.76%) अधिक है।
- वर्ष 2022-23 में कुल बागवानी उत्पादन रिकॉर्ड 350.87 मिलियन टन होने का (प्रथम अग्रिम) अनुमान है, जो 2021-22 (अंतिम) की तुलना में 3.69 मिलियन टन की वृद्धि (1.06% अधिक) दर्शाता है।

| कुल बागवानी | 2020-21 (अंतिम) | 2021-22 (अंतिम) | 2022-2023 प्रथम अग्रिम अनुमान |
|---|---|---|---|
| क्षेत्रफल (मिलियन हेक्टेयर में) | 27.48 | 28.04 | 28.28 |
| उत्पादन (मिलियन टन में) | 334.60 | 347.18 | 350.87 |

**वर्ष 2021-22 (अंतिम आँकड़े) (उत्पादन : मिलियन टन में)**

- **कुल बागवानी** : रिकॉर्ड 347.18 मिलियन टन,( वर्ष 2020-21 से लगभग 12.58 मिलियन टन (3.76%) अधिक )।
- **फल** : 107.51 मिलियन टन ( वर्ष 2020-21 में यह 102.48 मिलियन टन था)।
- **सब्जियाँ** : 209.14 मिलियन टन (पिछले वर्ष के 200.45 मिलियन टन की तुलना में, 4.34% की वृद्धि)।
- **प्याज** : 31.69 मिलियन टन (वर्ष 2020-21 में उत्पादन 26.64 मिलियन टन रहा)।
- **आलू** : 56.18 मिलियन टन (विगत वर्ष के लगभग समान)।

**वर्ष 2022-23 (प्रथम अग्रिम अनुमान) (उत्पादन : मि.टन में)**

- फलों, सब्जियों, मसालों, फूलों, सुगंधित और औषधीय पौधों और वृक्षारोपण फसलों के उत्पादन में पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि का अनुमान है।
- **कुल बागवानी :** 350.87 मि. टन (2021-22 (अंतिम) की तुलना में लगभग 3.69 मि. टन (1.06% अधिक) की वृद्धि)।
- **फल :** 107.75 मि. टन (वर्ष 2021-22 में 107.51 मि. टन की तुलना में )
- **सब्जियाँ :** 212.53 मि. टन (वर्ष 2021-22 में 209.14 मि. टन था)।
- **प्याज :** 31.01 मि. टन (वर्ष 2021-22 में 31.69 मि. टन था)।
- **आलू :** 59.74 मि. टन (वर्ष 2021-22 में 56.18 मि. टन था)।
- **टमाटर :** 20.62 मि. टन (वर्ष 2021-22 में 20.69 मि. टन)।
- **सुगंधित व औषधीय पौधे :** 680 हजार टन (वर्ष 2021-22 में 664 हजार टन)।

## टाटा पॉवर बना सबसे आकर्षक नियोक्ता ब्रांड

- मानव संसाधन सेवा प्रदाता 'रैंडस्टैड इंडिया' (Randstad India) की वार्षिक रिपोर्ट 21 जून, 2023 को जारी की गई।
- 'रैंडस्टैड एम्प्लॉयर ब्रांड रिसर्च (आरईबीआर)-2023 (Randstad Employer Brand Research (REBR) 2023) शीर्षक से जारी इस रिपोर्ट के अनुसार टाटा पॉवर कम्पनी देश का सबसे 'आकर्षक नियोक्ता ब्रांड' (most attractive employer brand) बन गई है।
  - ✓ *वर्ष 2022 में यह कम्पनी 9वें स्थान पर थी।*
- रिपोर्ट में कहा गया है कि टाटा पॉवर ने वित्तीय सेहत, प्रतिष्ठा और कॅरियर में प्रगति के अवसरों में काफी ऊँचे अंक हासिल किए हैं।

**शीर्षस्थ कम्पनियाँ**

- **शीर्षस्थ तीन कम्पनियाँ** : टाटा पॉवर के शीर्षस्थ स्थान के बाद ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कम्पनी अमेजन दूसरे स्थान पर और टाटा स्टील तीसरे स्थान पर रही।
- **टॉप-10 में शामिल अन्य कम्पनियाँ**- टॉप 10 की इस सूची में 'टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज' (टीसीएस) चौथे स्थान पर रही।
  - ✓ *इसके बाद माइक्रोसॉफ्ट, सैमसंग इंडिया, इन्फोसिस, टाटा मोटर्स, आईबीएम और रिलायंस इंडस्ट्रीज का स्थान रहा।*

## सहकारिता के क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना

- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के मेल से 'सहकारिता के क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण

योजना' के लिए एक अंतर-मंत्रालयीय समिति (आईएमसी) के गठन और सशक्तिकरण को 31 मई, 2023 को मंजूरी प्रदान की है।

✓ *इस समिति की अध्यक्षता सहकारिता मंत्री करेंगे।*

- इसके तहत् सहकारिता मंत्रालय देश के विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कम से कम 10 चुने हुए जिलों में एक पायलट परियोजना चलाएगा।
- यह योजना न केवल पैक्स (Primary Agricultural Credit Societies-PACS) के स्तर पर गोदामों के निर्माण द्वारा देश में भंडारण के इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमियों को दूर करेगी बल्कि पैक्स को कई अन्य गतिविधियाँ करने के लिए भी सक्षम बनाएगी।
- ₹ 1 लाख करोड़ की इस योजना के तहत् देश के प्रत्येक ब्लॉक में 2000 टन क्षमता के गोदाम बनाए जाएँगे।

# Economic News InShort

## यूनिटी मॉल

- केन्द्र सरकार ने दीमापुर में यूनिटी मॉल के निर्माण के लिए नगालैण्ड को ₹145 करोड़ आवंटित किए हैं।
- यूनिटी मॉल का उद्देश्य राज्य की 'एक जिला एक उत्पाद' (One District One Product— ODOP) पेशकश को बढ़ावा देना है।
- केन्द्रीय बजट 2023-24 में देश-भर में यूनिटी मॉल की स्थापना के लिए ₹ 5,000 करोड़ आवंटित किए हैं।

**न्यूज फैक्ट**

➢ ओडीओपी पहल प्रधानमंत्री के भारत के सभी जिलों में समावेशी विकास को प्रोत्साहन देने के विजन से सम्बन्धित एक दूरदर्शी कार्यक्रम है।

➢ इसका उद्देश्य प्रत्येक जिले से एक अलग उत्पाद की पहचान और उसका संवर्धन करना है, ताकि उनके लिए एक विशिष्ट पहचान बनाई जा सके।

## पिक्सल स्पेस इंडिया


- कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने 'पिक्सल स्पेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' के साथ एक समझौता ज्ञापन पर 26 जून, 2023 को हस्ताक्षर किए हैं।
- **लक्ष्य/उद्देश्य** : इसका लक्ष्य पिक्सल के हाइपर स्पेक्ट्रम डेटा सेट का उपयोग करके भारतीय कृषि पारिस्थितिकी तंत्र के लिए निःशुल्क आधार पर विभिन्न भू-स्थानिक समाधान (geospatial solutions) विकसित करना है।
- **परियोजना के बारे में** : यह परियोजना फसल मान चित्रण, फसलों के विभिन्न चरणों के मध्य अंतर करने, फसल स्वास्थ्य निगरानी और मिट्टी में कार्बनिक कार्बन के आकलन पर केन्द्रित विश्लेषणात्मक मॉडल विकसित करने के लिए पिक्सल के पथ-खोजी उपग्रहों से प्राप्त हाइपर स्पेक्ट्रम डेटा के नमूनों का लाभ उठाने पर केन्द्रित है।

**आर्थिक करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू : वन लाइनर**

Current affairs Quest

In Oneliner

- किस प्राधिकरण ने ज्ञान और नवाचारी श्रेष्ठ व्यवहारों को साझा करने के लिए एक 'नॉलेज शेयरिंग' प्लेटफॉर्म जून 2023 में लॉन्च किया है? **भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई)**
- झारखण्ड के पूर्वी सिंहभूम में पोटका ब्लॉक के केन्द्र में स्थित एक सामुदायिक संचालित उद्यम में जनजातीय समूह की महिलाओं द्वारा किस घास से शिल्प वस्तुओं, यथा-चटाई, बैग आदि का निर्माण कर उद्यम संचालित किया जाता है? **गोंधा घास**
- सिमली पाल रिजर्व में पाई जाने वाली किस घास का उपयोग कर मयूरभंज, ओडिशा की जनजातियों द्वारा योगा मैट का निर्माण किया जाता है? **सबई घास**
- सार्वजनिक क्षेत्र की किस कम्पनी को भारत के सबसे बड़े बिजली उत्पादक, टीम मार्क्समेन द्वारा 'Most Preferred Workplace of 2023-24' के रूप में मान्यता दी गई है? **एनटीपीसी लिमिटेड**
- भारत की सबसे बड़ी प्राइवेट रेल कोच फैक्ट्री (Private Rail Coach Factory) का उद्घाटन 22 जून, 2023 को कहाँ किया गया है? **कोंडाकल गाँव (जिला रंगारेड्डी, हैदराबाद)**
- उच्चतम न्यायालय ने सार्वजनिक क्षेत्र की किस कम्पनी को भी प्रतिस्पर्धा अधिनियम के दायरे में लाने की बात 15 जून, 2023 को कही है? **कोल इंडिया लिमिटेड**
- भारत में रेल मंत्रालय ने पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा समाधानों की प्रगति में तेजी लाने और इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए किस संस्था के साथ एक समझौता किया है? **यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (USAID)**
- कच्चे इस्पात के दूसरे सबसे बड़े उत्पादक भारत द्वारा 2022-23 में कच्चे इस्पात का कितना उत्पादन किया गया? **126.26 मिलियन टन**
- हाल ही में कौनसा बैंक आईवीआर-आधारित यूपीआई सॉल्यूशन (UPI 123PAY) पेश करने वाला पहला सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक बन गया है? **पंजाब नेशनल बैंक**
- विश्व बैंक ने भारत में सरकारी संस्थानों में तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और छात्रों को अधिक कॅरियर के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से कितने मिलियन डॉलर ऋण को मंजूरी दी है? **255.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर**




# प्रादेशिक परिदृश्य

## राजस्थान / Rajasthan

### नीरज तंबोलिया को वर्ष 2022 का राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवॉर्ड-2022

- 22 जून, 2023 को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में आयोजित समारोह में जयपुर स्थित जे.के. लोन अस्पताल में कार्यरत सीनियर नर्सिंग ऑफिसर नीरज तंबोलिया को नर्सिंग क्षेत्र में उनके समर्पण और उत्कृष्ट सेवाभाव के लिए 'राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवॉर्ड-2022' से सम्मानित किया।
- उन्होंने अपने 31 वर्ष के सेवाकाल के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतरीन काम किया है।
- उन्हें सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को बचाने, आईसीयू में शॉर्ट सर्किट से लगी आग से रोगियों को निकालने में तथा कोरोना के दौरान रोगियों को निःस्वार्थ सेवाभाव और साहस के साथ बचाने के साथ-साथ स्वास्थ्य शिक्षा के कार्यों में अनवरत सहयोग देने के लिए 'राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवॉर्ड-2022' दिया गया है।

### चौथे राष्ट्रीय जल पुरस्कार में राजस्थान को मिले तीन पुरस्कार

- जल शक्ति मंत्रालय के जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग (डीओडब्ल्यूआर, आरडी एंड जीआर) द्वारा प्रदान किए जाने वाले चौथे राष्ट्रीय जल पुरस्कारों में राजस्थान को तीन पुरस्कार प्रदान किए गए हैं।
- 'चौथे राष्ट्रीय जल पुरस्कार-2022' नई दिल्ली में विज्ञान भवन के प्लेनरी हॉल में आयोजित एक पुरस्कार वितरण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा 17 जून, 2023 को प्रदान किए गए।
  - ✓ *चौथे राष्ट्रीय जल पुरस्कार समारोह में 11 श्रेणियों में 41 विजेताओं को सम्मानित किया गया।*

**राजस्थान को प्राप्त पुरस्कार**

- **सर्वश्रेष्ठ विद्यालय श्रेणी** : राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (जीएसएसएस), बाउरी, जोधपुर, राजस्थान को (**तृतीय पुरस्कार**)।
- **सर्वश्रेष्ठ एनजीओ श्रेणी** : अर्पण सेवा संस्थान, उदयपुर, राजस्थान को (**प्रथम पुरस्कार**)।
- **बेस्ट वाटर यूजर एसोसिएशन श्रेणी** : वाटर यूजर एसोसिएशन नाइन Y-II, गंगानगर, राजस्थान (**द्वितीय पुरस्कार**)।

### राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक में राजस्थान 8वें स्थान पर

- एसएफएसआई (State Food Safety Index-SFSI) के पाँचवें संस्करण में राजस्थान को बड़े राज्यों की श्रेणी में 45.0 के स्कोर के साथ 8वाँ स्थान मिला है।
  - ✓ *5वाँ राज्य खाद्य सुरक्षा सूचकांक (एसएफएसआई) केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा 7 जून, 2023 को जारी किया गया था।*

**विभिन्न पैरामीटर्स में राजस्थान का स्कोर**

- मानव संसाधन और संस्थागत आँकड़े - 11.5 अंक
- नियमों का पालन -12 अंक
- फूड टेस्टिंग इंफ्रास्ट्रक्चर - 8.5 अंक
- प्रशिक्षण व क्षमता निर्माण -3 अंक
- उपभोक्ता सशक्तीकरण - 8 अंक

**न्यूज फैक्ट**

- विगत् वर्षों के एसएफएसआई में राजस्थान की रैंकिंग
  2019-20 में 11वाँ स्थान
  2020-21 में 18वाँ स्थान
  2021-22 में 10वाँ स्थान
  2022-23 में 8वाँ स्थान

### प्रदेश के 13 शहरों में विकसित होंगे ग्रीन लंग्स

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान के 13 शहरों में 'ग्रीन लंग्स' (वन क्षेत्र) विकसित करने के लिए ₹ 19 करोड़ के वित्तीय प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इससे शहरों के आसपास वन क्षेत्रों का विकास किया जाएगा।
- प्रस्ताव के अनुसार, अलवर के मूंगस्का, चूरू के राजगढ़, चित्तौड़गढ़ के मंगलवाड़, राजसमंद के नाथद्वारा और गणेश टेकड़ी एवं उदयपुर के रिसाला में ₹ 2-2 करोड़ से वन क्षेत्रों का विकास किया जाएगा।
- इसी प्रकार बाराँ के खैरखेड़ी, बाँसवाड़ा के श्यामपुरा, चित्तौड़गढ़ के किला ब्लॉक, दौसा के नीलकंठ महादेव, जयपुर के कानोता बाँध, राजसमंद के बांदरिया मगरा एवं टोंक के कच्चा बाँध क्षेत्र में ₹ 1-1 करोड़ की लागत से वन क्षेत्रों का विकास कर इन्हें आमजन के लिए खोला जाएगा।

## राजस्थान को मिला जैम एक्सीलेंसी अवॉर्ड

- प्रदेश को जैम पोर्टल के माध्यम से एससी/एसटी उपक्रमियों को उनके उत्पादों के क्रय आदेश दिलाने के बेहतर कार्य के लिए 'सिल्वर पुरस्कार' प्रदान किया गया है।
- नई दिल्ली के वाणिज्य भवन में आयोजित क्रेता-विक्रेता गौरव सम्मान समारोह में राजस्थान को यह जैम एक्सीलेंसी अवॉर्ड 26 जून, 2023 को प्रदान किया गया।
- गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस पोर्टल पर सराहनीय कार्य के लिए राजस्थान को यह सिल्वर पुरस्कार केन्द्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल एवं उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल द्वारा प्रदान किया गया।

## आवासन आयुक्त को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

- 'द एशिया एचआरडी कांग्रेस' द्वारा राजस्थान हाउसिंग बोर्ड के आयुक्त पवन अरोड़ा को 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है।
- इसके साथ कांग्रेस ने राजस्थान आवासन मंडल द्वारा निर्मित कोचिंग हब, एआईएस रेजिडेंसी, जयपुर चौपाटी और मुख्यमंत्री जन-आवास योजना के लिए 4 पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

**श्रेणीवार प्राप्त पुरस्कार**

- ✓ *इन्नोवेटिव प्रोजेक्ट ऑफ द ईयर- कोचिंग हब।*
- ✓ *बेस्ट इनोवेशन इन प्रोडक्ट डिजाइन- एआईएस रेजिडेंसी।*
- ✓ *डवलपर ऑफ द ईयर (एफोर्डिंग हाउसिंग)- मुख्यमंत्री जन आवास योजना के तहत् बन रहे फ्लैट्स को।*
- ✓ *डवलपर ऑफ द ईयर (रिटेल)- जयपुर चौपाटी को।*

**न्यूज फैक्ट**

- आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा के नेतृत्व में विगत चार वर्षों में मण्डल को कुल 27 अवॉर्ड मिल चुके हैं।
- इनमें मकान विक्रय में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, स्कॉच अवॉर्ड-2021, अवॉर्ड ऑफ एक्सीलेन्सी, नेशनल रीयल एस्टेट डवलपमेंट काउंसिल द्वारा सम्मान, नेशनल हाउसिंग अवॉर्ड, आई.बी.सी और 'स्टार ऑफ गवर्नेंस-गोल्ड अवॉर्ड' और नरेडको द्वारा दिए 'रीयल एस्टेट कॉन्क्लेव', 'ओएमजी-बुक ऑफ रिकार्ड्स' जैसे प्रतिष्ठित अवॉर्ड शामिल हैं।

## डायल फ्यूचर (भविष्य की राह) कार्यक्रम की शुरुआत

- प्रदेश में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ ही भावी पीढ़ी के सुनहरे भविष्य की राह तैयार करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने अनूठी पहल करते हुए 'डायल फ्यूचर' (भविष्य की राह) कार्यक्रम की शुरुआत की है।
- इस कार्यक्रम के तहत् प्रदेश के सभी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में 10वीं कक्षा उत्तीर्ण कर चुके विद्यार्थियों का संकाय चयन में मार्गदर्शन करने के साथ कॅरियर काउंसलिंग भी की जाएगी।
  - ✓ *स्कूल शिक्षा विभाग ने इस इनिशिएटिव के तहत् 28 जून-5 जुलाई, 2023 को सभी जिलों के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में परामर्श कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई है।*
- कार्यक्रम में विद्यार्थियों के भावी जीवन की राह सँवारने वाले शिक्षक '**पथ प्रदर्शक शिक्षक**' कहलाएँगे।

## राजस्थान पवन ऊर्जा के क्षेत्र में केन्द्र सरकार द्वारा पुरस्कृत

- केन्द्र सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा राजस्थान को पवन ऊर्जा के क्षेत्र में अन्य राज्यों की अपेक्षा सर्वोत्कृष्ट कार्य किए जाने हेतु प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।
- वस्तुतः राजस्थान ने वर्ष 2022-23 में देश में सर्वाधिक पवन ऊर्जा परियोजनाएँ स्थापित कर पवन ऊर्जा के क्षेत्र में देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।
- राजस्थान को यह पुरस्कार वैश्विक पवन दिवस (Global Wind Day) के अवसर पर 15 जून, 2023 को नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तत्वावधान में नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में प्रदान किया गया।

**न्यूज फैक्ट**

- वर्ष 2022-23 में प्रदेश में 867 मेगावॉट क्षमता की नई पवन ऊर्जा परियोजनाएँ स्थापित की गईं जो कि अन्य राज्यों की अपेक्षा सर्वाधिक हैं।
- वर्ष 2022 में प्रदेश में 4337 मेगावॉट पवन ऊर्जा क्षमता स्थापित की गई थी जो कि मार्च 2023 तक बढ़कर 5204 मेगावॉट हो गई।

## राजस्थान किसान महोत्सव

- प्रदेश की राजधानी जयपुर के जेईसीसी सीतापुरा में तीन दिवसीय 'राजस्थान किसान महोत्सव' का आयोजन 16-18 जून, 2023 को किया गया।
- इस महोत्सव में किसानों के कार्य को सुलभ करने के लिए कृषि यन्त्रों की वृहद् प्रदर्शनी लगाई गई तथा कृषि, बागवानी, पशुपालन, डेयरी, मत्स्य पालन और कृषि विपणन की विश्व-स्तरीय तकनीकों का प्रदर्शन किया गया।
- किसानों को उद्योग लगाने, उर्वरकों और उन्नत बीजों की जानकारी देने और युवाओं को एंटरप्रेन्योर बनाने के लिए 200 से ज्यादा स्टॉल लगाए गए।
- राजस्थान किसान महोत्सव में 5 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में निर्मित स्मार्ट फार्म विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा।

### प्रगतिशील कृषकों का सम्मान

- इस महोत्सव के समापन के अवसर पर आत्मा योजना के तहत् कृषि एवं पशुपालन के क्षेत्र में नवाचार करने वाले प्रगतिशील 10 किसानों एवं पशुपालकों को राज्य-स्तरीय कृषक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
  - ✓ *इसके तहत् प्रत्येक किसान को ₹ 50 हजार की राशि पुरस्कार स्वरूप दी गई।*

**अन्य महत्वपूर्ण तथ्य**

- महोत्सव में राज्य स्तरीय लम्पी आर्थिक सहायता वितरण कार्यक्रम के दौरान 42 हजार पात्र पशुपालकों के खातों में मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत द्वारा ₹ 176 करोड़ की सहायता राशि सीधे हस्तांतरित की गई
- इस दौरान 'कृषक कल्याण को समर्पित 4 वर्ष' विषय तथा 'राजस्थान किसान एप' पर आधारित लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया गया।

## लोक कला विकास बोर्ड के गठन को मंजूरी

- प्रदेश की लोक कला से जुड़ी विभिन्न जातियों एवं वर्गों के उत्थान के लिए 'लोक कला विकास बोर्ड' के गठन सम्बन्धी प्रस्ताव को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जून 2023 में स्वीकृति दे दी है।
- **बोर्ड की संरचना** : प्रस्ताव के अनुसार इस बोर्ड में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के अलावा 7 गैर-सरकारी सदस्य होंगे।
- **उद्देश्य**- बोर्ड गठन का उद्देश्य लोक कला एवं कलाकारों को वैश्विक पहचान दिलवाना, रोजगार से जोड़ना, लोक कला संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करना, कलाकारों को मंच उपलब्ध कराना, कलाओं का प्रचार-प्रसार करना इत्यादि है।

## राजस्थान साहित्य प्रोत्साहन पुरस्कार

- राज्य सरकार साहित्यकारों को 'राजस्थान साहित्य प्रोत्साहन पुरस्कार' से सुशोभित करेगी। इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री ने प्रक्रिया, मार्गदर्शिका एवं चयन समिति से सम्बन्धित प्रस्ताव का अनुमोदन जून 2023 में किया है।
- इसके तहत् प्रोत्साहन के रूप में श्री कन्हैया लाल सेठिया, श्री कोमल कोठारी, डॉ. सीताराम लालस एवं श्री विजयदान देथा के नाम से पुरस्कार दिए जाएँगे।
- **नोडल एजेन्सी** : राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर को इन पुरस्कारों के लिए नोडल एजेन्सी बनाया गया है।
- **प्रशासनिक विभाग** : कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग प्रशासनिक विभाग होगा।

### पुरस्कार की श्रेणियाँ

- **श्री कन्हैया लाल सेठिया साहित्य पुरस्कार** : पद्य श्रेणी में
- **श्री कोमल कोठारी लोक साहित्य पुरस्कार** : लोक साहित्य/कला श्रेणी में
- **डॉ. सीताराम लालस भाषा एवं अनुसंधान पुरस्कार** : भाषा/अनुसंधान श्रेणी में
- **श्री विजयदान देथा साहित्य पुरस्कार** : गद्य श्रेणी में

### पुरस्कार राशि

- पुरस्कार में ₹ 11-11 लाख नकद राशि, प्रशस्ति पत्र एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

**अन्य सम्बन्धित तथ्य**

- ये पुरस्कार मरणोपरांत भी प्रदान किए जा सकेंगे।
- सम्मान उन व्यक्तियों, संस्था अथवा संगठन में बाँटा जा सकेगा। जिन्हें चयन समिति समान रूप से पात्र समझती है।
- सभी पुरस्कार राज्य सरकार द्वारा आयोजित राजस्थान लिटरेचर फेस्टिवल, राजस्थान दिवस अथवा अन्य अवसरों पर प्रदान किए जा सकेंगे।
- पुरस्कार चयन के लिए गठित स्थायी समिति के अध्यक्ष राज्य सरकार द्वारा मनोनीत गैर-राजकीय व्यक्ति होंगे।

## मुख्यमंत्री चिरंजीवी श्रमिक सम्बल योजना-2023 को मुख्यमंत्री ने दी स्वीकृति

- प्रदेश के असंगठित क्षेत्र के निर्माण श्रमिक कल्याण कोष के तहत पंजीकृत सक्रिय श्रमिकों एवं चिन्हित स्ट्रीट वैंडर्स को अस्पताल में भर्ती होने के दौरान राहत पहुँचाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने 'मुख्यमंत्री चिरंजीवी श्रमिक सम्बल योजना-2023' के प्रारूप को मंजूरी दी है।

### प्रारूप/प्रावधान

- पंजीकृत श्रमिक व चिह्नित स्ट्रीट वैंडर्स और उनके परिवार के 25-60 वर्ष के सदस्य (पंजीकृत सक्रिय श्रमिक) को अस्पताल में भर्ती के दौरान अधिकतम 7 दिन की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।
- योजना के तहत् भर्ती के समय दैनिक मजदूरी समाप्त होने की स्थिति में श्रमिक के खाते में ऑटो डीबीटी से भर्ती की अवधि या 7 दिवस (जो भी कम हो) के लिए प्रतिदिन ₹ 200 की सहायता पहुँचाई जाएगी।
- यह सहायता लाभार्थी के स्वयं या परिवार के सदस्य के अस्पताल में न्यूनतम 24 घंटे भर्ती होने की स्थिति में मिलेगी।

## एनआईआरएफ रैंकिंग 2023 में बिट्स पिलानी 25वें स्थान पर

- शिक्षा मंत्रालय द्वारा 5 जून, 2023 को जारी 'एनआईआरएफ इंडिया रैंकिंग 2023' की ओवरऑल सूची में 'बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस, पिलानी' को 25वीं रैंक प्रदान की गई है।
- एनआईआरएफ (National Institutional Ranking Framework) 2023 की ओवरऑल सूची में बिट्स, पिलानी

के अतिरिक्त मालवीय नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जयपुर को 62वीं रैंक, आईआईटी जोधपुर को 66वीं रैंक तथा बनस्थली विद्यापीठ को 97वीं रैंक प्रदान की गई है।

**रैंकिंग में स्थान पाने वाले राज्य के प्रमुख संस्थान (श्रेणीवार)**

- **यूनिवर्सिटी**- बिट्स पिलानी (20वाँ) तथा वनस्थली विद्यापीठ को (58वाँ)
- **शोध संस्थान**- बिट्स पिलानी (26वाँ) तथा मालवीय नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जयपुर (47वाँ)।
- **कॉलेज**- बिट्स पिलानी (25वाँ), आईआईटी जोधपुर (30वाँ), मालवीय नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जयपुर (37वाँ), बनस्थली विद्यापीठ (68वाँ) तथा मणिपाल यूनिवर्सिटी (76वाँ) स्थान।
- **अभियांत्रिकी**- बिट्स पिलानी (25वाँ), आईआईटी जोधपुर (30वाँ), मालवीय नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जयपुर (37वाँ), बनस्थली विद्यापीठ (68वाँ), मणिपाल यूनिवर्सिटी (76वाँ) स्थान।
- **मेडिकल**- एम्स जोधपुर (13वाँ) एवं सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज जयपुर (46वाँ) स्थान।
- **विधि**- मणिपाल यूनिवर्सिटी (29वाँ) स्थान।
- **आर्किटेक्चर**- मालवीय नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जयपुर (13वाँ स्थान)

## 66वें नेशनल स्कूल गेम्स में राजस्थान ने जीते 6 स्वर्ण पदक

- '66वें नेशनल स्कूली गेम्स' का आयोजन नई दिल्ली, भोपाल और ग्वालियर में 6-13 जून, 2023 को किया गया था।
- इन खेलों में प्रदेश के खिलाड़ियों ने राजस्थान के लिए 6 स्वर्ण, 12 रजत और 15 कांस्य पदक जीते तथा राजस्थान पदक तालिका में 11वें स्थान पर रहा।
  - ✓ *पदक तालिका में दिल्ली कुल 127 पदक के साथ शीर्ष स्थान पर रहा।*

**स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी**

- बीकानेर के केशव बिस्सा (भारोत्तोलन), नागौर की कविता डूडी (3,000 मीटर रेसवॉक), चूरू की नीतू कुमारी और सुमित कुमार (दोनों डिस्कस थ्रो), भीलवाड़ा की माया माली (कुश्ती) और जयपुर की ताश्री मेनारिया (बॉक्सिंग)।
  - ✓ *बीकानेर के विद्यार्थी केशव बिस्सा ने भारोत्तोलन स्पर्द्धा में कुल 288 किलोग्राम (क्लीन एंड जर्क में 156 किलोग्राम तथा स्नेच में 132 किलोग्राम) भार उठाकर स्वर्ण पदक जीता तथा सर्वश्रेष्ठ प्रतियोगी का खिताब भी अपने नाम किया।*

## वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप बोर्ड के गठन को मंजूरी


- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप बोर्ड के गठन के प्रस्ताव को जून 2023 में मंजूरी दे दी है।
  - ✓ *इस बोर्ड में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा 7 अन्य सदस्य होंगे।*
- **बोर्ड के कार्य** : महाराणा प्रताप के नाम से राष्ट्रीय-अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों की शुरुआत करना, उन पर आधारित मेलों, प्रदर्शनी, समारोह, सम्मेलन, फिल्मों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, संगोष्ठियों तथा कवि सम्मेलनों का आयोजन करना एवं देश-विदेश में उनके विचारों का प्रचार-प्रसार का कार्य।
- कालजयी योद्धा महाराणा प्रताप की स्मृति में बोर्ड गठित करने की घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा उदयपुर में 22 मई, 2023 को की गई थी।

## सात जिलों में खुलेंगी खेल अकादमियाँ

- राज्य सरकार खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में विभिन्न खेल अकादमियाँ स्थापित कर रही है।
- इस क्रम में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 7 जिलों में खेल अकादमियों के लिए ₹ 14.25 करोड़ की वित्तीय मंजूरी जून 2023 में दी है।

**स्वीकृत खेल अकादमियाँ**

- **फुटबॉल अकादमी** : कोलिड़ा (सीकर) एवं बांसवाड़ा
- **साइक्लिंग अकादमी** : बीकानेर
- **कुश्ती अकादमी** : भीलवाड़ा
- **एथलेक्टिस अकादमी** : राजगढ़ (चूरू)
- **बास्केटबॉल अकादमी** : बाड़मेर व सीकर
- **कबड्डी अकादमी** : डीडवाना (नागौर)।

## ब्रज क्षेत्र धार्मिक विकास एवं थार क्षेत्र विकास बोर्ड का होगा गठन

- राज्य सरकार ने ब्रज क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने और थार क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए निर्णय लिया है।
- उपर्युक्त उद्देश्य से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ब्रज क्षेत्र धार्मिक विकास बोर्ड और थार क्षेत्र विकास बोर्ड के गठन के प्रस्ताव को जून 2023 में मंजूरी दी है।

### ब्रज क्षेत्र धार्मिक विकास बोर्ड

- **बोर्ड की संरचना :** बोर्ड में अध्यक्ष सहित चार गैर-सरकारी सदस्य होंगे। इनका कार्यकाल पदग्रहण से तीन वर्ष का होगा।
- **बोर्ड के कार्यक्षेत्र :** भरतपुर और करौली जिले।
- **कार्य :** यह बोर्ड ब्रज क्षेत्र को राष्ट्रीय-अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने, धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने, क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने और पर्यटन स्थलों के विकास के लिए राज्य सरकार को कार्य योजना व सुझाव देगा।

### थार क्षेत्र विकास बोर्ड

- **बोर्ड की संरचना :** इस बोर्ड में अध्यक्ष सहित चार गैर सरकारी सदस्य होंगे।
- **बोर्ड का कार्यक्षेत्र :** चूरू, हनुमानगढ़, बीकानेर, जोधपुर, जैसलमेर एवं बाड़मेर।
- **बोर्ड के कार्य :** क्षेत्रीय पर्यटन विकास परियोजनाएँ बनाना, धोरों पर एडवेंचर टूरिज्म को बढ़ावा देना, पर्यटकों के लिए ढाणियों में आवास-प्रवास विकसित करना।

## मुख्यमंत्री ने किया कालीतीर लिफ्ट परियोजना का शिलान्यास

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने धौलपुर जिले की 'कालीतीर लिफ्ट परियोजना' का शिलान्यास व 'सिलावट एनीकट परियोजना' का लोकार्पण 7 जून, 2023 को किया।
- **कालीतीर लिफ्ट परियोजना**- बसेड़ी विधानसभा की सरमथुरा तहसील में कालीतीर लिफ्ट परियोजना के निर्माण में ₹ 643 करोड़ व्यय होंगे।
- इसमें चम्बल नदी में वर्षाकाल के दौरान अत्यधिक जल को लगभग 180 मीटर लिफ्ट कर पार्वती बाँध और रामसागर बाँध को हर वर्ष पूरी क्षमता तक भरा जाएगा।
  - ✓ *इन बाँधों के भरने से जिले की जीवनदायनी बामनी, पार्वती और उटंगन नदियों में हमेशा जल उपलब्ध रहेगा।*
  - ✓ *इससे बसेड़ी विधानसभा क्षेत्र के 3, बाड़ी के 4, धौलपुर के 1 और राजाखेड़ा के 10 एनीकट में जलभराव सम्भव होगा।*
  - ✓ परियोजना से धौलपुर जिले के 3 शहरी और 433 ग्रामीण क्षेत्रों के लिए आवश्यक पेयजल भी उपलब्ध हो सकेगा।

### सिलावट एनीकट परियोजना

- धौलपुर जिले की राजाखेड़ा तहसील के सिलावट गाँव में उटंगन नदी पर 100 मीटर लम्बा और 2 मीटर ऊँचा एनीकट बनाया गया है।
  - ✓ *इसमें 0.54 मिलियन क्यूबिक मीटर जल भराव होता है। इस एनीकट के निर्माण से ग्राम सिलावट, जवाहर का पुरा, काटरपुरा और कसियापुरा के गाँवों की 12 हजार जनसंख्या को लाभ मिलेगा।*

## योगेन्द्र सिंह '36वें वृक्ष बंधु पुरस्कार' से सम्मानित

- आध्यात्मिक क्षेत्र पर्यावरण संस्थान जोधपुर की ओर से वृक्ष बंधु पुरस्कार एवं विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट व उल्लेखनीय कार्यो के लिए दिए जाने वाले अन्य पुरस्कार विश्व पर्यावरण दिवस पर 5 जून, 2023 को प्रदान किए गए।
- संस्थान द्वारा प्रदत्त उक्त पुरस्कारों में इस वर्ष 36वाँ वृक्ष बंधु पुरस्कार योगेन्द्रसिंह (कमांडेंट, बीएसएफ) को प्रदान किया गया है।
- राजस्थान पत्रिका के जोधपुर संस्करण को परम्परागत जलस्रोतों के संरक्षण पर उच्च कोटि के लेखन के लिए 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' प्रदान किया गया।

### अन्य प्रदत्त पुरस्कार

- **गोवर्धन हेडाऊ पुरस्कार**-दौलत सिंह चौहान (राजस्थान पत्रिका के ही वरिष्ठ पत्रकार)
- **राजमाता कृष्णा कुमारी पर्यावरण पुरस्कार**-मुरलीधर जोशी (गीताधाम, तिंवरी)
- **डॉ. गणपतराज पुरोहित पुरस्कार**- डॉ. नरेन्द्र सिंह मेडतिया
- **मघराज सिंघवी वन भूमि संरक्षण पुरस्कार**- मोतीसिंह (एडवोकेट, राज. उच्च न्यायालय)।

## तटरक्षक मेडल से अलंकृत सैनिकों को सुविधाओं की मंजूरी

- प्रदेश में अब तटरक्षक मेडल से अलंकृत सैनिकों को भी राजस्थान शौर्य पुरस्कार (नकद पुरस्कार और भूमि अनुदान) नियम 1966 के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा देय सुविधाओं का लाभ मिलेगा।
- बजट घोषणा 2023-24 के क्रम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस सम्बन्ध में आवश्यक स्वीकृति 28 जून, 2023 को प्रदान की है।
- **देय सुविधाएँ**- राष्ट्रपति तटरक्षक मेडल (वीरता) धारकों को ₹ 6 लाख नकद एवं 25 बीघा सिंचित भूमि या भूमि के एवज में ₹ 25 लाख नकद दिए जाएंगे।
  - ✓ *तटरक्षक मेडल (वीरता) धारकों को ₹ 30 हजार नकद एवं 25 बीघा सिंचित भूमि या भूमि के एवज में ₹ 25 लाख नकद राशि दी जाएगी।*
- **विशेष**- पदक धारकों को ये लाभ 26 जनवरी, 1990 से देय होंगे।

## केन्या में आयोजित होगा इंडो ईस्ट अफ्रीका ट्रेड एक्सपो- 2023

- दो दिवसीय 'इंडो ईस्ट अफ्रीका ट्रेड एक्सपो' (indo east-africa trade expo) का आयोजन केन्या की राजधानी नैरोबी में 5-6 जुलाई, 2023 को किया जाएगा।
  - ✓ *इस एक्सपो की अवधारणा इनवेस्ट राजस्थान समिट के दौरान रखी गई थी।*
- **आयोजक**- फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड इंडस्ट्रीज, राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल और राजस्थान एसोसिएशन ऑफ केन्या।
- **एक्सपो के लिए राजस्थान से नामित व्यक्ति**- इस दो दिवसीय इंडो ईस्ट अफ्रीका ट्रेड एक्सपो में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रवासी राजस्थानियों के बीच संवाद कायम करने और राजस्थान सरकार की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए फाउंडेशन के आयुक्त धीरज श्रीवास्तव को नामित किया है।

## Rajasthan News InShort

### वंदिता सहरिया

- जिनेवा में विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुख्यालय में आयोजित चौथे वार्षिक हेल्थ फॉर ऑल फिल्म फेस्टिवल में 'When Climate Change Turns Violent' नामक एक वृत्तचित्र ने 'Health for All' श्रेणी में एक विशेष पुरस्कार जीता है।
- डॉक्यूमेंट्री का निर्देशन राजस्थान की वंदिता सहरिया ने किया है। वह विजेताओं में एकमात्र भारतीय थीं।

### शिक्षा भूषण सम्मान

- सरकारी विद्यालयों में विकास कार्य करवाने वाले भामाशाह के राज्य और जिला स्तरीय सम्मान समारोह के प्रावधानों में शिक्षा विभाग द्वारा बदलाव किया गया है।
- नए शिक्षा सत्र में होने वाले सम्मान समारोह में ₹ 30 लाख या इससे अधिक सहयोग राशि देने वालों को 'शिक्षा भूषण सम्मान' प्रदान किया जाएगा।
  - ✓ *₹ 30 लाख से कम राशि से सहयोग करने वालों को अब जिला स्तर पर 'शिक्षा श्री' सम्मान दिया जाएगा।*
- उल्लेखनीय है कि विगत सत्र तक सरकारी स्कूलों में ₹ 15 लाख से अधिक का सहयोग करने वाले भामाशाह को 'शिक्षा भूषण' तथा ₹ 1 लाख से अधिक व ₹15 लाख तक का दान देने वाले भामाशाह को 'शिक्षा श्री' सम्मान दिया जाता था।

### ब्लू पॉटरी के लिए सेंटर फॉर एक्सीलेंस

- राज्य सरकार के उद्योग विभाग ने 'राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल' (आरईपीसी) के साथ मिलकर ब्लू पॉटरी के संरक्षण और संवर्द्धन के लिए यह योजना बनाई है।
- इसके लिए जयपुर शहर के आस-पास के क्षेत्र में राज्य से हस्तशिल्प उत्पादों आदि के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए शीघ्र ही 'ब्लू पॉटरी सेंटर फोर एक्सीलेंस एण्ड लॉजिस्टिक पार्क' की स्थापना की जाएगी।
- इसका उद्देश्य देश-दुनिया में राजस्थान की 'ब्लू पॉटरी' की विशिष्ट पहचान को नई ऊँचाई पर ले जाना है।

### उदयपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

- मुख्यमंत्री ने उदयपुर जिले में सीताफल, आम, वनोपज एवं औषधीय पादपों के अनुसंधान व उत्पादन की आधुनिकतम तकनीक विकसित किए जाने की दृष्टि से तीन सेंटर फॉर एक्सीलेंस स्थापित करने की घोषणा 26 जून, 2023 को की।
- मुख्यमंत्री ने उदयपुर के बलीचा में 100 बीघा जमीन पर ₹ 50 करोड़ की लागत से फल-सब्जी मण्डी बनाने की भी घोषणा की। इसके साथ ही, उन्होंने गौण मण्डी बलीचा को स्वतंत्र मण्डी घोषित करने की घोषणा की।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उदयपुर के बलीचा स्थित गौण मण्डी परिसर में दो दिवसीय **संभाग स्तरीय किसान महोत्सव** का शुभारम्भ 26 जून, 2023 को किया।

### राजस्थान युवा महोत्सव

- राजस्थान सरकार की बजट घोषणा की क्रियान्विति के क्रम में 'राजस्थान युवा महोत्सव' का आयोजन ब्लॉक, जिला एवं राज्य-स्तर पर जुलाई 2023 में किया जाएगा।



- इस महोत्सव में ग्रामीण एवं शहरी स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा।
- **उद्देश्य** : प्रदेश के युवाओं की प्रतिभाओं को निखारने, उन्हें मंच प्रदान करने एवं राज्य की लुप्त लोक कला एवं संस्कृति का संवर्द्धन करना।
- **प्रतिभागी** : इस युवा महोत्सव में 15 से 29 आयु वर्ग के अध्ययनरत एवं गैर-अध्ययनरत युवा भाग ले सकेंगे।
- **आयोजन** :
  - ✓ *ब्लॉक स्तर पर : 5-25 जुलाई, 2023*
  - ✓ *जिला स्तर पर : 26 जुलाई-10 अगस्त, 2023*
  - ✓ *राज्य स्तर पर : 20-22 अगस्त, 2023*
- **नोडल विभाग** : इस हेतु शिक्षा विभाग को नोडल विभाग बनाकर ब्लॉक स्तर के आयोजन के लिए ₹ 2 लाख और जिला स्तर के लिए ₹ 5 लाख की राशि स्वीकृत की गई है।

## स्वर्ण रजत कला विकास बोर्ड

- राज्य सरकार द्वारा 'स्वर्ण रजत कला विकास बोर्ड' का गठन किया जाएगा, जिसके प्रमुख अंग व कार्य निम्नवत होंगे–
- **बोर्ड का मुख्यालय** : जयपुर में होगा।
- **बोर्ड की संरचना** : बोर्ड में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष तथा 5 गैर-सरकारी सदस्य होंगे। इनका कार्यकाल 3 वर्ष का रहेगा।
- **प्रशासनिक विभाग** : सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग
- **बोर्ड के प्रमुख कार्य** : स्वर्ण एवं रजत कला समाज की सामाजिक एवं शैक्षणिक स्थिति, समाज की आर्थिक अभिवृद्धि, रोजगार बढ़ाने के उपाय।

## राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र एवं डिजिटल प्लेनेटोरियम

- प्रदेश में राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र एवं डिजिटल प्लेनेटोरियम की स्थापना कोटा के राजीव गांधी नगर में की जाएगी। इसके लिए वित्तीय प्रस्ताव को मुख्यमंत्री ने जून 2023 में स्वीकृति दे दी है।
- **केन्द्र की विशेषता** : केन्द्र में विज्ञान के कठिन सिद्धांतों को सरलता से समझाने के लिए **फन साइंस एवं थीमेटिक गैलरीज** का निर्माण होगा। **आउटडोर एवं इंडोर मॉडल्स** की स्थापना होगी तथा <u>भारत के वैज्ञानिकों के बारे में जानकारी</u> उपलब्ध रहेगी।
  - ✓ *यहाँ 80-85 दर्शक क्षमता वाला अत्याधुनिक डिजिटल प्लेनेटोरियम बनेगा, जिसमें विभिन्न खगोलीय ग्रहों की जानकारी उपलब्ध होगी।*
  - ✓ *यहाँ एक ऑडिटोरियम भी बनेगा, जिसमें 3-डी शो होंगे।*
- **उपयोगिता/लाभ :** यहाँ विद्यार्थी और आमजन दैनिक जीवन में विज्ञान की भूमिका व खगोलीय घटनाओं के रहस्य आकर्षक मॉडल्स एवं एक्सपेरिमेंट्स के माध्यम समझ सकेंगे।

## टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान

- ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त करने के लिए प्रदेश की 1440 पंचायतों में 'टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान' अगस्त 2022 से अप्रैल 2023 तक चलाया गया था।
- इस अभियान के परिणामस्वरूप राज्य के 7 जिलों की 29 ग्राम पंचायतों को चिकित्सा विभाग द्वारा टीबी मुक्त घोषित किया गया है।
  - ✓ *जिन जिलों की 29 पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है, उनमें अलवर, चूरू, हनुमानगढ़, जैसलमेर, झुंझुनूं, सीकर और बूँदी जिले की पंचायतें शामिल हैं।*

## हस्तशिल्प एवं हथकरघा निदेशालय

- प्रदेश के शिल्पकारों तथा बुनकरों के उत्थान के लिए 'हस्तशिल्प एवं हथकरघा निदेशालय' **जोधपुर में** खोला जाएगा।
  - ✓ *उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त इस हस्तशिल्प एवं हथकरघा निदेशालय के पदेन निदेशक होंगे।*
- **मुख्य कार्य** : निदेशालय हस्तशिल्प नीति-2022 के अनुसार विभिन्न कार्यों को सम्पादित करेगा। निदेशालय का मुख्य कार्य राज्य के हस्तशिल्प एवं हथकरघा क्षेत्र का विकास करना होगा।

## रोड़ सेफ्टी टास्क फोर्स

- प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के प्रयास के तहत् मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जिला-स्तर पर 'रोड सेफ्टी टास्क फोर्स' के गठन को मंजूरी दी है।
- जिला सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स का कार्यकाल 3 वर्ष के लिए होगा।
- **प्रशासनिक विभाग** : परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग।
- **अध्यक्षता व बैठक** : सम्बन्धित जिले के जिला कलक्टर की अध्यक्षता में गठित होने वाली इस टास्क फोर्स की बैठक प्रत्येक 3 माह में कम से कम एक बार अवश्य आयोजित होगी।
- **कार्य** : जिला सड़क सुरक्षा टास्क फोर्स जिले में सड़क दुर्घटनाओं एवं उनसे होने वाली मृत्यु दर में वर्ष 2030 तक 50 प्रतिशत की कमी लाने के लिए वार्षिक कार्य योजना की प्रभावी क्रियान्विति करेगी।

## सहकार ग्राम आवास योजना


- किसान को खेत पर आवास पर निर्माण के लिए 'सहकार ग्राम आवास योजना' जारी कर दी गई है।
- इस योजना के तहत् खेतों पर आवास बनाने के इच्छुक कृषकों को केन्द्रीय सहकारी बैंकों द्वारा ₹ 50 लाख तक का ऋण तीन किश्तों में उपलब्ध कराया जाएगा।
- **ब्याज अनुदान** : समय पर ऋण चुकाने वाले किसानों को 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान मिलेगा। इस प्रकार किसान को 6 प्रतिशत ब्याज देना होगा। यह ऋण दीर्घकालीन अवधि (15 वर्ष) का होगा।

- जून 2023 में केन्द्रीय वाणिज्य मंत्रालय के तहत् कार्यरत विकास आयुक्त नोएडा सेज ने राजस्थान के किस वित्तीय संस्था को वाणिज्यिक निर्यात की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ सेज विकासकर्त्ता का पुरस्कार दिया है? **रीको**
- प्रदेश में बाल एवं यौन अपराधों के पीड़ितों एवं अन्य संवेदनशील गवाहों को सुरक्षित वातावरण में गवाही की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री ने राज्य के 36 न्याय क्षेत्रों के मुख्यालयों पर किस प्रकार के सेंटर्स की स्थापना की स्वीकृति जून 2023 में दी है? **वल्नरेबल विटनस डिपोजिशन सेंटर्स**
- राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना का दायरा बढ़ाते हुए किन रोगियों के लिए पैकेज शामिल किए हैं, जिन्हें पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रथम वर्ष में संभागीय स्तर पर 7 मेडिकल कॉलेजों में लागू किया जाएगा? **कॉक्लियर इम्प्लांट रिप्लेसमेंट एवं डायबिटीज रोगियों के लिए**
- उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री शकुन्तला रावत ने तमिलनाडु राज्य के किस जिले में नवनिर्मित 'राजस्थानी संघ भवन' का उद्घाटन 28 जून, 2023 को किया? **कोयम्बटूर**
- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने यादव समाज के लिए किस बोर्ड के गठन की घोषणा 25 जून, 2023 को की? **श्रीकृष्ण बोर्ड**
- प्रदेश के कतिन एवं बुनकरों को खादी ग्रामोद्योग सम्बन्धित प्रशिक्षण दिए जाने सम्बन्धी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। खादी बोर्ड द्वारा कोटा, जोधपुर, भरतपुर, बीकानेर के अतिरिक्त अन्य किन स्थानों में प्रशिक्षण केन्द्र संचालित हैं? **अजमेर (पुष्कर), जयपुर (सांगानेर) तथा सिरोही (माउंट आबू)**
- बजट घोषणा 2023-24 की अनुपालना में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किस स्थान पर नवीन होम्योपैथिक महाविद्यालय खोले जाने के प्रस्ताव को जून 2023 में मंजूरी दे दी है? **भरतपुर**
- जोधपुर में किस यूनिवर्सिटी की स्थापना की जाएगी, जिसके प्रथम फेज के कार्यों के लिए मुख्यमंत्री ने ₹ 35 करोड़ की मंजूरी दी है? **मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी**
- युवा मामले, खेल तथा सूचना एवं जनसंपर्क राज्यमंत्री अशोक चाँदना ने बूंदी के किस टाइगर रिजर्व में पहली जंगल सफारी का शुभारम्भ 23 जून, 2023 को किया? **रामगढ़ विषधारी वन्य जीव अभयारण्य**
- उप-राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 25 जून, 2023 को प्रदेश के कितने जिलों में आयोजित किया गया? **23 जिलों में**
- मुख्यमंत्री ने 1 अप्रेल, 2023 से राज्य की आशा सहयोगिनियों के मानदेय में 15% की वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इससे आशा सहयोगिनियों का मानदेय ₹ 3,564 प्रतिमाह से बढ़कर कितना हो जाएगा? **₹ 4,098 प्रतिमाह**
- देश की पहली इंटीग्रेटेट पब्लिक हैल्थ लैब कहाँ शुरू की गई है? **राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय कोटपुतली**
- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं, प्रसूताओं एवं शिशुओं को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की ऑनलाइन ट्रेकिंग, रिपोर्टिंग और मॉनिटरिंग के लिए कौनसा एप 21 जून, 2023 को लॉन्च किया है? **पीसीटीएस मोबाइल एप**
- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शांति एवं सद्भाव का संदेश घर-घर पहुँचाने के लिए प्रदेश में 50 हजार युवा **महात्मा गांधी सेवा प्रेरक** ग्राम पंचायत और शहरी वार्ड स्तर पर नियुक्ति किए जाएँगे। इन प्रेरकों को देय मानदेय क्या होगा? **₹ 4500 प्रतिमाह**
- राज्य सरकार ने पाली में कहाँ पर '**लेपर्ड कन्जर्वेशन रिजर्व**' विकसित करने के प्रस्ताव को 21 जून, 2023 को मंजूरी दी है? **गोडवाड़ देसुरी में**
- संरक्षित वन क्षेत्र '**वाडाखेड़ा**' किस जिले में है जहाँ विभिन्न विकास कार्यों के प्रस्ताव को मुख्यमंत्री ने जून, 2023 में मंजूरी दी है? **सिरोही**
- जयपुर में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून, 2023 को आयोजित जिला-स्तरीय समारोह की थीम क्या थी? **हर घर-आँगन योग, वसुधैव कुटुम्बकम्**
- औद्योगिक क्षेत्र के प्रदूषित पानी की एक- एक बूँद का रिसाइकिल कर सदुपयोग करने के उद्देश्य से भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र में 'सीईटीपी' स्थापित किया जाएगा। 'सीईटीपी' का पूर्णरूप क्या है? **कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट**
- राज्य सरकार ने राजीव गांधी ग्रामीण एवं शहरी ओलम्पिक खेलों के आयोजन की तिथि में परिवर्तन किया है। इन खेलों का शुभारम्भ 23 जून, 2023 के स्थान पर अब कब किया जाएगा? **10 जुलाई, 2023**
- 'इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना' के तहत दिए जाने वाले ऋण (50,000 रुपए तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाता है) के दस्तावेजों पर स्टाम्प ड्यूटी में छूट की अवधि 31 मार्च, 2023 से बढ़ाकर कब तक कर दी गई है? **31 मार्च, 2024**
- 'चौगान स्टेडियम' राज्य में कहाँ स्थित है, जिसके जीर्णोद्धार के वित्तीय प्रस्ताव को मुख्यमंत्री ने मंजूरी प्रदान की है? **जयपुर**
- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने लोधी, लोधा, निषाद, कश्यप, केवट तथा सिद्ध समाज के प्रभावी विकास के लिए किस बोर्ड का गठन किए जाने की घोषणा 15 जून, 2023 को की? **महारानी अवन्ती बाई लोधी विकास बोर्ड**

- राजस्थान सरकार नवी मुंबई में स्थित राजस्थान भवन की तर्ज पर प्रवासी राजस्थानियों के लिए देश के अन्य किन शहरों में राजस्थान भवन के निर्माण की योजना बना रही है? **बेंगलुरू, कोलकाता तथा चेन्नई**
- मुख्यमंत्री द्वारा जून 2023 में दी गई स्वीकृति के अनुसार 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना' के अन्तर्गत राजस्थान में नियोजित मेट की प्रति दिवस मजदूरी ₹ 240 से बढ़ाकर कितनी कर दी गई है? **₹ 255 प्रति दिवस**
- एनीमिया विरुद्ध राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियानों की प्रगति के संदर्भ में चिकित्सा विभाग द्वारा जारी जिला रैंकिंग में डूंगरपुर निम्नतम स्थान पर रहा। इस सूची में शीर्ष स्थान किसे प्रदान किया गया है? **जयपुर**
- तम्बाकू सेवन के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता विकसित करने के साथ ही तंबाकू उत्पादों की बिक्री, सेवन और विज्ञापन करने पर कोटपा अधिनियम के तहत् कार्यवाही करने के लिए प्रदेश में किस 60-दिवसीय अभियान का संचालन 31 मई, 2023 से किया जा रहा है? **टोबेको फ्री युवा कैम्पेन**
- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बाँसवाड़ा के लंकाई (बागीदौरा) में अपर हाई लेवल केनाल परियोजना के अंतर्गत किस नदी पर साइफन निर्माण और मगरदा में ₹ 2500 करोड़ की अपर हाई लेवल केनाल परियोजना का शिलान्यास 12 जून, 2023 को किया? **अनास नदी**
- मुख्यमंत्री द्वारा जून 2023 में दी गई स्वीकृति के बाद चिकित्सा अधिकारी एवं चिकित्सक शिक्षकों द्वारा उच्च अध्ययन के लिए कितने वर्ष तक के लिए ली जाने वाली असाधारण अवकाश की अवधि अब विभिन्न उद्देश्यों के अन्तर्गत अर्हक सेवा मानी जाएगी? **3 वर्ष**
- राज्यपाल कलराज मिश्र ने आबूरोड में नगर सुधार न्यास आबू द्वारा विकसित किस पुस्तकालय का लोकार्पण 12 जून, 2023 को किया? **गोविंद गुरु पुस्तकालय**
- मुख्यमंत्री ने भरतपुर में किस चिकित्सा पद्धति के अन्तर्गत रेजिमेंटल हिजामा थेरेपी का उत्कृष्टता केन्द्र (Centre of Excellence in Regimental, Hijama Therapy) खोले जाने की मंजूरी जून 2023 में दी है? **यूनानी चिकित्सा**
- 'अंजीर उत्कृष्टता केन्द्र', 'पपीता उत्कृष्टता केन्द्र' तथा 'अमरूद उत्कृष्टता प्रशिक्षण केन्द्र' क्रमशः कहाँ स्थापित किए जा रहे हैं, जिनके संचालन हेतु 19 पदों के सृजन को मुख्यमंत्री ने जून 2023 में मंजूरी दी है? **सिरोही, दौसा और सवाई माधोपुर**
- प्रदेश में महर्षि नवल के पैनोरमा का निर्माण कहाँ किया जाएगा? **जोधपुर**
- मुख्यमंत्री ने किन मेडिकल कॉलेजों में साइकोलॉजिकल काउंसलिंग सेंटर स्थापित किए जाने की स्वीकृति 28 जून, 2023 को प्रदान की है? **जयपुर, जोधपुर एवं कोटा**
- जोधपुर में दो दिवसीय संभाग स्तरीय किसान महोत्सव का आयोजन 30 जून-1जुलाई, 2023 को किस स्थान पर किया जा रहा है? **कृषि विश्वविद्यालय मंडोर, जोधपुर**
- जल जीवन मिशन के तहत् हाल ही में स्वीकृत ₹ 22,854 करोड़ की पांच वृहद् पेयजल परियोजनाओं में राज्य सरकार द्वारा खर्च की जाने वाली राशि लगभग कितने प्रतिशत होगी? **60 प्रतिशत**
- राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने राजस्थान उच्च न्यायालय और जिला न्यायपालिका के लिए किस नव विकसित पोर्टल का उद्घाटन 5 जून, 2023 को किया? **e-RTI Portal**
- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किस मध्यकालीन भक्ति साहित्य के प्रसिद्ध संत के नाम पर उदयपुर स्थित मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में शोध अध्ययन केन्द्र स्थापित करने के प्रस्ताव को जून 2023 में मंजूरी प्रदान की है? **संत पीपाजी**

## राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएँ संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा-2023 हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित


- राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएँ संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं।
- **पद संख्या** : 905 (राज्य सेवाएँ - 424 एवं अधीनस्थ सेवाएँ - 481)
- **शैक्षणिक योग्यता** : स्नातक
- **आयु-सीमा** : 21 वर्ष से 40 वर्ष (1 जनवरी, 2024 को); नियमानुसार छूट देय।
- **चयन प्रकिया** : प्रतियोगी परीक्षा (प्रारम्भिक परीक्षा वस्तुनिष्ठ प्रकार की एवं मुख्य परीक्षा वर्णनात्मक रूप में ली जावेगी।) एवं साक्षात्कार
- **परीक्षा का माह** : सितम्बर/अक्टूबर 2024
- **परीक्षा पाठ्यक्रम** : विस्तृत पाठ्यक्रम आयोग की वेबसाइट पर पृथक से जारी किया जाएगा।
- **आवेदन की अवधि** : 1 जुलाई, 2024 से 31 जुलाई, 2024 (रात्रि 12.00 बजे तक)
- आवेदन-पत्र भरने से सम्बन्धित आवश्यक दिशा-निर्देश एवं अन्य जानकारी के लिए आयोग की बेवसाइट https://rpsc.rajasthan.gov.in/ देखें।



# पुरस्कार एवं सम्मान

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिला मिस्र का सर्वोच्च सम्मान

- मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 25 जून, 2023 को काहिरा प्रेसीडेंसी में आयोजित एक समारोह में देश के सर्वोच्च सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द नाइल' (Order of the Nile Award) से सम्मानित किया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यह पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले भारतीय हैं।



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी**

- वर्ष 1915 में शुरू किया गया यह सम्मान उन राष्ट्राध्यक्षों, राजकुमारों और उपराष्ट्रपतियों को दिया जाता है, जिन्होंने मिस्र या मानवता की अमूल्य सेवा की हो।
- यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिया गया 13वाँ सर्वोच्च राजकीय सम्मान है।

**Know The Facts :**

- 'ऑर्डर ऑफ द नाइल' शुद्ध सोने से बना होता है, जिसमें वर्गाकार सोने की तीन इकाइयाँ शामिल हैं, जिनमें मिस्र पर शासन करने वाले बादशाह फिरौन के प्रतीक शामिल हैं।
- पहली इकाई राष्ट्र को बुराइयों से बचाने का विचार पेश करती है, जबकि दूसरी इकाई नील नदी द्वारा लाई गई समृद्धि एवं खुशी का प्रतीक है और तीसरी इकाई धन एवं सहनशीलता को संदर्भित करती है।
- यह तीनों इकाइयाँ एक-दूसरे से सोने से बने गोलाकार फूलों से जुड़ी होती हैं, जिसमें फिरोजा और रूबी रत्न जड़े होते हैं।

### पीएम मोदी को मिल चुके हैं ये सम्मान

- पिछले 9 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी को पापुआ न्यू गिनी के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार 'कंपेनियन ऑफ द ऑर्डर ऑफ लोगोहू', फिजी के 'द कम्पेनियन ऑफ द ऑर्डर', पलाऊ गणराज्य के 'एबाकल' पुरस्कार, भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्याल्प' से सम्मानित किया जा चुका है।
- इसके अलावा पीएम मोदी को अमेरिकी सरकार द्वारा 'लीजन ऑफ मेरिट', बहरीन द्वारा 'किंग हम्माद ऑर्डर ऑफ द रिनेसांस', मालदीव द्वारा 'द ऑर्डर ऑफ द डिस्टिंग्यूस्ड रूल ऑफ निशां इज्जुद्दीन', रूस के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू' से सम्मानित किया गया है।
- प्रधानमंत्री मोदी को संयुक्त अरब अमीरात का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ जायद अवॉर्ड', फिलस्तीन का 'द ग्रैंड कॉलर ऑफ द स्टेट ऑफ फिलस्तीन अवॉर्ड', अफगानिस्तान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द स्टेट ऑर्डर ऑफ गाजी अमीर अमानुल्ला खान' और गैर-मुस्लिम गणमान्य व्यक्तियों को दिए जाने वाले सऊदी अरब के सर्वोच्च सम्मान 'ऑर्डर ऑफ अब्दुल अजीज अल सऊद' से भी सम्मानित किया जा चुका है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सूरीनाम का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

- भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सूरीनाम के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'द ग्रैंड ऑर्डर ऑफ द चेन ऑफ यलो स्टार' से सम्मानित किया गया है।



**सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी ने भारतीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सूरीनाम के सर्वोच्च नागरिक अवॉर्ड से सम्मानित किया।**

- उन्हें यह सम्मान रिपब्लिक ऑफ सूरीनाम के राष्ट्रपति चंद्रिका प्रसाद संतोखी ने 5 जून, 2023 को प्रदान किया।
- राष्ट्रपति मुर्मू यह सम्मान पाने वाली पहली भारतीय बन गई हैं।

- उल्लेखनीय है कि भारतीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 4-6 जून, 2023 को सूरीनाम की यात्रा पर रहीं। उनको सूरीनाम में भारतीयों के आगमन की 150वीं वर्षगाँठ के अवसर पर समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था।

## राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 22 जून, 2023 को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में 30 नर्सिंग पेशेवरों को वर्ष 2022 और 2023 के लिए 'राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल' पुरस्कार प्रदान किए।
- 'राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल' पुरस्कार की स्थापना भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा वर्ष 1973 में नर्सों एवं नर्सिंग पेशेवरों द्वारा समाज को प्रदान की गई सराहनीय सेवाओं को सम्मानित करने हेतु की गई थी।
- इन पुरस्कारों का प्राथमिक उद्देश्य पूरे भारत में नर्सों के उल्लेखनीय कार्यों को स्वीकार करना और उनकी सराहना करना है।

**Know The Facts** : यह पुरस्कार फ्लोरेंस नाइटिंगेल के सम्मान में दिए जाते हैं, जिन्हें **आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक** माना जाता है।

## साहित्य अकादमी द्वारा वर्ष 2023 के बाल साहित्य एवं युवा पुरस्कारों की घोषणा

- साहित्य अकादमी ने वर्ष 2023 के लिए अपने बाल साहित्य पुरस्कार के 22 और युवा पुरस्कार के 20 विजेताओं की सूची की घोषणा की है।

### साहित्य अकादमी बाल साहित्य पुरस्कार-2023

- साहित्य अकादमी के वर्ष 2023 के बाल साहित्यिक पुरस्कार 22 भाषाओं के साहित्यकारों को उनकी उत्कृष्ट रचनाओं के लिए दिया गया है।
- कश्मीरी भाषा के लिए यह पुरस्कार इस वर्ष किसी को नहीं दिया गया है, जबकि मणिपुरी भाषा के लिए पुरस्कार की घोषणा बाद में करने की बात अकादमी की 22 जून, 2023 की विज्ञप्ति में कही गई है।
- **हिंदी भाषा** में बाल साहित्य पुरस्कार के लिए सूर्यनाथ सिंह को उनके कहानी संग्रह 'कौतुक ऐप' का चयन किया गया है।
- **अंग्रेजी भाषा** के लिए यह पुरस्कार लेखिका सुधा मूर्ति को उनके कहानी संग्रह **'ग्रैंड पेरेंट्स बैग ऑफ स्टोरीज'** को दिया जाएगा।
- **राजस्थानी भाषा** के लिए यह पुरस्कार **किरण बादल** को **उनके संस्मरण 'टाबरां री दुनियां'** के लिए दिया जाएगा।
- **बाल साहित्य पुरस्कार के अन्य विजेता**
  - ✓ *रोथिन्द्रनाथ गोस्वामी (असमिया), श्यामलकांति दास (बंगाली), प्रतिमा नंदी नरज़ारी (बोडो), बलवान सिंह जमोरिया (डोगरी), रक्षाबाहेन प्रह्लादराव दवे (गुजराती), विजयश्री हलदी (कन्नड़), तुकाराम रामा शेट (कोंकणी), अक्षय आनंद 'सनी' (मैथिली), प्रिया एएस (मलयालम), एकनाथ अव्हाड (मराठी), मधुसूदन बिष्ट (नेपाली), जुगल किशोर सारंगी (ओड़िया), गुरुमीत कार्यालवी (पंजाबी), राधावल्लभ त्रिपाठी (संस्कृत), मानसिंह माझी (संथाली), ढोलन राही (सिंधी), उदयशंकर (तमिल), डीके चदुवुला बाबू (तेलुगू), और मतीन अचलपुरी (उर्दू)।*

**महत्वपूर्ण तथ्य**

- ➢ इन पुरस्कारों के पुरस्कार वर्ष से 5 वर्ष पूर्व (1 जनवरी, 2017 से 31 दिसम्बर, 2021) के दौरान पहली बार प्रकाशित पुस्तकों पर ही विचार ज्यूरी द्वारा किया गया था।
- ➢ बाल साहित्य पुरस्कार के तहत् पुरस्कृत साहित्यकारों को पुरस्कार के तहत् ताम्र-पत्र के साथ ₹ 50-50 हजार की राशि बाद में किसी समारोह में प्रदान की जाएगी।

### साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार-2023

- साहित्य अकादमी के वर्ष 2023 के युवा पुरस्कार हेतु 20 भाषाओं के साहित्यकारों को उनकी उत्कृष्ट रचनाओं के लिए चुना गया है।
- ओडिया भाषा के लिए यह पुरस्कार इस वर्ष किसी को नहीं दिया गया है, जबकि मैथिली, मणिपुरी और संस्कृत भाषा के लिए इस पुरस्कार की घोषणा बाद में करने की बात अकादमी की 23 जून, 2023 की विज्ञप्ति में कही गई है।
- **हिन्दी भाषा** के साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार के लिए **अतुल कुमार राय के उपन्यास 'चाँदपुर की चंदा'** तथा **अंग्रेजी भाषा** के लिए अनिरुद्ध केनिशेट्टी की ऐतिहासिक कथेत्तर साहित्य (Historical Non Fiction) **'लॉर्ड्स ऑफ डेक्कन : सदर्न इंडिया फ्रॉम द चालुक्यास टू द चोलास'** का चयन किया गया है।
- **राजस्थानी भाषा** के लिए यह पुरस्कार **देवीलाल माहिया के कविता संग्रह 'अंतास रो ओल्मो'** के लिए दिया जाएगा।
- **युवा पुरस्कार के अन्य विजेता -**
  - ✓ *जिंटू गीतार्थ (असमिया), हमीरुद्दीन मिद्या (बंगाली), मैनाओश्री दैमारी (बोडो), धीरज बिस्मिल (डोगरी), सागर शाह (गुजराती), मंजुनायक चल्लूर (कन्नड़), निघाट नसरीन (कश्मीरी), तन्वी कामत बम्बोलकर (कोंकणी), गणेश पुथुर (मलयालम), विशाखा विश्वनाथ (मराठी), नैना अधिकारी (नेपाली), संदीप (पंजाबी), बापी टुडू (संथाली), मोनिका जे पंजवानी (सिंधी), राम थंगम (तमिल), जॉनी तक्केदासिला (तेलुगू) और तौसीफ बरेलवी (उर्दू)।*

**महत्वपूर्ण तथ्य**

- ➢ साहित्य अकादमी के युवा पुरस्कार ऐसी रचनाओं के लेखकों को ही दिए जाते हैं, जिनकी उम्र पुरस्कार वर्ष की 1 जनवरी को 35 वर्ष से कम हो।
- ➢ युवा पुरस्कारों के तहत् पुरस्कृत लेखकों को पुरस्कार के तहत् ताम्र-पत्र के साथ ₹ 50-50 हजार की राशि बाद में किसी समारोह में प्रदान की जाएगी।

## WHO के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस घेब्रेयेसस ओलम्पिक ऑर्डर से सम्मानित

- 'अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति' (IOC) ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस घेब्रेयेसस को **ओलम्पिक ऑर्डर** से सम्मानित किया है।
  - ✓ *अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाक ने 20 जून, 2023 को ओलम्पिक हाउस में डॉ. टेड्रोस को ओलम्पिक ऑर्डर प्रदान किया।*



**आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाक (दाँये) ओलम्पिक हाउस में डॉ. टेड्रोस (बाँये) को ओलंपिक ऑर्डर प्रदान करते हुए।**

- डॉ. टेड्रोस को यह सम्मान कोविड-19 महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बीच भी ओलम्पिक खेलों 'टोक्यो-2020' को सम्भव बनाने में उनके प्रेरणादायक प्रयासों के लिए दिया गया है।
- डॉ. टेड्रोस को वर्ष 2024 में होने वाले ओलम्पिक गेम्स, पेरिस में सम्मानित अतिथि बनने के लिए आमंत्रित भी किया गया है।

***Salient Point...***

- आईओसी और डब्ल्यूएचओ का नवीनतम सहयोग इस वर्ष ओलम्पिक दिवस के लिए 'लेट्स मूव' अभियान है।
- **Let's Move अभियान** : 'लेट्स मूव' अभियान शारीरिक रूप से सक्रिय होने के महत्व पर केन्द्रित है और नियमित व्यायाम के लाभों पर प्रकाश डालता है।

## सलमान रुश्दी को जर्मन बुक ट्रेड-2023 का शांति पुरस्कार

- सुप्रसिद्ध लेखक सलमान रुश्दी को जर्मन बुक ट्रेड का 2023 के लिए शांति पुरस्कार दिए जाने की घोषणा 19 जून, 2023 को की गई है।
  - ✓ *यह पुरस्कार उन्हें 22 अक्टूबर, 2023 को फ्रैंकफर्ट में प्रदान किया जाएगा।*
- इस पुरस्कार का उद्देश्य शांति, संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों को प्रोत्साहित करना है।

**Know The Facts** : वर्ष 1950 में स्थापित जर्मन बुक ट्रेड का शांति पुरस्कार उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने अपने साहित्यिक कार्यों के माध्यम से राष्ट्रों और संस्कृतियों के बीच अन्तर्राष्ट्रीय समझ को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## अरुंधती रॉय को यूरोपीय निबंध पुरस्कार

- लेखिका एवं कार्यकर्ता अरुंधती रॉय को **आजीवन उपलब्धि के लिए 45वें यूरोपीय निबन्ध पुरस्कार** से सम्मानित किया गया है।
  - ✓ *'चार्ल्स वीलन फाउंडेशन' द्वारा प्रदत्त यह पुरस्कार* अरुंधती को स्विस शहर लॉज़ेन में 12 सितम्बर, 2023 को प्रदान किया जाएगा।
- अरुंधती रॉय को यह सम्मान 2021 में प्रकाशित 'आज़ादी' नामक निबंध संकलन के फ्रेंच अनुवाद के लिए दिया गया है।
  - ✓ *'आजादी' कल्पना और वैकल्पिक कल्पनाओं पर जोर देते हुए एक तेजी से अधिनायकवादी विश्व में स्वतंत्रता की अवधारणा की पड़ताल करती है।*

**यूरोपीय निबंध पुरस्कार**

- यह पहला साहित्यिक पुरस्कार है जो पूरी तरह से निबंध की शैली को समर्पित है।
- यह पुरस्कार उत्कृष्ट निबंधों को मान्यता देता है जो वर्तमान समाजों, उनकी प्रथाओं और विचारधाराओं की आलोचना करते हैं।
- यह साहित्यिक परिदृश्य में अपनी दीर्घकालिक उपस्थिति को उजागर करते हुए 1975 से सम्मानित किया जा रहा है।

## गीता प्रेस, गोरखपुर को 2021 के लिए गांधी शांति पुरस्कार

- संस्कृति मंत्रालय ने वर्ष 2021 का गांधी शांति पुरस्कार 'गीता प्रेस, गोरखपुर' को दिए जाने की घोषणा 18 जून, 2023 को की है।




- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में निर्णायक मंडल ने 18 जून, 2023 को विचार-विमर्श के पश्चात सर्वसम्मति से वर्ष 2021 के गांधी शांति पुरस्कार के लिए गीता प्रेस, गोरखपुर का चयन किया है।
  - ✓ *भारत के प्रधानमंत्री, भारत के मुख्य न्यायाधीश, लोकसभा में सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता और दो प्रतिष्ठित सदस्यों की एक ज्यूरी पुरस्कार प्रदान करने का निर्णय लेती है।*
- यह पुरस्कार गीता प्रेस, गोरखपुर को अहिंसक और अन्य गांधीवादी आदर्शों के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक क्षेत्र में परिवर्तन लाने में उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जा रहा है।

- पुरस्कार स्वरूप एक करोड़ रुपए की राशि, एक प्रशस्ति-पत्र, एक पट्टिका और एक उत्कृष्ट पारंपरिक हस्तकला/हथकरघा विशिष्ट कृति प्रदान की जाती है।
- उल्लेखनीय है कि गीता प्रेस बोर्ड ने पुरस्कार स्वरूप दी जाने वाली 1 करोड़ की राशि लेने से इंकार करते हुए कहा है कि वह केवल प्रशस्ति-पत्र, पट्टिका और एक उत्कृष्ट पारंपरिक हस्तकला/हथकरघा विशिष्ट कृति स्वीकार करेगा।

**महत्वपूर्ण बिन्दु**


- वर्ष 1923 में स्थापित गीता प्रेस विश्व में सबसे बड़े प्रकाशकों में से एक है। इसने 14 भाषाओं में 41.7 करोड़ पुस्तकों का प्रकाशन किया है, जिनमें 16.21 करोड़ श्रीमद् भगवद् गीता पुस्तकें शामिल हैं।
- इस संस्था ने राजस्व सृजन के लिए कभी भी अपने प्रकाशनों के लिए विज्ञापन नहीं लिए।
- गीता प्रेस अपने संबद्ध संगठनों के साथ जीवन के उत्तरोत्तर विकास और सर्वजन-कल्याण के लिए प्रयासरत है।
- उल्लेखनीय है कि गीता प्रेस ने इसी वर्ष अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे किए हैं।

**गांधी शांति पुरस्कार**

- यह पुरस्कार सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक परिवर्तन लाने के लिए अहिंसा के गांधीवादी सिद्धांत को दर्शाता है। गांधी शांति पुरस्कार महात्मा गांधी की 125वीं जयंती के अवसर पर वर्ष 1995 में शुरू किया गया था।
- हाल के वर्षों में **2019 में** ओमान के **सुल्तान कबूस बिन सैद अल सैद** और **2020 में** बांग्लादेश के **बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान** को गांधी शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

## रामचंद्र गुहा की पुस्तक को एलिजाबेथ लॉन्गफोर्ड पुरस्कार

- भारतीय इतिहासकार और लेखक रामचंद्र गुहा की पुस्तक 'रिबेल्स अगेंस्ट द राज : वेस्टर्न फाइटर्स फॉर इंडियाज फ्रीडम' (Rebels Against the Raj — Western Fighters for India's Freedom) ने ऐतिहासिक जीवनी 2023 के लिए **एलिजाबेथ लॉन्गफोर्ड** (Elizabeth Longford Prize) पुरस्कार जीता है।





- पुस्तक सात व्यक्तियों (4 ब्रिटिश, 2 अमेरिकी और 1 आयरिश) की कहानी बताती है जो ब्रिटिश शासन के खिलाफ भारत की आजादी की लड़ाई में शामिल हुए थे।
  - ✓ *इनमें एनी बेसेंट, बीजी हॉर्निमैन, फिलिप स्प्रैट, रिचर्ड रॉल्फ कीथन, सैमुअल स्टोक्स, मेडलिन स्लेड और कैथरीन मैरी हेलमैन शामिल थे।*
  - ✓ *भारत आने के बाद स्टोक्स, स्लेड और हेलमैन ने अपना नाम क्रमशः सत्यानंद, मीरा बेन और सरला बहन रख लिया था।*
- गुहा को 5,000 पाउंड (लगभग ₹ 5 लाख) और एलिजाबेथ लॉन्गफोर्ड के संस्मरण की बाउंड कॉपी से सम्मानित किया गया है।

**Know The Facts :**

- लॉन्गफोर्ड पुरस्कार की स्थापना 2003 में फ्लोरा फ्रेजर और पीटर सोरोस ने ब्रिटिश इतिहासकार एलिजाबेथ लॉन्गफोर्ड की याद में की थी।
- ऐतिहासिक जीवनी में अनुकरणीय कार्य करने वालों को यह पुरस्कार दिया जाता है।

## आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास 'गवर्नर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से सम्मानित

- भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास को सेन्ट्रल बैंकिंग अवॉर्ड्स-2023 में 'गवर्नर ऑफ द ईयर अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह पुरस्कार लंदन में 12 जून, 2023 को 'सेंट्रल बैंकिंग' के द्वारा प्रदान किया गया।
  - ✓ *आरबीआई गवर्नर को यह पुरस्कार देने की घोषणा मार्च 2023 में की गई थी।*




**शक्तिकांत दास**

- उन्हें यह सम्मान COVID महामारी के दौरान लिए गए फैसलों और मुद्रास्फीति के कुशल प्रबंधन के लिए दिया गया है।
- उनकी लीडरशिप में RBI ने क्रिटिकल रिफॉर्म्स को लागू किया, इनोवेटिव पेमेंट सिस्टम्स की शुरुआत की और महामारी के दौरान ग्रोथ-सपोर्टिव मेजर्स भी दिए। वहीं, हाल ही में उन्होंने ₹ 2000 के नोटों को सर्कुलेशन से बाहर करने का फैसला लिया है।
- उल्लेखनीय है कि शक्तिकांत दास **'गवर्नर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से सम्मानित होने वाले दूसरे RBI गवर्नर** हैं। इससे पहले 2015 में रघुराम राजन को 'गवर्नर ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

**Know The Facts :**

- 'सेंट्रल बैंकिंग' संस्था विश्वभर के केन्द्रीय बैंकों और वित्तीय नियामकों से सम्बन्धित गतिविधियों पर नजर रखती है और उनका विश्लेषण करती है।
- सेंट्रल बैंकिंग एक अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक रिसर्च जरनल है।

## तेलंगाना की 5 इमारतों और संरचनाओं को अन्तर्राष्ट्रीय ग्रीन एप्पल पुरस्कार

- शहरी और रियल एस्टेट क्षेत्र की श्रेणी में **'सुंदर इमारतों के लिए अन्तर्राष्ट्रीय ग्रीन एप्पल पुरस्कार'** प्राप्त करने के लिए तेलंगाना से 5 इमारतों और संरचनाओं का चयन किया गया है।
- यह पुरस्कार लंदन में स्थित एक स्वतंत्र गैर-लाभकारी संगठन **'द ग्रीन ऑर्गनाइजेशन'** द्वारा प्रदान किया जाता है।
  - ✓ *यह पुरस्कार वैश्विक पर्यावरणीय सर्वोत्तम प्रथाओं को पहचानने और बढ़ावा देने के लिए प्रतिवर्ष प्रस्तुत किए जाते हैं।*
- भारत के किसी भवन/संरचना को **ग्रीन एप्पल पुरस्कार से पहली बार** सम्मानित किया गया है, जिसमें तेलंगाना को सभी पाँच पुरस्कार प्रदान किए गए हैं।
- **तेलंगाना से चयनित 5 इमारतें :-**
  - ✓ *मोज़्ज़म-जाही मार्केट (विरासत श्रेणी)*
  - ✓ *दुर्गम चेरुवु केबल ब्रिज (पुल श्रेणी)*
  - ✓ *बी आर अम्बेडकर तेलंगाना राज्य सचिवालय भवन (सौंदर्यपूर्ण रूप से डिज़ाइन किया गया कार्यालय और कार्यक्षेत्र भवन श्रेणी)*
  - ✓ *तेलंगाना पुलिस का एकीकृत कमांड कंट्रोल सेंटर (अद्वितीय कार्यालय श्रेणी)*
  - ✓ *यदाद्री मंदिर (उत्कृष्ट धार्मिक संरचना श्रेणी)।*

## भारतीय मूल की प्रोफेसर जोइता गुप्ता को 'डच नोबेल पुरस्कार'

- भारतीय मूल की प्रोफेसर जोइता गुप्ता को न्यायसंगत और टिकाऊ दुनिया पर केन्द्रित उनके वैज्ञानिक कार्य के लिए डच विज्ञान में सर्वोच्च सम्मान **स्पिनोजा पुरस्कार** से सम्मानित किया गया है।
  - ✓ *इस पुरस्कार को 'डच नोबेल पुरस्कार' के नाम से भी जाना जाता है।*
- नीदरलैण्ड अनुसंधान परिषद् ने 7 जून, 2023 को इन पुरस्कारों की घोषणा की।
- जोइता गुप्ता को आधिकारिक रूप से यह पुरस्कार एक अन्य वैज्ञानिक टोबी कियर्स के साथ 4 अक्टूबर, 2023 को प्रदान किया जाएगा।
- जोइता गुप्ता को पुरस्कार के रूप में वैज्ञानिक अनुसंधान पर खर्च करने के लिए 1.5 मिलियन यूरो प्रदान किए जाएँगे।

## ललिता नटराजन को इकबाल मसीह पुरस्कार

- चेन्नई स्थित वकील और कार्यकर्ता ललिता नटराजन ने बाल श्रम उन्मूलन के लिए अमेरिकी श्रम विभाग के **इकबाल मसीह पुरस्कार-2023** जीता है।
- नटराजन को 30 मई, 2023 को चेन्नई में अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास में एक समारोह में महावाणिज्य दूत जुडिथ रविन ने यह पुरस्कार प्रदान किया।
- सुश्री नटराजन ने एक वकील और कार्यकर्ता के रूप में अपने पूरे कॅरियर में बाल श्रम पर अधिकार-आधारित दृष्टिकोण लागू करने के लिए काम किया है।

### करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू : वन लाइनर

- साहित्य के क्षेत्र में दिए जाने वाले भारत जागृति द्वारा स्थापित 'प्रो. कोठापल्ली जयशंकर विशिष्ट साहित्य पुरस्कार' से जून 2023 में किसे सम्मानित किया गया है? **आचार्य एस. गोपी**
- हाल ही में जिनेवा स्थित विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुख्यालय में आयोजित चौथे वार्षिक **हेल्थ फॉर ऑल फिल्म फेस्टिवल** में किस वृत्तचित्र ने 'Health for All' श्रेणी में एक विशेष पुरस्कार जीता है? **'When Climate Change Turns Violent'**
- वर्ष 2023 के लिए संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने किसे मन्नार समुद्री राष्ट्रीय उद्यान की खाड़ी के बायोस्फीयर रिजर्व प्रबंधन में उनके प्रयासों के लिए 'मिशेल बातिस पुरस्कार (Michel Batis Award-2023)' से जून 2023 में सम्मानित किया है? **जगदीश एस बाकन**
- किस प्रसिद्ध गायक-संगीतकार को संगीत और कला के क्षेत्र में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए इंग्लैण्ड में बर्मिंघम सिटी यूनिवर्सिटी (बीसीयू) द्वारा डॉक्टरेट की मानद उपाधि से जून 2023 में सम्मानित किया गया है? **शंकर महादेवन**
- किस राज्य ने जल-संसाधन के बेहतर उपयोग, जल-संरचनाओं के संरक्षण एवं संवर्धन में उत्कृष्ट कार्य के लिये राष्ट्रीय जल पुरस्कार, 2022 की 'सर्वश्रेष्ठ राज्य' श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है? **मध्य प्रदेश**
- चौथे राष्ट्रीय जल पुरस्कार, 2022 के तहत् 'सर्वश्रेष्ठ जिले' श्रेणी में प्रथम स्थान किस जिले को प्रदान किया गया है? **गंजम जिला (ओडिशा)**



# खेल परिदृश्य

## क्रिकेट / Cricket

### आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2021-23

- 'अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद्' (ICC) के तत्वावधान में आयोजित दूसरी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप का खिताब ऑस्ट्रेलिया ने जीता।
- 4 अगस्त, 2021 से शुरू हुई इस चैम्पियनशिप के फाइनल में भारत व ऑस्ट्रेलिया थीं।
- दोनों टीमों के बीच फाइनल मुकाबला 7-11 जून, 2023 को लंदन के 'द ओवल' में हुआ।
- इस दूसरे संस्करण में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 209 रन से पराजित कर खिताब अपने नाम किया।
- इस टेस्ट चैम्पियनशिप के लिए 9 टेस्ट टीमों के अंकों का निर्धारण 1 अगस्त, 2021 के पश्चात् इनके द्वारा खेली गई विभिन्न टेस्ट श्रृंखलाओं में अर्जित अंकों के आधार पर हुआ था।
- ऑस्ट्रेलिया और भारत के मध्य खेले गए फाइनल में भारत ने टॉस जीता और गेंदबाजी का चुनाव किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहली और दूसरी पारी में क्रमशः 469 और 270/8 (पारी घोषित) रन बनाए। जिसके जबाव में भारतीय टीम पहली और दूसरी पारी में क्रमशः 296 और 234 रन बना पाई। जिसके चलते ऑस्ट्रेलिया ने यह मुकाबला 209 रनों से जीत कर विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की गदा अपनी झोली में डाली।
- ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड (Travis Head) को **फाइनल मैच के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच'** चुना गया।
- फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम के कप्तान **रोहित शर्मा** और ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान **पैट कमिंस** थे।
- इस खिताबी विजय के लिए 16 लाख डॉलर की राशि टेस्ट चैम्पियनशिप गदा के साथ ऑस्ट्रेलिया की टीम को प्रदान की गई। जबकि उपविजेता टीम भारतीय टीम को 8 लाख डॉलर मिले।

**महत्वपूर्ण तथ्य**

- दूसरे संस्करण में भी 9 टीमों (ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैण्ड, भारत, न्यूजीलैण्ड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और वेस्टइंडीज) ने भाग लिया।
- ऑस्ट्रेलिया 152 अंकों के साथ तथा भारत 127 अंकों के साथ फाइनल में पहुँचे थे।
- पहले संस्करण में भी भारतीय टीम फाइनल में पहुँची थी, जिसमें न्यूजीलैण्ड की टीम विजेता रही।
- विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप जीतने के साथ ही ऑस्ट्रेलिया पहली ऐसी टीम बन गई है, जिसने आईसीसी के चारों खिताब जीते हैं।

### आईसीसी क्रिकेट विश्व कप-2023 कार्यक्रम घोषित

- 'अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद्' (आईसीसी) ने 5 अक्टूबर, 2023 से शुरू होने जा रहे पुरुष एकदिवसीय क्रिकेट विश्व कप-2023 के कार्यक्रम की घोषणा 27 जून, 2023 को कर दी।
- विश्व कप की शुरुआत 5 अक्टूबर को अहमदाबाद में इंग्लैण्ड और न्यूजीलैण्ड के मध्य मुकाबले के साथ होगी।
- विश्व कप का फाइनल मैच 19 नवम्बर, 2023 को अहमदाबाद में खेला जाएगा।
- मेजबान भारत अपने अभियान की शुरुआत 8 अक्टूबर, 2022 को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा।
- बहुप्रतीक्षित भारत-पाकिस्तान मैच 15 अक्टूबर, 2023 को अहमदाबाद में खेला जाएगा।
  - ✓ *दोनों टीमों के बीच आखिरी मुकाबला 2019 विश्व कप में मैनचेस्टर में हुआ था, जिसमें भारतीय टीम ने पाकिस्तान को हराया था।*
- विश्व कप में कुल 10 टीमें हिस्सा लेंगी।
- भारत, पाकिस्तान, इंग्लैण्ड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैण्ड, अफगानिस्तान और बांग्लादेश पहले ही क्रिकेट विश्व कप सुपर लीग के माध्यम से क्वालीफाई कर चुके हैं।
- 18 जून से 9 जुलाई तक जिम्बाब्वे में हो रहे क्वालीफायर मुकाबलों से 2 और टीमें इसमें जुड़ेंगी।
- विश्व कप के मुकाबले 46 दिनों में 10 स्थानों पर होंगे।
  - ✓ *ये शहर हैं–हैदराबाद, अहमदाबाद, धर्मशाला, दिल्ली, चेन्नई, लखनऊ, पुणे, बेंगलुरु, मुंबई और कोलकाता।*
- 46 दिन चलने वाले इस टूर्नामेंट में कुल 10 टीमें भाग ले रही हैं, जो राउंड रॉबिन मैचों में सभी टीमों से एक-एक बार भिड़ेंगी।
- राउंड रॉबिन के कुल 45 मैचों के आधार पर प्वॉइंट्स टेबल की टॉप 4 टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।
- पहला सेमीफाइनल 15 नवम्बर को मुंबई में और दूसरा सेमीफाइनल 16 नवम्बर, 2023 को कोलकाता में होगा।
  - ✓ *दोनों सेमीफाइनल के लिए एक-एक रिजर्व डे होगा।*
- विश्व कप का फाइनल मैच 19 नवम्बर, 2023 को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा और 20 नवम्बर को रिजर्व डे रखा गया है।

## बैडमिंटन / Badminton

### सात्विक-चिराग की जोड़ी ने जीता इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन

- भारत के सात्विकसाईराज रैंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने 18 जून, 2023 को इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया।
  - ✓ *यह किसी सुपर-1000 इवेंट का खिताब अपने नाम करने वाली पहली भारतीय जोड़ी बनी।*




**सात्विकसाईराज रैंकी रेड्डी (बाँयें) और चिराग शेट्टी**

- फाइनल में सात्विक और चिराग की जोड़ी ने मलेशिया के एरोन चिया (Aaron Chia) और सो वूई यिक (Soh Wooi Yik) की विश्व चैम्पियन जोड़ी को 21-17, 21-18 से पराजित किया।
- सात्विक-चिराग ने लगातार छठा फाइनल जीता है। यह जोड़ी वर्ष 2019 से फाइनल नहीं हारी है। 2019 से अब तक इस जोड़ी ने इंडिया ओपन, कॉमनवेल्थ गेम्स, फ्रेंच ओपन, स्विस ओपन, एशियन चैम्पियनशिप, इण्डोनेशिया ओपन जीते हैं।

**Know The Facts** : इण्डोनेशिया ओपन में भारत का यह पाँचवाँ खिताब है। इससे पहले महिला एकल में साइना नेहवाल 2009, 2010, 2012 में विजेता बनीं थीं, जबकि पुरुष एकल में किदांबी श्रीकांत ने 2017 में खिताब जीता था।

## टेनिस / Tennis

### फ्रेंच ओपन-2023

- 28 मई-11 जून, 2023 को पेरिस में रोलां गैरों स्टेडियम पर खेले गए (127वें) फ्रेंच ओपन टूर्नामेंट में **पुरुष व महिला** एकल वर्ग का खिताब क्रमशः **नोवाक जोकोविच** और **इगा स्वियाटेक** ने जीते।

**पुरुष एकल**

- सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने 11 जून, 2023 को खेले गए पुरुष एकल वर्ग के फाइनल मुकाबले में नॉर्वे के कैस्पर रूड को 7-6, 6-3, 7-5 से हराया।
- जोकोविच का यह 23वाँ ग्रैंडस्लैम खिताब है। उन्होंने अमेरिका की सेरेना विलियम्स के ओपन एरा में सबसे ज्यादा 23 ग्रैंड स्लैम जीतने के रिकॉर्ड की बराबरी की।
- जोकोविच सबसे ज्यादा ग्रैंडस्लैम जीतने वाले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं, जबकि राफेल नडाल ने 22 ग्रैंडस्लैम जीते हैं। तीसरे नंबर पर रोजर फेडरर हैं, जिन्होंने 20 ग्रैंडस्लैम जीते हैं।
- जोकोविच इसी के साथ सभी चारों ग्रैंडस्लैम खिताब कम-से-कम तीन बार जीतने वाले पहले पुरुष खिलाड़ी भी बन गए हैं।



**नोवाक जोकोविच** **इगा स्वियाटेक**

**महिला एकल**

- महिला एकल वर्ग के फाइनल में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी पोलैण्ड की इगा स्वियाटेक (Iga Świątek) ने चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा (Karolína Muchová) को पराजित किया।
- 22 वर्षीय स्वियाटेक का फ्रेंच ओपन में यह तीसरा एकल खिताब है। इससे पूर्व उन्होंने 2020, 2022 में यह खिताब जीता था।

**फ्रेंच ओपन-2023**
**(28 मई-11 जून, 2023; पेरिस)**
**(विजेता एवं उपविजेता)**

| | | |
|---|---|---|
| **पुरुष एकल** | **विजेता** | नोवाक जोकोविच (सर्बिया) |
| | **उपविजेता** | कैस्पर रूड (नॉर्वे) |
| **महिला एकल** | **विजेता** | इगा स्वियाटेक (पोलैण्ड) |
| | **उपविजेता** | कैरोलिना मुचोवा (चेक गणराज्य) |
| **पुरुष युगल** | **विजेता** | इवान डोडिग (क्रोएशिया) और ऑस्टिन क्राजिसेक (अमेरिका) |
| | **उपविजेता** | सैंडर गिले और जोरान व्लीगेन (दोनों बेल्जियम) |
| **महिला युगल** | **विजेता** | सीह सू-वेई (चीनी ताइपे) और वांग शिनयु (चीन) |
| | **उपविजेता** | टेलर टोसेंड (अमेरिका) और लेलाह फर्नांडीज (कनाडा) |
| **मिश्रित युगल** | **विजेता** | मियू काटो (जापान) और टिम पुट्ज़ (जर्मनी) |
| | **उपविजेता** | बियांका एंड्रीस्कू (कनाडा) और माइकल वीनस (न्यूजीलैंड) |

# फुटबॉल / Football

## भारत ने लेबनान को हराकर इंटरकॉन्टिनेंटल कप फुटबॉल टूर्नामेंट जीता

- भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में 18 जून, 2023 को खेले गए इंटरकांटिनेंटल कप फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में भारत ने लेबनान को 2-0 से हराकर खिताब अपने नाम किया।
- कप्तान सुनील छेत्री ने दूसरे हाफ के 46वें मिनट में भारत के लिए पहला गोल किया वहीं लल्लियांजुआला छांगते ने 65वें मिनट में दूसरा गोल किया, **छांगते** को **प्लेयर ऑफ द मैच** चुना गया।
- यह इंटरकॉन्टिनेंटल कप का तीसरा संस्करण है और भारत दूसरी बार चैम्पियन बना है।
  - ✓ *पिछली बार भारत ने 2018 में इस टूर्नामेंट को जीता था।*

**Know The Facts** : भारतीय फुटबॉल टीम के कोच इगोर स्टिमक हैं।

## रोनाल्डो 200 अन्तर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाले पहले पुरुष फुटबॉलर

- फुटबॉलर और पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो 200 अन्तर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाले विश्व के पहले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं।
- उन्होंने यह उपलब्धि आइसलैण्ड के खिलाफ यूरोपियन चैम्पियनशिप क्वालीफाइंग मैच के दौरान प्राप्त की है।
- उन्हें इस मैच से पहले 200 अन्तर्राष्ट्रीय मैच खेलने के लिए 'गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेट' से सम्मानित किया गया।
- रोनाल्डो अपने इंटरनेशनल कॅरियर में अब तक 123 अन्तर्राष्ट्रीय गोल कर चुके हैं।



**क्रिस्टियानो रोनाल्डो**

- इस मामले में कुवैत के बदेर अल-मुतावा (Bader al-Mutawa) 196 मैचों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

**अन्य उपलब्धियाँ**

- वर्ष 2022 में कतर में संपन्न हुए विश्व कप में, रोनाल्डो पाँच अलग-अलग विश्व कप में गोल करने वाले पहले पुरुष फुटबॉल खिलाड़ी बने थे।
- रोनाल्डो फुटबॉल के प्रतिष्ठत अवॉर्ड बैलन डी'ओर को पाँच बार जीत चुके हैं।
- क्रिस्टियानो रोनाल्डो 30 दिसम्बर 2022 को, सऊदी क्लब के क्लब अल-नासर से जुड़े हैं।

## उरुग्वे ने जीता अंडर-20 फुटबॉल विश्व कप

- **संस्करण** : 23वाँ
- **आयोजन तिथि** : 24 मई- 11 जून, 2023
- **प्रतिभागी टीमें** : 24
- **मैच खेले गए** : 52
- **विजेता** : उरुग्वे (पहली बार)

- अर्जेंटीना के ला प्लाटा में डिएगो माराडोना स्टेडियम में 11 जून, 2023 को खेले गए फाइनल में उरुग्वे ने इटली को 1-0 से हराकर अपना पहला 'अंडर-20 फुटबॉल विश्व कप' जीत लिया।
  - ✓ *उरुग्वे लूसियानो रौद्रिगेज के द्वारा अंतिम समय में किए गोल से यह जीत प्राप्त कर सका।*
- तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबले में इजराइल ने दक्षिण कोरिया को 3-1 से पराजित किया।
- फीफा U-20 विश्व कप-2023 में **गोल्डन बाल अवॉर्ड** इटली के सेसारे कासादेई (Cesare Casadei) ने जीता।
- इस टूर्नामेंट में **गोल्डन ग्लव अवॉर्ड** इटली के ही सेबस्टियानो डिस्प्लानचेस (Sebastiano Desplanches) ने तथा **फीफा फेयर प्ले ट्रॉफी** अमेरिका ने जीती।

# एथलेटिक्स / Athletics

## एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप

- 'एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप' का आयोजन 4-7 जून, 2023 को दक्षिण कोरिया के **येचियोन** में किया गया।
- इस टूर्नामेंट में भारतीय एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 स्वर्ण, 7 रजत और 6 कांस्य पदक सहित कुल 19 पदक जीतकर पदक तालिका में तीसरा स्थान प्राप्त किया।
- पदक तालिका में जापान ने 14 स्वर्ण, 4 रजत, 5 कांस्य सहित 23 पदकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया, वहीं चीन ने 11 स्वर्ण, 5 रजत व 3 कांस्य पदक जीतकर दूसरा स्थान प्राप्त किया।

**पदक विजेता भारतीय एथलीट**

- **स्वर्ण पदक विजेता** : रेज़ोआना मलिक हीना (महिला 400 मी.), लक्षिता विनोद संडीला (महिला 1500 मी.), रेज़ोआना मलिक हीना/अनुष्का दत्ताराय कुंभार/रिया नितिन पाटिल/कनिस्ता टीना (महिला 4 × 400 मी. रिले), सिद्धार्थ चौधरी (पुरुष गोला फेंक), भरतप्रीत सिंह (पुरुष डिस्कस थ्रो), सुनील कुमार (पुरुष डेकथलॉन)।
- **रजत पदक विजेता** : सुस्मिता (महिलाओं की लम्बी कूद), शिवम लोहाकरे (पुरुष भाला फेंक), शाहरुक खान (पुरुषों की 3,000 मी. स्टीपलचेज़), बुशरा खान गौरी (महिला 3,000 मी.), पूजा (महिला ऊँची कूद), शिवाजी परशु मदप्पागौद्रा (पुरुषों की 5,000 मी. दौड़), दीपक सिंह/शरण मेगावर्नम/रिहान चौधरी/नवप्रीत सिंह (पुरुषों की 4 × 400 मी. रिले)।

- **कांस्य पदक विजेता** : अंतिमा पाल (महिलाओं की 5,000 मी.), शकील (पुरुषों की 800 मी.), रेज़ोआना मलिक हीना/नवप्रीत सिंह/अनुष्का दत्ताराय कुंभार/दीपक सिंह (मिश्रित 4×400 मी. रिले), अबिनया राजराजन/अक्षय/तमन्ना/नयना कोकरे (महिला 4×100 रिले), वल्लिप हिमा तेजा/अरिजीत राणा/मोहम्मद रेयान बाशा/डोंडापति मृत्युम जयराम (पुरुषों की 4×100 मी. रिले), मेहदी हसन (पुरुषों की 1,500 मी. स्पर्द्धा)।

# हॉकी / Hockey

## भारत ने पुरुषों एवं महिलाओं का जूनियर हॉकी एशिया कप जीता

**पुरुषों का जूनियर हॉकी एशिया कप**

- **संस्करण** : 9वाँ
- **आयोजन तिथि** : 23 मई-1 जून, 2023
- **आयोजन स्थल** : सालालाह स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स, ओमान
- **प्रतिभागी टीमें** : 10
- **मैच खेले गए** : 29
- **विजेता** : भारत (चौथी बार)

- भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम ने 1 जून, 2023 को खेले गए फाइनल में अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 2-1 से हराकर पुरुष जूनियर हॉकी एशिया कप लगातार दूसरी बार जीत लिया।
  - ✓ *भारत ने चौथी बार यह खिताब अपने नाम किया।*
- टूर्नामेंट में **टॉप गोल स्कोरर** और **प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट** पाकिस्तान के **अब्दुल रहमान** को चुना गया, वहीं **गोलकीपर ऑफ द टूर्नामेंट** भारत के **एच.एस. मोहित** चुने गए।
- **राइजिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट** का खिताब पाकिस्तान के **अहतीशाम असलम** को दिया गया।

**महिलाओं का जूनियर हॉकी एशिया कप**

- **संस्करण** : 8वाँ
- **आयोजन तिथि** : 3-11 जून, 2023
- **आयोजन स्थल** : काकीमिगाहारा (जापान)
- **प्रतिभागी टीमें** : 10
- **मैच खेले गए** : 29
- **विजेता** : भारत (पहली बार)

- भारत ने 11 जून, 2023 को खेले गए फाइनल में दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर पहली बार महिला जूनियर हॉकी एशिया कप का खिताब जीता।
- महिला हॉकी जूनियर एशिया कप, महिला अन्तर्राष्ट्रीय अंडर-21 हॉकी टूर्नामेंट है। इसका आयोजन एशियाई हॉकी महासंघ (एएचएफ) द्वारा किया जाता है।
  - ✓ *यह जूनियर हॉकी विश्वकप के लिए क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट के रूप में काम करता है।*

# बास्केटबॉल / Basketball

## फीबा 3×3 विश्व कप-2023

- 'फीबा 3×3 विश्व कप-2023' का आयोजन 30 मई से 4 जून, 2023 के दौरान ऑस्ट्रिया के वियना में किया गया।
  - ✓ *इस टूर्नामेंट में 40 देशों की टीमों ने भाग लिया।*
- इस टूर्नामेंट में पुरुष एवं महिला वर्ग का खिताब क्रमशः सर्बिया और संयुक्त राज्य अमेरिका ने जीता।

**पुरुष वर्ग**

- पुरुष वर्ग में सर्बिया ने फाइनल में संयुक्त राज्य अमेरिका को 21-19 से हराकर अपना छठा खिताब जीता।
  - ✓ *इस विश्व कप के अब तक हुए आठ संस्करणों में छह खिताब सर्बिया ने जीते हैं।*
- लातविया ने ब्राजील को 22-12 से हराकर कांस्य पदक जीता।

**महिला वर्ग**

- महिला वर्ग में अमेरिका ने विगत् चैम्पियन फ्रांस को 16-12 से हराकर तीसरी बार स्वर्ण पदक जीता।
- महिलाओं के कांस्य पदक के लिए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने चीन को 20-21 से हराया।

# स्क्वैश / Squash

## SDAT WSF स्क्वैश विश्व कप

- SDAT WSF स्क्वैश विश्व कप 13-17 जून, 2023 को चेन्नई (भारत) में आयोजित किया गया।
- शीर्ष रैंकिंग वाली टीम मिस्र ने 17 जून, 2023 को चेन्नई में हुए फाइनल में मलेशिया को 2-1 से हराकर एसडीएटी डब्ल्यूएसएफ स्क्वैश विश्व कप का खिताब जीता।
- दूसरी वरीय भारत सेमीफाइनल में मलेशिया के खिलाफ शिकस्त के बाद जापान के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहा।
  - ✓ *16 जून, 2023 को सेमीफाइनल में भारत को मलेशिया ने 3-0 से हराया था।*
- विश्व कप का आयोजन 2011 के बाद हुआ है। तब भी विश्व कप चेन्नई में ही खेला गया था।
- पहली बार प्रतियोगिता में लैंगिक संतुलन देखा गया और प्रत्येक टीम में दो महिला और दो पुरुष खिलाड़ियों ने चुनौती पेश की।

**महत्वपूर्ण तथ्य**

- चेन्नई स्क्वैश विश्व कप में चार अलग-अलग महाद्वीपों की 9 टीमें शामिल थीं– ऑस्ट्रेलिया, कोलम्बिया, मिस्र, हॉन्गकॉन्ग, चीन, भारत, जापान, मलेशिया, दक्षिण अफ्रीका।

## चर्चित खिलाड़ी / Players In News

### भवानी देवी ने एशियाई तलवारबाजी चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता

- 19 जून, 2023 को चीन के वुक्सी में एशियाई तलवारबाजी चैम्पियनशिप में भारत की सी.ए. भवानी देवी ने कांस्य पदक जीता। यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह पहली भारतीय तलवारबाज हैं।
- भवानी देवी 14-15 के स्कोर से उज्बेकिस्तान की ज़ैनब दयाबेकोवा से सेमीफ़ाइनल मैच हार गईं। इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में मौजूदा विश्व चैम्पियन जापान की मिसाकी एमुरा (Misaki Emura) को 15-10 के स्कोर से हराया था।
- ओलम्पिक में क्वालिफाई करने वाली पहली भारतीय तलवारबाज बनीं भवानी देवी टोक्यो ओलम्पिक खेलों (2020) में राउंड ऑफ 32 से बाहर हो गईं थी।




**भवानी देवी**

#### खेलकूद करेंट अफेयर्स का मंथली रिव्यू : वन लाइनर

Current affairs Quest In Oneliner

- आईसीसी द्वारा 21 जून, 2023 को जारी टेस्ट रैंकिंग में भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन आश्विन ने गेंदबाजों के बीच कौनसा स्थान बरकरार रखा है? **पहला**
- 18 जून, 2023 को मांट्रियल में सम्पन्न फॉर्मूला-वन कार रेस की 'कैनेडियन ग्रां प्री. (2023)' का खिताब किसने जीता? **मैक्स वेरस्टाप्पेन (रेड बुल टीम के डच ड्राइवर)**
- 4 जून, 2023 को 'थाईलैण्ड ओपन बैडमिंटन' प्रतियोगिता का पुरुष व महिला एकल खिताब क्रमशः किसने जीता? **कुनलावुत विटिडसन (थाइलैण्ड) व एन से-यंग (द. कोरिया) ने**
- पाकिस्तान की वह महिला क्रिकेटर जिसने 15 जून, 2023 को अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की? **नाहिदा खान (बलूचिस्तान प्रांत की एकमात्र पाकिस्तानी महिला क्रिकेटर)**
- 1-9 जून, 2023 को सुहल (जर्मनी) में सम्पन्न ISSF जूनियर विश्व कप में भारत ने कितने पदक जीते? **15 पदक (6 स्वर्ण, 6 रजत व 3 कांस्य)**
- 12 जून, 2023 को किसे मई माह के लिए 'आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' चुना गया है? **हैरी टेक्टर (आयरलैण्ड)**
- 12 जून, 2023 को किसे मई माह के लिए 'आईसीसी वुमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' चुना गया है? **थिपाचा पुथा वोंग (थाईलैण्ड)**
- भारतीय गोल्फर, जिसने हाल ही में लेडीज यूरोपियन टूर (LET) पर 'चेक लेडीज ओपन-2023 चैम्पियनशिप' जीती? **दीक्षा डागर**
- जून 2023 के उत्तरार्द्ध में किस भारतीय महिला युगल जोड़ी ने मियु किहारा और मिवा हरिमोटो की जापानी जोड़ी को हराकर ट्यूनिस में 'विश्व टेबल टेनिस कंटेंडर' का खिताब अपने नाम किया? **सुतीर्था मुखर्जी और अयहिका मुखर्जी की जोड़ी ने**
- जून 2023 में भारत के तजिन्दरपाल सिंह तूर ने भुवनेश्वर में अन्तर्राज्यीय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की गोला फेंक स्पर्द्धा में कितने मीटर गोला फेंककर नया एशियाई रिकॉर्ड कायम किया? **21.77 मीटर**
- हाल ही में अडानी ग्रुप ने विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम को सम्मानित करते हुए अपना स्थापना दिवस (अडानी डे) मनाया। भारत ने पहली बार वर्ल्ड कप कब जीता था? **25 जून, 1983**
- 10 जून, 2023 को गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने राज्य में अक्टूबर-नवम्बर 2023 में आयोजित होने वाले 37वें राष्ट्रीय खेलों के शुभंकर का आधिकारिक तौर पर अनावरण किया, इसे क्या नाम दिया गया है? **मोगा**
- पारंपरिक खेलों और जनजातीय संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संस्कृति मंत्रालय और ओडिशा सरकार की संयुक्त पहल 'खेलो इंडिया आदिवासी व जनजाति खेल महोत्सव' का आयोजन 9-12 जून, 2023 को कहाँ किया गया? **केआईआईटी डीयू भुवनेश्वर (ओड़िशा)**
- फीफा द्वारा आयोजित पुरुषों के अंडर-17 फुटबॉल विश्व कप की मेजबानी किसे सौंपी गई है? **इंडोनेशिया**
- 4 जून, 2023 को मोंटमेलो में सम्पन्न 'स्पेनिस ग्रां प्री. (2023) फॉर्मूला वन रेस' का खिताब किसने जीता? **मैक्स वेरस्टाप्पेन (Max Verstappen)**
- 27 जून, 2023 को हॉकी इंडिया ने जूनियर महिला हॉकी टीम का मुख्य कोच किसे नियुक्त किया है? **तुषार खांडेकर**
- जून 2023 में भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने चेक लेडीज ओपन में अपना दूसरा लेडीज यूरोपियन टूर (एलईटी) खिताब जीता। दीक्षा डागर का सम्बन्ध किस राज्य से है? **हरियाणा**
- भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में 15-19 जून, 2023 को सम्पन्न हुई नेशनल इंटर-स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2023 में 100 मी. रेस की पुरुष एवं महिला वर्ग की स्पर्द्धा का स्वर्ण पदक क्रमशः किसने जीता? **शिव कुमार और ज्योति याराजी**



# अद्यतन सामान्य ज्ञान

## निर्वाचन/नियुक्तियाँ/मनोनयन

### राष्ट्रीय नियुक्तियाँ

### अमित अग्रवाल : यूआईडीएआई के नए सीईओ



अमित अग्रवाल

- केन्द्र सरकार ने अमित अग्रवाल को 'भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI)' का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) जून 2023 में नियुक्त किया है।
- 1993 बैच के छत्तीसगढ़ कैडर के आईएएस अधिकारी अमित अग्रवाल ने 19 जून, 2023 को अपना पद सँभाला।
- UIDAI में आने से पहले वह इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में संयुक्त सचिव थे। इससे पहले वह वित्त मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव और संयुक्त सचिव भी रह चुके हैं।

***Salient Point...***

- भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) एक वैधानिक प्राधिकरण है, जो भारत सरकार द्वारा 12 जुलाई, 2016 को आधार (वित्तीय और अन्य सब्सिडी, लक्षित और वित्तीय सेवाओं की डिलीवरी, लाभ और सेवा) अधिनियम, 2016 (आधार अधिनियम 2016) के प्रावधानों के तहत् स्थापित किया गया है।
- जिसे भारत के प्रत्येक नागरिक को एक बहुउद्देश्यीय राष्ट्रीय पहचान सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत गठित किया गया था।

### रवि सिन्हा : रॉ के नए चीफ

- वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रवि सिन्हा को भारतीय बाहरी खुफिया एजेंसी 'रिसर्च एण्ड एनालिसिस विंग' (RAW) का नया चीफ नियुक्त किया गया है।
- इस पद पर उन्होंने सामंत कुमार गोयल का स्थान लिया है, जिनका चार वर्षीय कार्यकाल 30 जून, 2023 को समाप्त हो गया।
- कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने सिन्हा की रॉ सचिव के रूप में दो वर्ष की अवधि के लिए नियुक्ति को मंजूरी 19 जून, 2023 को दी थी।
- छत्तीसगढ़ कैडर के 1988 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी सिन्हा यह पद ग्रहण करने से पूर्व मंत्रिमंडल सचिवालय में विशेष सचिव के रूप में कार्यरत थे।

***Salient Point...***

- रॉ की स्थापना : 21 सितम्बर, 1968
- रॉ का मुख्यालय : नई दिल्ली
- ध्येय वाक्य : धर्मो रक्षति रक्षतिः।

**Know The Facts** : रॉ की स्थापना भारत के अन्तर्राष्ट्रीय खुफ़िया मामलों को सँभालने के लिए की गई है तथा यह प्रधानमंत्री कार्यालय के तत्वावधान में कार्य करती है।

### जनार्दन प्रसाद : जीएसआई के नए महानिदेशक

- जनार्दन प्रसाद को 'भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई)' का नया महानिदेशक जून 2023 में नियुक्त किया गया है।
- प्रसाद ने इस पद पर डॉ. एस राजू का स्थान लिया है, जो वर्ष 2020 से इस पद पर आसीन थे।
- प्रसाद पटना विश्वविद्यालय से भू-विज्ञान में स्नातकोत्तर हैं और 1988 में भू-विज्ञानी के रूप में जीएसआई, गांधीनगर में शामिल हुए। उन्हें शिलांग, पटना, फरीदाबाद, रांची और हैदराबाद में भी विभिन्न पदों पर तैनात किया गया था।
- जनार्दन प्रसाद को मेटलोजेनी (Metallogeny) और खनन अन्वेषण अध्ययन (मिनरल एक्सप्लोरेशन स्टडीज) का अनुभव है और वह सौराष्ट्र और गुजरात के अन्य क्षेत्रों में चूने का पत्थर (लाइम स्टोन), सोना, बेस मेटल, पीजीई और बॉक्साइट जैसी धातुओं के व्यापक खनिज खनन कार्य से जुड़े रहे हैं।
  - ✓ *मेटलोजेनी भू-विज्ञान की एक शाखा है जिसमें किसी स्थान के भू-वैज्ञानिक इतिहास और वहाँ मौजूद खनिजों के बीच सम्बन्ध का अध्ययन किया जाता है।*

***Salient Point...***

- भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई), खान मंत्रालय से जुड़ा एक कार्यालय है, जिसका मुख्यालय कोलकाता शहर में है। और लखनऊ, जयपुर, नागपुर, हैदराबाद, शिलांग और कोलकाता में इसके 6 क्षेत्रीय कार्यालय हैं।

### अन्य प्रमुख राष्ट्रीय नियुक्तियाँ

- **रोहित जावा** : प्रबन्ध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, हिन्दुस्तान यूनिलीवर लि. (HUL) सिटी लि. (नियुक्ति : 20 जून, 2023)।
- **हसमुख अधिया** : अध्यक्ष, गिफ्ट (GIFT) सिटी लि. (नियुक्ति : 20 जून, 2023)।
  - ✓ *वरिष्ठ सेवानिवृत्त नौकरशाह और पूर्व केन्द्रीय वित्त सचिव और राजस्व सचिव हसमुख अधिया को गिफ्ट सिटी लिमिटेड के अध्यक्ष के रूप में नामित किया गया है।*

- **स्वामीनाथन जानकीरमन** : डिप्टी गवर्नर, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) (नियुक्ति : 20 जून, 2023)।
  - ✓ *एसबीआई के प्रबन्ध निदेशक स्वामीनाथन की नियुक्ति कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष के लिए की गई है। वह एम.के. जैन का स्थान लेंगे, जिनका विस्तारित कार्यकाल 20 जून को समाप्त हो गया। डिप्टी गवर्नर का एक पद वाणिज्यिक बैंकर के लिए आरक्षित है।*
  - ✓ *आरबीआई के तीन अन्य डिप्टी गवर्नर–माइकल देवव्रत पात्रा, एम राजेश्वर राव और टी रवि शंकर हैं।*
- **डॉ. सुमित सेठ** : पनामा गणराज्य में भारत के नए राजदूत नियुक्त (नियुक्ति : 19 जून, 2023)।
  - ✓ *वर्तमान में विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं।*
- **मोहम्मद नूर रहमान** : लेबनान गणराज्य में भारत के नए राजदूत नियुक्त (नियुक्ति : 19 जून, 2023)।
  - ✓ *वर्तमान में विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं।*
- **कमल किशोर चटीवाल** : प्रबन्ध निदेशक, इन्द्रप्रस्थ गैस लि. (IGL) (नियुक्ति : जून, 2023)।
- **सुश्री निलाक्षी साहा सिन्हा** : जार्जिया में भारत के नए राजदूत नियुक्त (नियुक्ति : 12 जून, 2023)।
  - ✓ *वर्तमान में आर्मेनिया में भारत के राजदूत हैं तथा उन्हें जार्जिया में भी राजदूत नियुक्त किया गया है।*
- **सुश्री शुभदर्शनी त्रिपाठी** : सर्बिया गणराज्य में भारत के नए राजदूत नियुक्त (नियुक्ति : 12 जून, 2023)।
  - ✓ *वर्तमान में कजाकिस्तान गणराज्य में भारत के राजदूत हैं।*
- **विपुल** : कतर में भारत के नए राजदूत नियुक्त (नियुक्ति : 11 जून, 2023)।
  - ✓ *वर्तमान में विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं।*
- **डॉ. शिल्पक एन. अंबुले** : सिंगापुर गणराज्य में भारत के नए उच्चायुक्त नियुक्त (नियुक्ति : 11 जून, 2023)।
  - ✓ *वर्तमान में विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव हैं।*
- **उपेन्द्र सिंह रावत** : रिपब्लिक ऑफ यूगांडा में भारत के नए उच्चायुक्त नियुक्त (नियुक्ति : 8 जून, 2023)।
  - ✓ *वर्तमान में रिपब्लिक ऑफ पनामा में भारत के राजदूत।*
- **संजय स्वरूप** : अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि. (कॉनकोर) (नियुक्ति : जून 2023)।
- **विद्युत बिहारी स्वैन** : संघ लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में नियुक्ति (नियुक्ति : 1 जून, 2023)।
  - ✓ *इससे पूर्व 25 मई, 2023 को भारतीय राजस्व सेवा के पूर्व अधिकारी सुमन शर्मा ने भी यूपीएससी के नए सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण की थी।*
  - ✓ *पूर्व एमएसएमई सचिव स्वैन ने 1989 से 2018 तक गुजरात में विभिन्न पदों पर कार्य किया, उन्होंने गुजरात इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट बोर्ड के सीईओ, प्राथमिक शिक्षा सचिव आदि जैसे महत्वपूर्ण पद सँभाले।*
- **संजय वर्मा** : प्रबन्ध निदेशक (अति. प्रभार), मंगलौर रिफाइनरी एण्ड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (नियुक्ति : जून 2023)।
- **अश्विनी कुमार** : प्रबन्ध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (MD & CEO), यूको बैंक (नियुक्ति : 1 जून, 2023)।
- **अमरेन्द्र प्रकाश** : अध्यक्ष और प्रबन्ध निदेशक, स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया (SAIL) (नियुक्ति : 31 मई, 2023)।
- **अजय यादव** : प्रबन्ध निदेशक, सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि. (SECI) (नियुक्ति : 31 मई, 2023)।
  - ✓ *'एसईसीआई' एक मिनीरत्न श्रेणी-I केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (CPSE) 2011 में स्थापित, भारत सरकार के नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तहत् अक्षय ऊर्जा योजनाओं और परियोजनाओं के लिए प्राथमिक कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में कार्य करता है।*

## जून 2023 में पद ग्रहण करने वाले राष्ट्राध्यक्ष/प्रधानमंत्री

- **निकोलोई देनकोव (Nikolai Denkov)** : प्रधानमंत्री, बुल्गारिया (पद ग्रहण : 6 जून, 2023)।
- **मर्केल सिओलेसू (Marcel Ciolacu)** : प्रधानमंत्री, रोमानिया (पद ग्रहण : 15 जून, 2023)।
- **पेट्टेरी ओर्पो (Petteri Orpo)** : प्रधानमंत्री, फिनलैण्ड (पद ग्रहण : 20 जून, 2023)।

## भारतीय/भारतीय मूल के व्यक्तियों की अन्तर्राष्ट्रीय नियुक्तियाँ

### आरती होली–मैनी

- भारतीय मूल की आरती होला-मैनी को वियना (ऑस्ट्रिया) में **बाहरी अंतरिक्ष मामलों के संयुक्त राष्ट्र कार्यालय** (UNOOSA) के **निदेशक** के रूप में नियुक्त किया गया है।
- संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुट्रेस आरती के 25 वर्ष से अधिक प्रबंधकीय और वकालत कार्यों सहित अंतरिक्ष क्षेत्र में अनुभव को देखते हुए उन्हें इस पद पर नियुक्त किया है।
- पंजाब मूल की ब्रिटिश नागरिक आरती इस पद पर इटली की सिमोनेटा डि पिप्पो (Simonetta Di Pippo) का स्थान लेंगी।
- वह भारतीय उपग्रह उद्योग संघ के सलाहकार बोर्ड की सदस्य हैं।

**Know The Facts** : बाहरी अंतरिक्ष मामलों का संयुक्त राष्ट्र कार्यालय अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग, अन्वेषण तथा सतत् आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने का काम करता है।

### रूबी सिन्हा

- ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री (BRICS CCI) ने रूबी सिन्हा को तीन वर्ष की अवधि के लिए ब्रिक्स सीसीआई वी, ब्रिक्स सीसीआई की महिला इकाई (BRICS CCI WE) का अध्यक्ष नियुक्त किया है।
- उन्होंने इस पद पर शबाना नसीम का स्थान लिया है जो ब्रिक्स

सीसीआई में कार्यकारी निदेशक और ब्रिक्स सीसीआई वी की मुख्य संरक्षक बन गई हैं।


***Salient Point...***

- ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री ब्रिक्स और अन्य मित्र राष्ट्रों के बीच सक्रिय व्यापार, वाणिज्य और उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में काम करता है।

## अन्तर्राष्ट्रीय नियुक्तियाँ

### डेनिस फ्रांसिस : संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के अध्यक्ष नियुक्त

- त्रिनिदाद और टोबैगो के वरिष्ठ राजनयिक डेनिस फ्रांसिस (Dennis Francis) संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के अध्यक्ष सर्वसम्मति से 1 जून, 2023 को निर्वाचित हुए हैं।
  - ✓ *अपने स्वीकृति भाषण (Acceptance speech) में डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि यूएनजीए-78 (UNGA-78) के उनका विजन 'शांति, समृद्धि, प्रगति और स्थिरता' (Peace, Prosperity, Progress, and Sustainability) है।*



**डेनिस फ्रांसिस**

- संयुक्त राष्ट्र महासभा का 78वाँ सत्र 5 सितम्बर, 2023 से शुरू होगा।
- महासभा के अध्यक्ष पद पर 77वें सत्र के अध्यक्ष कसाबा कोरोसी का स्थान वह लेंगे।
- महासभा अध्यक्ष पद हेतु संयुक्त राष्ट्र संघ के पाँच अलग-अलग क्षेत्रों–अफ्रीका, एशिया, प्रशांत, पूर्वी यूरोप, लैटिन अमेरिका व कैरेबियाई क्षेत्र तथा पश्चिमी यूरोप व अन्य देशों से बारी-बारी से एक व्यक्ति का चयन प्रतिवर्ष जून माह में किया जाता है।
- इस वर्ष इस पद हेतु लैटिन अमेरिका व कैरेबियाई क्षेत्र की बारी थी तथा त्रिनिदाद एवं टोबैगो के डेनिस फ्रांसिस इस क्षेत्र से इस पद हेतु एकमात्र उम्मीदवार थे। जिससे 1 जून, 2023 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में उन्हें निर्वाचित घोषित किया गया।

### सेलेस्ते साउलो : WMO की पहली महिला महासचिव

- अर्जेंटीना की प्रोफेसर सेलेस्ते साउलो (Celeste Saulo) को 'विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO)' की पहली महिला महासचिव 1 जून, 2023 को नियुक्त किया गया है।
  - ✓ *वह 1 जनवरी, 2024 को पदभार सँभालेंगी।*
  - ✓ *वर्तमान में वह WMO की प्रथम महिला उपाध्यक्ष हैं।*
  - ✓ *वह अर्जेंटीना की राष्ट्रीय मौसम विज्ञान सेवा में वर्ष 2014 तक निदेशक पद पर थीं।*
- इस पद पर वह प्रो. पेट्टेरी तलाश का स्थान लेंगी।
- साउलो ने जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण और मौसम एजेंसी की कांग्रेस में भारी बहुमत से जीत दर्ज की है।
- इसके साथ ही नेशनल सेंटर ऑफ मेट्रोलॉजी, संयुक्त अरब अमीरात के महानिदेशक डॉ. अब्दुल्ला अल मंडौस (Dr. Abdulla Al Mandous) WMO के अगले अध्यक्ष चुने गए।
- इसमें कोटी डी आइवर (Cote d'Ivoire) के दाउदा कोनाटे (Daouda Konate) को प्रथम उपाध्यक्ष, आयरलैण्ड के इयोन मोरान (Eoin MORAN) को द्वितीय उपाध्यक्ष तथा **भारत के डॉ. मृत्युंजय महापात्रा को तृतीय उपाध्यक्ष** चुना गया।
- इन सभी का चुनाव 22 मई-2 जून, 2023 के दौरान जिनेवा (स्विट्जरलैण्ड) में आयोजित विश्व मौसम विज्ञान कांग्रेस (WMC) के 19वें सत्र में किया गया।
  - ✓ *WMC, WMO की सर्वोच्च संस्था है।*
- उनका चुनाव चार वर्ष के लिए किया गया है।

**Know The Facts :** WMO 193 सदस्य देशों और क्षेत्रों की सदस्यता वाला एक अंतर-सरकारी संगठन है तथा यह एजेंसी अन्तर्राष्ट्रीय मौसम विज्ञान से सम्बन्धित कार्यों के समन्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## यात्रा/प्रवास

### जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस और अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन की भारत यात्रा

- जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस 5-8 जून, 2023 तथा अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन 4-5 जून, 2023 को भारत की यात्रा पर रहे।
- अमेरिकी रक्षा मंत्री ने भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के विषयों की एक महत्वपूर्ण श्रृंखला पर चर्चा की, जिसमें औद्योगिक सहयोग को सुदृढ़ बनाने के तरीकों को चिन्हित करने पर विशेष फोकस किया गया।
- जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस ने भारतीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के साथ नई दिल्ली में द्विपक्षीय बैठक की।
- इस अवसर पर राजनाथ सिंह ने उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु रक्षा गलियारों में जर्मनी निवेश को आमंत्रित किया।

***Salient Point...***

- उल्लेखनीय है कि भारत और जर्मनी के बीच वर्ष 2000 से रणनीतिक साझेदारी चल रही है।
- वर्ष 2015 के बाद किसी जर्मन रक्षा मंत्री की यह पहली भारत यात्रा है।

**भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की विदेश यात्राएँ–**

- **दक्षिण अफ्रीका** : 1-3 जून, 2023
- **नामीबिया गणराज्य** : 4-6 जून, 2023

**राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू की विदेश यात्राएँ–**

- **सर्बिया गणराज्य की राजकीय यात्रा** : 7-9 जून, 2023।
- **सूरीनाम की राजकीय यात्रा** : 4-6 जून, 2023।

# निधन

## एल्बी डीक्रूज

- केरल के पहले अशोक चक्र विजेता एल्बी डीक्रूज का 6 जून, 2023 को तिरुवनंतपुरम में निधन हो गया।
- 87 वर्षीय डीक्रूज तिरुवनंतपुरम अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से कुछ ही दूरी पर स्थित वलियाथुरा के तटीय गाँव के रहने वाले थे।
- 1962 में उन्हें देश के पहले राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद से अशोक चक्र (तृतीय श्रेणी) प्राप्त हुआ था। 1967 से इस पुरस्कार को शौर्य चक्र कहा जाता है।

## गीतांजलि : दूरदर्शन प्रस्तोता

- राष्ट्रीय प्रसारक दूरदर्शन पर भारत की पहली अंग्रेजी समाचार प्रस्तोता गीतांजलि अय्यर का 7 जून, 2023 को 75 वर्ष की आयु में नई दिल्ली में निधन हो गया।
- गीतांजलि ने कोलकाता के लोरेटो कॉलेज से अपनी स्नातक की डिग्री प्राप्त की थी। उन्होंने नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से डिप्लोमा भी किया था।
- वर्ष 1989 में इन्हें 'इंदिरा गांधी प्रियदर्शनी' पुरस्कार से नवाजा गया था।
- गीतांजलि ने अपने कॅरियर की शुरुआत रेडियो से की थी।
- वह शुक्रवार रात को आने वाले अंग्रेजी गानों के कार्यक्रम **'अ डेट विद यू'** का संचालन करती थीं। बाद में उन्होंने टीवी में 1976 में दूरदर्शन का रुख किया और यहाँ समाचार प्रस्तोता (न्यूज़ एंकर) की भूमिका निभाई।
  - ✓ *गीतांजलि को इस दौरान चार बार सर्वश्रेष्ठ न्यूज़ एंकर के खिताब से भी नवाजा गया।*


## अन्य प्रमुख हस्तियों का देहावसान : संक्षिप्त में

- **एस. रामा राव** : प्रसिद्ध टॉलीवुड कोरियोग्राफर (निधन : 18 जून, 2023); आयु : 53 वर्ष।
- **डैनियल एल्सबर्ग** : अमेरिकी सैन्य विश्लेषक (निधन : 16 जून, 2023); आयु : 92 वर्ष।
- **कॉर्मैक मैकार्थी** : पुलित्जर पुरस्कार विजेता लेखक (निधन : 13 जून, 2023); आयु : 89 वर्ष।
  - ✓ *'द रोड' और 'नो कंट्री फॉर ओल्ड मेन' जैसे प्रशंसित उपन्यासों के लिए पुलित्जर पुरस्कार से सम्मानित।*
- **आमिर रजा हुसैन** : पॉपुलर एक्टर-डायरेक्टर और आर्टिस्ट (निधन : 3 जून, 2023); आयु : 66 वर्ष।
  - ✓ *थिएटर में उनके योगदान के लिए उन्हें भारत सरकार द्वारा 'पद्मश्री' से सम्मानित किया गया था।*
  - ✓ *आमिर हुसैन रजा ने 'बाहुबली', 'आरआरआर' और 'आदिपुरुष' जैसी फिल्मों में अपनी क्रिएटिविटी भी दिखाई थी।*
- **गुफी पेंटल** : अभिनेता (निधन : 5 जून, 2023); आयु : 66 वर्ष।
  - ✓ *बी.आर. चोपड़ा के टीवी धारावाहिक 'महाभारत' में शकुनि मामा की भूमिका निभाने के कारण अधिक चर्चा में रहे।*
  - ✓ *उन्होंने 'सुहाग', 'दिल्लगी', 'देस परदेस' और 'दावा' जैसी फिल्मों में यादगार भूमिकाएँ निभाई।*



गुफी पेंटल

- **सुलोचना लाटकर** : दिग्गज अभिनेत्री (निधन : 4 जून, 2023); आयु : 94 वर्ष।
  - ✓ *हिन्दी सिनेमा की पॉपुलर अभिनेत्री सुलोचना लाटकर ने 300 से अधिक (हिन्दी और मराठी) फिल्मों में काम किया।*
  - ✓ *उन्होंने अपने कॅरियर में अधिकतर एक्टर्स माँ का किरदार निभाया।*
  - ✓ *सुलोचना को 1999 में 'पद्मश्री' पुरस्कार और वर्ष 2009 में महाराष्ट्र सरकार की ओर से प्रतिष्ठित महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।*



सुलोचना लाटकर

- **कोल्लम सुधी** : मलयालम अभिनेता (निधन : 5 जून, 2023); आयु : 39 वर्ष। (कार दुर्घटना में निधन)।
  - ✓ *वह अपने दमदार अभिनय और कॉमिक टाइमिंग के लिए जाने जाते थे। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत वर्ष 2015 में रिलीज 'कंथारी' के साथ की थी।*
- **प्रो. वेद कुमारी घई** : जम्मू-कश्मीर की प्रसिद्ध संस्कृत विद्वान (निधन : 30 मई, 2023); आयु : 88 वर्ष।
  - ✓ *प्रो. वेद कुमारी घई पद्मश्री और डोगरा रत्न अवॉर्ड से सम्मानित हैं।*

# दिवस/सप्ताह/वर्ष

- **विश्व दुग्ध दिवस** : 1 जून
  - ✓ ***विश्व दुग्ध दिवस 2023 की थीम :*** *'Showcasing how dairy is reducing its environmental footprint, while also providing nutritious foods and livelihoods.'*
- **अन्तर्राष्ट्रीय बाल रक्षा दिवस** : 1 जून
- **वैश्विक अभिभावक दिवस** : 1 जून
- **तेलंगाना दिवस** : 2 जून
- **विश्व साइकिल दिवस** : 3 जून
- **आक्रमण के शिकार हुए मासूम बच्चों का अन्तर्राष्ट्रीय दिवस** : 4 जून
- **कबीर जयंती** : 4 जून
  - ✓ *महान् संत कबीर दास जयंती हिंदू चंद्र कैलेंडर के अनुसार ज्येष्ठ पूर्णिमा तिथि को मनाई जाती है।*

- **विश्व पर्यावरण दिवस** (World Environment Day) : 5 जून
  - ✓ *5 जून, 2023 को विश्व पर्यावरण दिवस की थीम 'प्लास्टिक प्रदूषण का समाधार' है।*
  - ✓ *कैम्पेन : #BeatPlasticPollution.*
  - ✓ *वर्ष 2023 में विश्व पर्यावरण दिवस नीदरलैण्ड के साथ साझेदारी में कोटे डी आइवर (Côte d'Ivoire) द्वारा आयोजित किया गया है।*
- **अवैध, गैर-कानूनी और अनियमित मत्स्य पालन के विरुद्ध लड़ाई के लिए अन्तर्राष्ट्रीय दिवस** :5 जून
- **रूसी भाषा दिवस** : 6 जून
- **विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस** (World food Safety Day): 7 जून
  - ✓ *वर्ष 2023 की थीम 'खाद्य मानक जीवन को सुरक्षा प्रदान करते हैं (Food standards save lives)' है।*
- **विश्व ब्रेन ट्यूमर दिवस** : 8 जून
- **विश्व थैलेसीमिया दिवस** : 8 जून
  - ✓ *वर्ष 2023 के विश्व थैलेसीमिया दिवस की थीम/विषय 'थैलेसीमिया देखभाल अंतर को पाटने के लिए शिक्षा को मजबूत करना (Strengthening Education to Bridge the Thalassaemia Care Gap) है।*
- **विश्व महासागर दिवस** (World Oceans Day) : 8 जून
  - ✓ *वर्ष 2023 के विश्व महासागर दिवस की थीम : **ग्रह महासागर : ज्वार बदल रहे हैं** (Planet Ocean : tides are changing) थी।*
- **बिरसा मुंडा का निर्वाण दिवस** : 9 जून
- **अन्तर्राष्ट्रीय अभिलेखागार दिवस** : 9 जून
- **विश्व प्रत्यायन दिवस** (World Accreditation Day) : 9 जून
  - ✓ *वर्ष 2023 विश्व प्रत्यायन दिवस का विषय 'प्रत्यायनः वैश्विक व्यापार के भविष्य का समर्थन' है।*
- **विश्व बालश्रम निषेध दिवस** (World Day Against Child Labour) : 12 जून
  - ✓ ***वर्ष 2023 की थीम** : ' सभी के लिए सामाजिक न्याय, बाल श्रम का खात्मा!' (Social Justice for All, End Child Labour!)*
- **अन्तर्राष्ट्रीय एल्बिनिज़्म (धवलता) जागरूकता दिवस** (International Albinism Awareness Day) : 13 जून
  - ✓ ***थीम**: 'समावेशन ही ताकत है' (Inclusion is Strength)।*
- **विश्व रक्तदाता दिवस** : 14 जून
  - ✓ ***थीम**: ' रक्त दें, प्लाज्मा दें, जीवन साझा करें, अक्सर साझा करें' (Give blood, give plasma, share life, share often)।*
- **वैश्विक पवन दिवस** (Global Wind Day) : 15 जून
  - ✓ *नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा 15 जून, 2023 को **'पवन – ऊर्जा: पॉवरिंग द फ्यूचर ऑफ इंडिया'** की थीम के साथ 'वैश्विक पवन दिवस' मनाया गया।*
- **विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस** (World Elder Abuse Awareness Day) : 15 जून
  - ✓ *वर्ष 2023 के इस दिवस की थीम 'Addressing Gender-Based Violence (GBV) in Older Age - Policy, Law and Evidence-based Responses' है।*
- **राष्ट्रीय डेंगू दिवस** : 16 जून
- **अन्तर्राष्ट्रीय पारिवारिक प्रेषण दिवस** (International Day of Family Remittances) : 16 जून
  - ✓ *संयुक्त राष्ट्र के अनुसार इस बार अन्तर्राष्ट्रीय पारिवारिक प्रेषण दिवस का विषय है - वित्तीय समावेश और लागत घटाने की दिशा में डिजिटल प्रेषण।*
- **मरुस्थलीय एवं अनावृष्टि की रोकथाम हेतु अन्तर्राष्ट्रीय दिवस** (World Day to Combat Desertification and Drought): 17 जून
  - ✓ *वर्ष 2023 की थीम* **'उसकी भूमि। उसके अधिकार ' (Her Land. Her Rights)।**
- **विश्व मगरमच्छ दिवस** : 17 जून
- **गोवा क्रान्ति दिवस** : 18 जून
- **ऑटिस्टिक प्राइड डे** : 18 जून
- **अन्तर्राष्ट्रीय पिकनिक दिवस** : 18 जून
- **फादर्स डे** : 18 जून (जून का तीसरा रविवार)
- **संघर्ष में यौन हिंसा के उन्मूलन के लिए अन्तर्राष्ट्रीय दिवस**: 19 जून
- **राष्ट्रीय पठन दिवस** (National Reading Day): 19 जून
  - ✓ *19 जून, 2023 को 28वाँ 'राष्ट्रीय पठन दिवस' मनाया गया।*
- **विश्व सिकल सेल जागरूकता दिवस** : 19 जून
  - ✓ *वर्ष 2023 के इस दिवस की थीम- 'वैश्विक सिकल सेल समुदायों को बनाना और मजबूत करना, नवजात शिशु की स्क्रीनिंग को औपचारिक बनाना तथा अपनी सिकल सेल रोग की स्थिति जानना' है।*
- **लुप्तप्राय प्रजाति दिवस** : 19 जून
  - ✓ *वर्ष 2023 के इस दिवस की थीम ' लुप्तप्राय प्रजाति अधिनियम की 50वीं वर्षगाँठ मनाना' थी।*
- **विश्व शरणार्थी दिवस** : 20 जून
- **विश्व जल सर्वेक्षण दिवस** : 21 जून
  - ✓ *वर्ष 2023 के इस दिवस की थीम ' हाइड्रोग्राफी – अंडरपिनिंग द डिजिटल; ट्विन ऑफ द ओशन' थी।*
- **अन्तर्राष्ट्रीय संक्रांति उत्सव दिवस** : 21 जून
  - ✓ *ग्रीष्म संक्रांति वर्ष का वह दिन होता है जब सूर्य आकाश में अपने उच्चतम बिंदु पर पहुँच जाता है।*
  - ✓ *ग्रीष्म संक्रांति दक्षिणी गोलार्द्ध में वर्ष का सबसे छोटा दिन और उत्तरी गोलार्द्ध में वर्ष का सबसे लम्बा दिन होता है।*
- **विश्व संगीत दिवस** : 21 जून
  - ✓ *विश्व संगीत दिवस को **फेटे डे ला म्यूसिक** के नाम से भी जाना जाता है क्योंकि इसकी उत्पत्ति फ्रांस में हुई है।*

- **अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस** (International Day of Yoga) : 21 जून
  - ✓ *21 जून, 2023 को सम्पूर्ण विश्व में 9वाँ 'अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस' मनाया गया।*
  - ✓ *9वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम '**वसुधैव कुटुम्बकम्' के लिए योग** '(Yoga for Vasudhaiva Kutumbakam) है।*
  - ✓ *अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस-2023 के राष्ट्रीय आयोजन का नेतृत्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया।*
  - ✓ *इसका राष्ट्रीय आयोजन जबलपुर (म.प्र.) में किया गया।*
- **अन्तर्राष्ट्रीय विधवा दिवस** (International Widows' Day) : 23 जून
- **अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस** : 23 जून
  - ✓ ***थीम** : 'आओ चलें (**Lets Move**)'।*
- **संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस** : 23 जून
- **डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि** : 23 जून
- **अन्तर्राष्ट्रीय नाविक दिवस** : 25 जून
- **मादक द्रव्यों के दुरुपयोग एवं अवैध व्यापार विरोधी अन्तर्राष्ट्रीय दिवस** : 26 जून
  - ✓ *वर्ष 2023 के इस दिवस की थीम : 'People first : stop stigma and discrimination, strengthen prevention'*
- **अत्याचार से पीड़ितों के समर्थन में अन्तर्राष्ट्रीय दिवस** : 26 जून
- **सूक्ष्म, लघु एवं मझौले आकार के उद्यमों का दिवस** (MSME Day) : 27 जून
- **राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस** (National Statistics day) : 29 जून
  - ✓ *स्व. प्रो. पी.सी. महालनोबिस का जन्म दिवस*
  - ✓ ***वर्ष 2023 के लिए थीम** :* 'Alignment of State Indicator Framework with National Indicator Framework for Monitoring Sustainable Development Goals'

## चर्चित पुस्तकें

- India's Finance Ministers : From Independence to Emergency (1947-1977) **–ए.के. भट्टाचार्य**
- ए लाइफ वेल स्पेंट – फोर डिकेड्स इन द इंडियन फॉरेन सर्विस (A Life Well Spent — Four Decades in the Indian Foreign Service) **–सतीश चन्द्र**
- बियॉन्ड क्रिकेट : ए लाइफ इन मेनी वर्ल्ड्स (Beyond cricket : A life in many worlds) **–सीडी गोपीनाथ**
- ए रिसर्जेंट नॉर्थईस्ट : नैरेटिव्स ऑफ चेंज (A Resurgent Northeast : Narratives of Change) **–आशीष कुन्द्रा**
- एनटीआर-ए पॉलिटिकल बायोग्राफी (NTR : A Political Biography) **–के. रामचन्द्र मूर्ति**
- रिंगसाइड (Ringside) **–डॉ. विजय दर्डा**
- 'द पावर ऑफ वन थॉट : मास्टर योर माइंड, मास्टर योर लाइफ (The Power of One Thought : Master Your Mind, Master Your Life) **–बी.के. शिवानी**
- थ्रो द ब्रोकन ग्लास : एन ऑटोबायोग्राफी (Through the Broken Glass : An Autobiography) **–टी.एन. शेषन**
  - ✓ *भारत के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त की ऑटोबायोग्राफी।*
- वाजपेयी : द एसेंट ऑफ द हिन्दू राइट, 1924-1977 (VAJPAYEE: The Ascent of the Hindu Right, 1924–1977) **–अभिषेक चौधरी**
- इंडियाज टिपिंग पॉइन्ट : द व्यू फ्रॉम 7 रेस कोर्स रोड (India's Tipping Point : The View From 7 Race Course Road) **–एस. नरेन्द्र**
- आजाद (AZAAD) **–गुलाम नबी आजाद**
- इरफान : ए लाइफ इन मूवी (Irrfan: A Life in Movies) **–शुभ्रा गुप्ता**

## सम्मेलन/बैठक/कॉन्फ्रेंस

### जी-20 साई शिखर सम्मेलन

- भारत की G-20 अध्यक्षता के तहत् साई-20 समूह का SAI-20 शिखर सम्मेलन गोवा में 12-14 जून, 2023 को संपन्न हुआ।
- गिरीश चंद्र मुर्मू, भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (सीएजी) और सुप्रीम ऑडिट इंस्टीट्यूशंस-20 (एसएआई-20) इंगेजमेंट ग्रुप के अध्यक्ष ने समापन टिप्पणी दी।
  - ✓ *भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत् सुप्रीम ऑडिट इंस्टीटयूशन-20 (एसएआई-20) इंगेजमेंट ग्रुप के अध्यक्ष हैं।*
- SAI-20 शिखर सम्मेलन की दो दिवसीय बैठक में G-20 सदस्य SAI के राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों की भागीदारी देखी गई। ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कोरिया, इंडोनेशिया, भारत, रूस, सऊदी अरब और तुर्की।
  - ✓ *अतिथि साई के देश बांग्लादेश, मिस्र, मॉरीशस, नाइजीरिया, ओमान, स्पेन और संयुक्त अरब अमीरात थे।*
  - ✓ *आमंत्रित साई सदस्य देशों में मोरक्को और पोलैण्ड इत्यादि देश सम्मिलित हुए।*

### वैश्विक DPI शिखर सम्मेलन

- वैश्विक डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (DPI) शिखर सम्मेलन 12-13 जून, 2023 को पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित किया गया।

- ✓ *यह सम्मेलन G-20 के डिजिटल अर्थव्यवस्था पर कार्य समूह (DEWG) की बैठक के भाग के रूप में पुणे में आयोजित किया गया है।*
- इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा एमएसडीई में केन्द्रीय राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर द्वारा कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।
- **DPI के इस सम्मेलन की थीम** थी : 'डीपीआई फॉर ईज़ ऑफ लिविंग, ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस एंड ईज़ ऑफ गवर्नेंस'।
- शिखर सम्मेलन में लगभग 50 देशों के 150 विदेशी प्रतिनिधियों ने भाग लिया।
- शिखर सम्मेलन के दौरान भारत ने चार देशों अर्मेनिया, सिएरा लियोन, सूरीनाम और एंटीगुआ और बारबुडा के साथ 'इंडिया स्टैक' साझा करने पर समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जो जनसंख्या के पैमाने पर लागू सफल डिजिटल समाधान है।
- भारत ने 'वन फ्यूचरएलायंस' की अवधारणा प्रस्तुत की है। यह एक स्वैच्छिक पहल है।

## अन्य प्रमुख सम्मेलन : संक्षिप्त में

- **अमेरिका में पहला हिंदू-अमेरिकी शिखर सम्मेलन**
  - ✓ ***आयोजन तिथि*** *: 14 जून, 2023*
  - ✓ ***आयोजन स्थल*** *: कैपिटल हिल (अमेरिका)*
  - ✓ ***उद्देश्य*** *: शिखर सम्मेलन का प्राथमिक उद्देश्य हिंदू समुदाय द्वारा सामना की जाने वाली चिंताओं और मुद्दों के लिए ध्यान और समर्थन लाना है, जिसे राजनीति में कम प्रतिनिधित्व दिया गया है।*
  - ✓ ***आयोजनकर्ता*** *: 20 से अधिक अन्य प्रवासी निकायों के सहयोग से हाल ही में गठित अमेरिकन्स फॉर हिंदू पॉलिटिकल एक्शन कमेटी द्वारा इसका आयोजन किया जा रहा है।*
  - ✓ ***महत्वपूर्ण बिन्दु :***
    - ✸ *हिंदू-अमेरिकी शिखर सम्मेलन की शुरुआत वैदिक प्रार्थनाओं से हुई।*
    - ✸ *अमेरिकी हाउस स्पीकर केविन मैक्कार्थी ने इस सम्मेलन को सम्बोधित किया।*
- **भारत-यूरोपीय संघ कनेक्टिविटी सम्मेलन**
  - ✓ ***आयोजन तिथि*** *: 1-2 जून, 2023*
  - ✓ ***आयोजन स्थल*** *: मेघालय*
  - ✓ ***उद्देश्य*** *: भारत के पूर्वोत्तर राज्यों और नेपाल, भूटान और बांग्लादेश सहित इसके पड़ोसी देशों में कनेक्टिविटी निवेश बढ़ाने के अवसरों का पता लगाना है।*
  - ✓ ***महत्वपूर्ण बिन्दु :***
    - ✸ *विदेश मंत्रालय (एमईए), भारत में यूरोपीय संघ के प्रतिनिधिमंडल और एशियाई संगम द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित।*
- **जी-20 के श्रम कार्य समूह का दो दिवसीय शिखर सम्मेलन (एल-20 शिखर सम्मेलन)**
  - ✓ ***आयोजन तिथि*** *: 21-23 जून, 2023*
  - ✓ ***आयोजन स्थल*** *: पटना (बिहार)*
  - ✓ ***प्रतिभागी*** *: इस सम्मेलन में भारत सहित 28 देशों के 173 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जी-20 में शामिल देशों के अलावा भारत ने इस वर्ष अपनी ऐतिहासिक अध्यक्षता के तहत् जी-20 के लिए आठ अतिरिक्त देशों बांग्लादेश, मिस्र, मॉरीशस, नीदरलैण्ड, नाइजीरिया, ओमान, नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात को आमंत्रित किया है।*
  - ✓ ***महत्वपूर्ण :***
    - ✸ *बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया।*
    - ✸ *सम्मेलन में सभी के लिए सामाजिक सुरक्षा, अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासन, महिला श्रमिकों, कौशल विकास और अन्य मुद्दों से सम्बन्धित पाँच कार्य बलों ने अपनी रिपोर्ट पेश की।*
    - ✸ *इस दौरान कई प्रतिनिधियों द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों पर कोविड महामारी के प्रभाव पर भी विचार किया गया।*
- **महिला-20 शिखर सम्मेलन**
  - ✓ ***आयोजन तिथि*** *: 14-16 जून, 2023*
  - ✓ ***आयोजन स्थल*** *: महाबलीपुरम् (तमिलनाडु)*
  - ✓ ***सम्मेलन की थीम*** *: 'महिला नेतृत्व विकास, रूपांतरण, उन्नति और उत्थान'।*
  - ✓ ***उद्देश्य*** *: इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य महिला सशक्तीकरण का जश्न मनाना तथा आर्थिक सशक्तीकरण, व्यापार एवं निवेश और अर्थव्यवस्था की देखभाल से सम्बन्धित प्रमुख मुद्दों को सम्बोधित करना है।*

**महत्वपूर्ण तथ्य**

- W-20 की स्थापना वर्ष 2015 में लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण पर ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य से की गई थी।
- पहला W-20 शिखर सम्मेलन वर्ष 2015 में तुर्किए की G-20 अध्यक्षता में आयोजित किया गया था।
- W-20 में भारत ने 12 दिसम्बर, 2022 को W-20 इंडोनेशिया से इसकी अध्यक्षता ग्रहण की।
- संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष **डॉ. संध्या पुरेचा W-20 की अध्यक्ष** हैं।

# ऑपरेशन/अभियान/अभ्यास

## संयुक्त अभ्यास 'खान क्वेस्ट-2023'

- 20 से अधिक देशों के सैन्य दलों और पर्यवेक्षकों की भागीदारी के साथ, बहुराष्ट्रीय शांति स्थापना संयुक्त अभ्यास 'एक्स खान क्वेस्ट 2023' 19 जून, 2023 को मंगोलिया में शुरू हुआ।

- 2 जुलाई तक चला यह अभ्यास संयुक्त रूप से मंगोलियाई सशस्त्र बल (MAF) और यूनाइटेड स्टेट्स आर्मी पैसिफिक कमांड (USARPAC) द्वारा प्रायोजित था।
  - ✓ *इस अभ्यास में भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व गढ़वाल राइफल्स की एक टुकड़ी ने किया।*
- इस अभ्यास का उद्देश्य भाग लेने वाले देशों के बीच अंतःक्रियाशीलता में सुधार करना और संयुक्त राष्ट्र शांति अभियान (UNPKO) के लिए वर्दीधारी कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान करना है।
- यह अभ्यास भविष्य के संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों के लिए प्रतिभागियों को तैयार करने, शांति संचालन क्षमताओं को बढ़ाने और सैन्य तैयारी में सुधार करने में मदद करेगा।

### भारत-मालदीव का संयुक्त सैन्य अभ्यास 'एक्स एकुवेरिन'

- भारतीय सेना और मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल का संयुक्त सैन्य अभ्यास 'एक्स एकुवेरिन' का 12वाँ संस्करण 11-24 जून, 2023 को चौबटिया, उत्तराखंड में सम्पन्न हुआ।
- 'मित्र' अर्थ वाला एकुवेरिन, भारत और मालदीव में वैकल्पिक रूप से आयोजित होने वाला एक द्विपक्षीय वार्षिक अभ्यास है।
- इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के कहे अनुसार काउंटर इंसर्जेंसी/आतंकवाद विरोधी ऑपरेशन में इंटरऑपरेबिलिटी को बढ़ाना और संयुक्त मानवीय सहायता और आपदा राहत कार्यों को अंजाम देना है।

**Know The Facts :** इस अभ्यास का 11वाँ संस्करण दिसम्बर 2021 में मालदीव में आयोजित किया गया था।

### भारत, फ्रांस और संयुक्त अरब अमीरात के बीच पहला समुद्री साझेदारी अभ्यास

- भारत, फ्रांस और संयुक्त अरब अमीरात के बीच समुद्री साझेदारी अभ्यास का पहला संस्करण ओमान की खाड़ी में 7-8 जून, 2023 को सम्पन्न हुआ।
- इस अभ्यास में आईएनएस तरकश और फ्रांसीसी जहाज सरकौफ (Surcouf), इंटीग्रल हेलीकॉप्टर (Integral Helicopters), फ्रांस का राफेल विमान और संयुक्त अरब अमीरात के नौसेना के समुद्री गश्ती विमान ने भाग लिया।
- तीनों देशों के बीच पहले अभ्यास का उद्देश्य तीनों नौसेनाओं के बीच त्रिपक्षीय सहयोग को बढ़ाना और समुद्री वातावरण में पारंपरिक और गैर-पारंपरिक खतरों को दूर करने के उपायों को अपनाने का मार्ग प्रशस्त करना है।

### भारतीय वायु सेना का अभ्यास 'रणविजय'

- भारतीय वायु सेना ने हाल ही में 'रणविजय अभ्यास' का समापन किया, जो लड़ाकू पायलटों के कौशल को बढ़ाने के उद्देश्य से एकीकृत युद्धाभ्यास की एक श्रृंखला है।
- यह अभ्यास 16-23 जून, 2023 को यूबी हिल्स और सेंट्रल एयर कमांड एरिया ऑफ रिस्पॉन्सिबिलिटी में आयोजित किया गया था, जिसमें SU-30 सहित लड़ाकू विमानों द्वारा दिन और रात में पूर्ण स्पेक्ट्रम संचालन किया गया।

## विविध

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्रैमी विजेता फालू के साथ लिखा गाना

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय मूल के ग्रैमी पुरस्कार विजेता गायक फालू के साथ मिलकर एक विशेष गीत गाया है, जिसका उद्देश्य बाजरा के लाभों और वैश्विक भूख को संबोधित करने की इसकी क्षमता को बढ़ावा देना है।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मोटे अनाज के फायदों और दुनिया में भुखमरी को कम करने की उनकी क्षमता को बताने के लिए ग्रैमी पुरस्कार विजेता और भारतीय-अमेरिकी गायिका फालू के साथ मिलकर एक गीत लिखा है।
  - ✓ *फालू को **'ए कलरफुल वर्ल्ड'** के लिए सर्वश्रेष्ठ **बाल एल्बम श्रेणी** में ग्रैमी पुरस्कार से 2022 में सम्मानित किया गया था।*
- 'अबंडेंस इन मिलेट्स' (Abundance in Millets) गीत को मुम्बई में जन्मी गायिका और गीतकार फाल्गुनी शाह और उनके पति और गायक गौरव शाह ने गाया है।
- अंग्रेजी और हिंदी में लिखे गए इस गीत के माध्यम से बाजरा की शक्ति पर प्रकाश डाला गया है।

**Know The Facts :** बाजरा के महत्व को मान्यता देते हुए, वर्ष 2023 को 'बाजरा के अन्तर्राष्ट्रीय वर्ष' के रूप में नामित किया गया है।

### चाइल्डलाइन सेवाओं के लिए 'एक राष्ट्र एक हेल्पलाइन' पहल

- भारत में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (MoW&CD) ने **आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली** (ERSS) चाइल्डलाइन आपातकालीन परामर्श और संकट हेल्पलाइन को नंबर 112 के साथ विलय करके बच्चों के लिए एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाया है।
- इस कदम का उद्देश्य प्रभावशीलता और दक्षता को बढ़ाना है।
- चाइल्ड हेल्पलाइन सेवाओं को अन्य आपातकालीन सेवाओं जैसे- पुलिस, अग्निशमन और एम्बुलेंस विभागों के साथ भी एकीकृत किया गया है।
- यह निर्णय MoW&CD द्वारा प्रारम्भ की गई 'एक राष्ट्र, एक हेल्पलाइन' पहल का हिस्सा है।
- प्रारम्भ में इसे 9 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में लागू किया जाएगा, जिसमें आन्ध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, बिहार, गुजरात, गोवा, मिज़ोरम, लद्दाख, पुदुचेरी और दादरा एवं नगर हवेली तथा दमन और दीव शामिल हैं, अन्य क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा।

- भारत में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत् दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने 27 जून, 2023 को किस दिवस के रूप में मनाया? **हेलेन केलर दिवस**
- 29 जून, 2023 को छत्तीसगढ़ सरकार में उप-मुख्यमंत्री किसे बनाया गया है? **टीएस सिंह देव**
- हाल ही में चर्चा में रही 'कलसा-बंडूरी नाला परियोजना' का सम्बन्ध किस राज्य से है? **कर्नाटक**
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका व्हाइट हाउस की यात्रा के दौरान अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडेन को किस शहर में बने पर्यावरण-अनुकूल प्रयोगशाला निर्मित डायमंड को उपहार के के रूप में दिया? **सूरत**
- किस देश की संसद ने समलैंगिक विवाह को वैध बनाने के लिए एक कानून को मंजूरी जून 2023 में दे दी है और ऐसा करने वाला वह पहला मध्य यूरोपीय देश बन गया है? **एस्टोनिया**
- लातवियाई संसद ने अपने किस विदेश मंत्री को नए राष्ट्रपति के रूप में चुना है? **एडगर्स रिंकेविक्स**
- बोला अहमद तिनुबु ने अफ्रीका महाद्वीप के किस देश के नए राष्ट्रपति के रूप में 29 मई, 2023 को शपथ ग्रहण की है? **नाइजीरिया**
- अमेरिका की सीनेट ने फेडरल जज के रूप में किस पहली मुस्लिम महिला के नामांकन को 15 जून, 2023 को मंजूरी दे दी है, जो इस पद पर पहली बांग्लादेशी-अमेरिकी महिला भी होंगी? **नुसरत जहाँ चौधरी**
- बड़े बाँधों पर अन्तर्राष्ट्रीय आयोग (International Commission on Large Dams–ICOLD 2023) की 91वीं वार्षिक बैठक 11-15 जून, 2023 को कहाँ सम्पन्न हुई, जिसमें भारत की ओर से एनएचपीसी लिमिटेड ने भाग लिया? **गोथेनबर्ग, स्वीडन**
- विश्व फुटबॉल की नियामक फीफा की पहली महिला महासचिव जो अपना यह पद इस वर्ष के अंत तक छोड़ देंगी? **फातमा समोरा**
- 29 मई-9 जून, 2023 को नाटो देशों द्वारा रूसी सीमा के निकट किस स्थान पर 'आर्कटिक चैलेंज-2023' (Arctic Challenge-2023) युद्धाभ्यास का आयोजन किया गया? **रोवाजार्वी (फिनलैण्ड)**
- किस राज्य सरकार द्वारा राज्य में महिलाओं और ट्रांसजेंडर लोगों को प्रदेश में संचालित सड़क परिवहन निगमों द्वारा प्रदान की जाने वाली गैर-प्रीमियम बस सेवाओं में मुफ्त यात्रा प्रदान करने के उद्देश्य से 'शक्ति योजना' शुरू की गई है? **कर्नाटक**
- 12-23 जून, 2023 को नाटो देशों द्वारा आयोजित 'एयर डिफेंडर-2023' वायु सैन्याभ्यास कहाँ किया गया? **जर्मनी**
- केन्द्रीय भारी उद्योग मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पैंडेस ने 16 जून, 2023 को किस स्थान पर 'दुग्ध संकल्प मित्र मोबाइल ऐप' का अनावरण किया? **मसूरी (उत्तराखण्ड)**
- भारत सरकार ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, गणित और चिकित्सा (STEMM) तथा भारतीय शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थानों में भारतीय डायस्पोरा के बीच सहयोग की सुविधा हेतु कौनसा एक नया फैलोशिप कार्यक्रम शुरू किया है? **वैश्विक भारतीय वैज्ञानिक (VAIBHAV/वैभव)**
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में 16 जून, 2023 को हुई नेहरू मेमोरियल म्यूजियम एण्ड लाइब्रेरी सोसाइटी की विशेष बैठक में इसका नाम बदलकर क्या रखने का निर्णय लिया गया? **'प्रधानमंत्री संग्रहालय और लाइब्रेरी सोसाइटी'**
- सौर उद्योग के लिए विश्व की अग्रणी प्रदर्शनी 'इंटरसोलर यूरोप-2023' 14-16 जून, 2023 के दौरान कहाँ आयोजित हुई? **म्यूनिख (जर्मनी)**
- भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय ने तकनीकी सहयोग के लिए 2 जून, 2023 को किसके साथ समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया? **भारतीय नौसेना**
- उत्तर कोरिया ने किस सैटेलाइट लॉन्च रॉकेट से देश के पहले जासूसी उपग्रह को 31 मई, 2023 को लॉन्च किया था, जो उसे उसकी नियत कक्षा तक पहुँचाने में असफल रहा? **चोलिमा-1**
- ब्रह्मोस मिसाइल के किस वेरियंट को विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जो तेजस जैसे छोटे लड़ाकू विमानों के लिए उपयोगी होगा? **ब्रह्मोस एनजी (नेक्स्ट जनरेशन)**
- इसरो के चंद्रयान-3 के जुलाई 2023 में प्रस्तावित लॉन्च के चलते किस देश ने अपने मून लैंडर मिशन को स्थगित कर दिया है? **रूस**
- लार्सन एंड टुब्रो (एल एंड टी) और रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने भारतीय नौसेना में किस श्रेणी की पनडुब्बियों के लिए स्वदेशी एआईपी (Air Independent Propulsion) सिस्टम मॉड्यूल विकसित करने हेतु जून 2023 में समझौता किया है? **कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियों के लिए**
- हाल ही अराकू कॉफी और काली मिर्च की फसलों के लिए जैविक प्रमाण-पत्र मिला, इनका सम्बन्ध किस राज्य से है? **आन्ध्र प्रदेश**

# नवीनतम वस्तुनिष्ठ प्रश्न

1. देशभर के दिव्यांगों/उद्यमियों कारीगरों के उत्पादन और शिल्प कला को प्रदर्शित करने के लिए 'दिव्य कला मेला' 29 जून-5 जुलाई, 2023 के दौरान कहाँ आयोजित किया जा रहा है ?
(A) जयपुर (B) भुवनेश्वर
(C) पटना (D) हरिद्वार

2. बर्लिन में 26 जून, 2023 को सम्पन्न विशेष ओलम्पिक ग्रीष्मकालीन खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने कुल कितने पदक हासिल किए?
(A) 196 (B) 202
(C) 213 (D) 233

3. भारत सरकार द्वारा 'हरित हाइड्रोजन' (आईसीजीएच-2023) पर एक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन 5-7 जुलाई, 2023 को कहाँ आयोजित किया जाएगा?
(A) पोर्ट ब्लेयर (B) अगरतला
(C) कोझिकोड़ (D) नई दिल्ली

4. 'इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर मैनेजमेंट डेवलपमेंट' (आईआईएमडी) द्वारा जून 2023 में जारी 'विश्व प्रतिस्पर्धात्मकता रैंकिंग 2023' में भारत को कौनसा स्थान मिला है?
(A) 37वाँ (B) 40वाँ
(C) 43वाँ (D) 46वाँ

5. मुरली श्रीशंकर के बारे में निम्न में से कौनसा कथन सही है-
(A) भारतीय एथलीट मुरली श्रीशंकर ने पेरिस डायमंड लीग में लम्बी कूद का कांस्य पदक जीता है।
(B) उन्होंने लम्बी कूद स्पर्द्धा में 8.09 मीटर की दूरी पार की।
(C) वह लम्बी कूद में डायमंड लीग का कोई भी मेडल जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट हैं।
(D) उपर्युक्त सभी

6. भारत सरकार द्वारा वर्ष 2021 का गांधी शांति पुरस्कार किसे प्रदान किए जाने की घोषणा जून 2023 में की गई है?
(A) एकल अभियान ट्रस्ट (B) डॉ. जूलियस न्येरेरे
(C) गीता प्रेस, गोरखपुर (D) आर्कबिशप डेसमंड टूटू

7. भारत की G-20 अध्यक्षता के तहत् साई-20 समूह का SAI-20 शिखर सम्मेलन 12-14 जून, 2023 को कहाँ सम्पन्न हुआ?
(A) गोवा (B) उदयपुर
(C) बेंगलुरू (D) वाराणसी

8. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में 6 जून, 2023 को दो वर्ष के कार्यकाल के लिए चुने गए 5 नए अस्थायी सदस्यों में से निम्न में से कौनसा एक देश शामिल नहीं है?
(A) सिएरा लियोन (B) यूएई
(C) स्लोवेनिया (D) गुयाना

9. विश्व की सबसे शक्तिशाली हाइपरसोनिक विंड टनल जेएफ-22 का अनावरण किस देश के द्वारा जून 2023 में किया गया?
(A) अमेरिका (B) रूस
(C) जापान (D) चीन

10. ओडिशा में 9-12 जून, 2023 को आयोजित प्रथम जनजातीय खेल महोत्सव में कौनसा राज्य पुरुष और महिला दोनों वर्गों में समग्र चैम्पियन रहा?
(A) ओडिशा (B) कर्नाटक
(C) बिहार (D) झारखण्ड

11. (127वें) फ्रेंच ओपन टूर्नामेंट 2023 में पुरुष एकल वर्ग का खिताब नोवाक जोकोविच ने जीता, यह उनका कौनसा ग्रैंड स्लैम खिताब है?
(A) 22वाँ (B) 21वाँ
(C) 23वाँ (D) 24वाँ

12. विश्व पर्यावरण दिवस प्रतिवर्ष 5 जून को मनाया जाता है। वर्ष 2023 के लिए इस दिवस की थीम क्या थी?
(A) पर्यावरण के लिए पुनर्चक्रण
(B) क्लोरो-फ्लोरो कार्बन से मुक्ति
(C) ओजोन संरक्षण : पर्यावरण रक्षण
(D) प्लास्टिक प्रदूषण का समाधान

13. भारत ने स्वदेश निर्मित इन-सर्विस मिसाइल 'कोरवेट आईएनएस कृपाण' किस देश को उपहार में देने की घोषणा 19 जून, 2023 को की?
(A) बांग्लादेश (B) वियतनाम
(C) सूरीनाम (D) सर्बिया

14. 'आईसीसी विश्वकप 2023; का उद्घाटन और फाइनल मैच किस स्टेडियम में खेला जाएगा?
(A) ईडन गार्डन, कोलकाता
(B) अरुण जेटली स्टेडियम, नई दिल्ली
(C) नरेन्द्र मोदी स्टेडियम, अहमदाबाद
(D) एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरू

15. भारत की एनएचपीसी लिमिटेड किस देश की 480 मेगावाट की 'फुकोट करनाली जल विद्युत परियोजना' के निर्माण में सहायता करेगी?
(A) भूटान (B) म्यांमार
(C) नेपाल (D) श्रीलंका

16. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीवन पर आधारित 5 जून, 2023 को लॉन्च पुस्तक 'अजय टू योगी आदित्यनाथ' के लेखक कौन हैं?
(A) आदर्श पटवर्धन (B) कलाईसेल्वी
(C) शांतनु गुप्ता (D) दक्ष वार्ष्णेय

| उत्तरमाला | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. (A) | 2. (B) | 3. (D) | 4. (B) | 5. (D) | 6. (C) |
| 7. (A) | 8. (B) | 9. (D) | 10. (A) | 11. (C) | 12. (D) |
| 13. (B) | 14. (C) | 15. (C) | 16. (C) | | |